SHARMA HARDWARE
Sharma Gali, SJ Road
Athgaon, Guwahati-01
98648-02947
70025-06581

E-Paper : www.goodluckpublications.com, • www.vbslive.in
हिंदी दैनिक
गुवाहाटी, नई दिल्ली, शिमला और जम्मू से एकसाथ प्रकाशित

राष्ट्र निर्माण में प्रयत्नशील

# विकसित भारत समाचार

वर्ष : 09 | अंक : 283 | गुवाहाटी | गुरुवार, 11 मई, 2023 | मूल्य : 10 रुपए | पृष्ठ : 12 | VIKSIT BHARAT SAMACHAR | Regd. RNI No. ASSHIN/2014/

मंत्री अशोक सिंघल ने किया शिलसांको बील में पानी के जैव-उपचार... पेज 3
मुख्यमंत्री ने एग्रीगेटर्स व डिलीवरी सर्विस प्रोवाइडर्स को रेगुलेट करने के ... पेज 4
मुख्यमंत्री ने की ताबड़तोड़ सभाएं, मायावती सोशल मीडिया तक रहीं सीमित पेज 5
प्रधानमंत्री राइट टू सोशल सिक्योरिटी एक्ट लागू करने पर करें विचार : गहलोत पेज 8

## इटानगर में बंद का पहला दिन सन्नाटा

### इंटरनेट सेवाएं बंद, बंद समर्थकगण को हिरासत में



**इटानगर (हि.स.)।** अरुणाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग (एपीपीएससी) की आयोजित सभी परीक्षाओं को रद्द करने सहित 13 सूत्री मांगों को लेकर पैन अरुणाचल संयुक्त संचालन समिति (पीएजेएसएस) काफी समय से आंदोलनरत है। अब इसी मांग के समर्थन में नारी शक्ति नामक संगठन ने बुधवार से 72 घंटे के इटानगर बंद का आह्वान किया है। बुधवार को इटानगर में बंद का व्यापक प्रभाव देखा गया। इंटरनेट सेवा को अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया गया है। अस्पतालों और कुछ आपातकालीन सेवाओं को छोड़कर इटानगर क्षेत्र पूरी तरह से सुनसान है। इक्का-दुक्का निजी वाहनों के अलावा कोई गाड़ी नहीं चल रहे हैं, दुकानें और सरकारी संस्थान भी पूरी तरह से बंद हैं। पूरी राजधानी सुनसान है। पुलिस प्रशासन ने संभावित हिंसा होने की आशंका को देखते हुए सुरक्षा के बेहद पुख्ता कदम उठाए हैं। बंद का आह्वान करने वालों पर पिछले दो दिनों से लगातार कार्रवाई की जा रही है। पुलिस अधीक्षक रोहित राजबीर सिंह ने बताया है कि मंगलवार शाम तक 14 लोगों को हिरासत में लिया गया है। इस बीच, इटानगर राजधानी क्षेत्र (आईसीआर) के जिला मजिस्ट्रेट तलो पोटम ने बताया कि जिला प्रशासन ने अरुणाचल प्रदेश गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम, 2014 को लागू किया है। उन्होंने कहा कि बंद के आह्वान को हाई कोर्ट ने असंवैधानिक करार दिया है। वर्ष 1997 की सिविल अपील संख्या 7728/29 में भारत के सुप्रीम कोर्ट (सीवीएलवीआरएस भरत कुमार और अन्य) ने किसी भी राजनीतिक दल, संगठन या संघ या समूह या व्यक्ति द्वारा किसी भी बंद के आह्वान को असंवैधानिक और अवैध घोषित किया है। उन्होंने कहा कि इस आहूत बंद अवैध होने के कारण संबंधित के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पोटम ने कहा कि इलाके में धारा 144 भी लागू कर दी गई है। इसके तहत पांच से अधिक लोगों के इकट्ठा होने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। जिलाधिकारी ने कहा कि पुलिस प्रशासन पूरी तरह से सक्रिय है। कानून के तहत पुलिस आदेश का उल्लंघन करने वालों को गिरफ्तार या हिरासत में ले सकती है। बंद का आह्वान करने वाले नेताओं समेत कई लोगों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि अफवाहों को फैलने से रोकने के लिए इंटरनेट सेवा को अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया है। एसडीपीओ कामदम सिकोम ने चेतावनी देते हुए कहा कि कानून का उल्लंघन करने वालों विशेषकर चिकित्सा सेवा से जुड़े लोगों और आम नागरिकों को परेशान करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी बीच मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने राज्य में अशांत स्थिति का समाधान खोजने के लिए बुधवार को इटानगर में नागरिक सचिवालय में पीएजेएसएस के पदाधिकारियों के साथ तीन घंटे की बैठक की। बैठक में राज्य के मुख्य सचिव सहित कुछ शीर्ष अधिकारी भी थे। उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार ने 18 फरवरी को आंदोलनकारी पैन अरुणाचल संयुक्त संचालन समिति की सभी मांगों पर पहले ही सहमति दे दी थी। सरकार के सभी मांगों को पूरा करने के आश्वासन के बावजूद 72 घंटे के बंद का आह्वान क्यों किया गया है।

## सीएम ने माधवदेव कलाक्षेत्र का किया उद्घाटन



**उत्तरी लखीमपुर।** असम के मुख्यमंत्री डॉ हिमंत विश्व शर्मा ने बुधवार को लखीमपुर के नारायणपुर में श्री श्री बडाला अता सत्र में श्रीमंत माधवदेव कलाक्षेत्र का उद्घाटन किया। सांस्कृतिक परिसर के उद्घाटन ने डॉ शर्मा के नेतृत्व वाली भाजपा-अगप-यूपीपीएल गठबंधन सरकार के कार्यालय में दूसरे कार्यकाल की स्मृति को चिह्नित किया। माधवदेव कलाक्षेत्र, जिसकी नींव 2007 में असम के तत्कालीन मुख्यमंत्री तरुण गोगोई ने रखी थी, 53.5 करोड़ रुपए की लागत से लगभग 45 बीघा जमीन पर बना है। यह परियोजना -शेष पृष्ठ दो पर

## गडकरी ने की काजीरंगा एलिवेटेड परियोजना की प्रगति-समीक्षा

**नई दिल्ली (हि.स.)।** केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बुधवार को काजीरंगा एलिवेटेड रोड परियोजना की प्रगति की समीक्षा की। इस संबंध में गडकरी ने ट्वीट कर कहा कि यह पहल भारतीय वन्यजीव संस्थान द्वारा चिन्हित उन स्थलों पर लगभग 34 किलोमीटर तक के ऊंची सड़कों के निर्माण पर बल देती है, जहां से पशु गुजरते हैं। इस परियोजना में लगभग 50 किलोमीटर -शेष पृष्ठ दो पर

## समलैंगिक विवाह के पक्ष में नहीं है असम सरकार



**गुवाहाटी।** असम सहित तीन राज्यों ने भारत में समलैंगिक विवाह को वैध बनाने का विरोध किया है। तीन राज्यों - असम, आंध्र प्रदेश और राजस्थान - ने 18 अप्रैल को केंद्र द्वारा जारी एक पत्र के जवाब में अपने विचार व्यक्त किए हैं, जिसमें सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष समलैंगिक विवाह मामले में उठाए गए मुद्दों के बारे में सभी राज्यों से टिप्पणियां आमंत्रित की गई हैं। असम राज्य ने कहा कि समान-लिंग वाले जोड़ों और एलजीबीटीक्यूआईए+ समुदाय के लिए विवाह की मान्यता राज्य में लागू विवाह और व्यक्तिगत -शेष पृष्ठ दो पर

पूर्वांचल केशरी
(असमीया दैनिक)
PURVANCHAL KESARI
(ASSAMESE DAILY)
GOOD LUCK PUBLICATIONS
House No. 30, D. Neog Path,
ABC, Guwahati - 781005
Mob: 94350 14771, 97070 14771

## पूर्वोत्तर राज्यों में लैंड गवर्नेंस के लिए टास्क फोर्स का होगा गठन




**नई दिल्ली।** केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय ने बुधवार को कहा कि पूर्वोत्तर राज्यों में लैंड गवर्नेंस के लिए एक टास्क फोर्स का गठन किया जाएगा। असम के गुवाहाटी में तीन से चार मई को आयोजित *पूर्वोत्तर राज्यों में भूमि शासन* पर हाल ही में संपन्न राष्ट्रीय सम्मेलन में यह निर्णय लिया गया। असम, त्रिपुरा, मिजोरम और मेघालय राज्यों में प्रादेशिक और स्वायत्त जिला परिषदों ने माना कि क्षेत्र में विकास के लिए भूमि अभिलेखों का डिजिटलीकरण और आधुनिकीकरण आवश्यक है। इस तरह के पहले राष्ट्रीय सम्मेलन में विचार-विमर्श में वर्तमान राज्य प्रथाओं और भूमि अभिलेखों के आधुनिकीकरण, भूमि शासन मूल्यांकन ढांचे और प्रथागत और -शेष पृष्ठ दो पर

## मणिपुर हिंसा : घर लौटने लगे लोग



**इंफाल।** हिंसाग्रस्त मणिपुर में धीरे-धीरे शांति बहाल होने लगी है। लोग अब घरों की ओर लौटने लगे हैं। लोगों में किसी तरह का डर न हो, इसके लिए सेना गांवों में व्यक्तिगत तौर पर लोगों से बातचीत कर रही है। इस बीच, फिर कोई गड़बड़ी नहीं हो इसके लिए सेना, वायुसेना, प्रशासन और असम राइफल्स के जवान चौबीसों घंटे जमीन और आसमान से निगरानी रख रहे हैं। सेना के प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल महेंद्र रावत ने बताया कि मणिपुर में स्थायी शांति के लिए सेना ने सुरक्षा तंत्र को और मजबूत करना शुरू कर दिया है। इस कारण अब धीरे-धीरे शांति लौटने लगी है। जो लोग फंसे हुए हैं, उन्हें निकालने का काम भी जारी है। फिर से कोई घटना नहीं घटे, इसके लिए सेना न केवल भीतरी इलाकों में बल्कि भारत-म्यांमार सीमा पर भी नजर बनाए हुए है। इसके लिए मानव रहित विमान, -शेष पृष्ठ दो पर

## भारतीय कानून में अकेला व्यक्ति भी बच्चा ले सकता है गोद : एससी



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने समलैंगिक विवाह मामले की सुनवाई के दौरान बुधवार को कहा कि भारतीय कानून वैवाहिक स्थिति की परवाह किए बिना अकेले व्यक्ति को भी बच्चा गोद लेने की अनुमति देते हैं। अदालत ने यह भी कहा कि कानून मानता है कि *आदर्श परिवार* के अपने जैविक संतान होने के अलावा भी कुछ विषम स्थितियां हो सकती हैं। राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) ने समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता -शेष पृष्ठ दो पर

door graphy
Premium Quality Fittings
S.S. Traders
Suppliers in : All kinds of Door Fittings Modular Kitchen & Accessories, etc.
D. Neog Path, Near Dona Planet ABC, G.S. Road, Guwahati - 05
97079-99344

## पीएम ने 5500 करोड़ रुपए की परियोजनाओं का किया उद्घाटन



**जयपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज राजस्थान में आज 5500 करोड़ रुपए से अधिक की अधोसंरचना परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इस दौरान जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम ने कहा कि देश में कुछ लोग इतनी नकारात्मकता से भरे हैं कि वह कुछ भी अच्छा होता देखना नहीं चाहते और जो लोग कदम कदम पर हर चीज वोट के तराजू से तोलते हैं वे कभी देश के भविष्य को ध्यान में रखकर योजना नहीं बना पाते। साथ ही उन्होंने कहा कि भारत सरकार, राज्य के विकास से देश के विकास के मंत्र पर विश्वास करती है। प्रधानमंत्री राजसमंद के नाथद्वारा में विभिन्न योजनाओं के शिलान्यास व उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। पीएम ने कहा कि मैं इन विकास परियोजनाओं के लिए राजस्थान के लोगों को बधाई देता हूं। हमारी सरकार राजस्थान में आधुनिक -शेष पृष्ठ दो पर

## कर्नाटक विस चुनाव में 65.69 फीसदी वोटिंग



**बेंगलुरु।** कर्नाटक विधानसभा चुनाव के लिए मतदान बुधवार बुधवार शाम छह बजे समाप्त हो गया और पांच बजे तक करीब 65.69 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया। निर्वाचन आयोग के अधिकारियों के मुताबिक अब तक, रामनगर में सबसे अधिक 78.22 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया है जबकि बृहद बेंगलुरू महानगर पालिका क्षेत्र (बेंगलुरू शहर के हिस्सा) में सबसे कम 48.63 प्रतिशत दर्ज किया गया। कर्नाटक की 224 विधानसभा सीटों के लिए मतदान सुबह सात बजे शुरू हुआ, जो शाम छह बजे तक जारी रहा। कर्नाटक में -शेष पृष्ठ दो पर

### एग्जिट पोल : भाजपा और कांग्रेस दोनों बहुमत से दूर जेडीएस बनेगी किंगमेकर

**बेंगलुरू।** कर्नाटक में 224 विधानसभा सीटों पर 10 मई को मतदान किया गया है। यहां पर भाजपा और कांग्रेस ने एड़ी चोटी का जोर लगाकर चुनाव प्रचार किया है। भाजपा ने सत्ता में वापसी के लिए पूरी ताकत लगाई है तो वहीं कांग्रेस ने इसे हासिल करने के लिए जमकर चुनावी वादे किए हैं। मतदान के बाद कर्नाटक चुनाव के एग्जिट पोल सामने -शेष पृष्ठ दो पर

### सुप्रभात

*एक समझदार आदमी को सारस की तरह होश से काम लेना चाहिए और जगह, वक्त और अपनी योग्यता को समझते हुए अपने कार्य को सिद्ध करना चाहिए।*

**- आचार्य चाणक्य**

### न्यूज गैलरी

#### रेडियो पाकिस्तान में आग, कुरैशी भी गिरफ्तार

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के उपाध्यक्ष शाह महमूद कुरैशी को बुधवार को गिरफ्तार कर लिया गया। पीटीआई के महासचिव असद उमर को पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए जाने के घंटों बाद ये कार्रवाई हुई। पीटीआई के अध्यक्ष इमरान खान की गिरफ्तारी के कारण देशभर में हिंसक विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। देशव्यापी विरोध के बीच अधिकारियों -शेष पृष्ठ दो पर

## पाकिस्तान : पेशावर में चार की मौत, पंजाब बलूचिस्तान और खैबर पख्तूनख्वा में सेना



**इस्लामाबाद (हि.स.)।** पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के अध्यक्ष इमरान खान की नाटकीय गिरफ्तारी के बाद देश में राजनीतिक अशांति बढ़ गई है। इस बीच खैबर पख्तूनख्वा, पंजाब और बलूचिस्तान में सेना को बुलाया गया है क्योंकि हिंसा में चार लोगों की मौत हो गई और कई घायलों को पेशावर के अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार पुलिस ने पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की भ्रष्टाचार के आरोप में गिरफ्तारी के बाद हिंसा के आरोप में उनके सैकड़ों समर्थकों को गिरफ्तार किया है। लेडी रीडिंग हॉस्पिटल (एलएचआर) के एक प्रवक्ता के अनुसार आपातकालीन कक्ष के डॉक्टरों को गोलियों से छलनी चार शव मिले हैं जबकि 27 अन्य का इलाज चल रहा है। गृह मंत्रालय ने सैनिकों की दस कंपनियों को मंजूरी देकर सहायता के लिए पंजाब सरकार के अनुरोध को मंजूरी दे दी है, जिसमें कहा गया है कि सेना कानून, व्यवस्था और शांति बहाल करने के लिए जिला प्रशासन के साथ काम करेगी। संघीय आंतरिक मंत्रालय -शेष पृष्ठ दो पर

## मरीज ने डॉक्टर की जान ली हड़ताल पर मेडिकल छात्र



**तिरुवनंतपुरम।** केरल के एक अस्पताल में डॉक्टर की हत्या करने का मामला सामने आया है। जानकारी के मुताबिक डॉक्टर की हत्या करने वाला कोई और नहीं, बल्कि उसका ही मरीज था। डॉक्टर की पहचान वंदना दास के रूप हुई है। बताया जा रहा है कि बुधवार सुबह एक मरीज ने 23 साल की वंदना दास को सर्जिकल कैंची से हमला करके मार डाला। घटना कोट्टारक्कारा तालुक अस्पताल की बताई जा रही है। डॉक्टर पर हमला करने वाला मरीज एक आरोपी बताया जा रहा है जिसे पुलिस -शेष पृष्ठ दो पर

**CLASSIFIED**

For all kinds of classified advertisements please contact

**97070-14771**
**86382-00107**

**MURTI AVAILABLE**

Available all kinds of Marble & White Metal Murties, Ganesh Laxmi, Radha Krishna, Bishnu-Laxmi, Hanuman, Maa Durga, Saraswati, Shivling, Nandi etc. **ARTCLE WORLD,** S-29, 2nd Floor, Shoppers Point, Fancy Bazar, Guwahati-01, **Ph. : 94350-48866, 94018-06952**

# अब से संसद के कर्मचारियों को दिखाया जाएगा लोकतंत्र का मंदिर

**नई दिल्ली।** संसद में वर्षों से सेवा दे रहे कर्मचारियों में बड़ी संख्या में ऐसे कर्मी हैं जो *लोकतंत्र के मंदिर* कहलाने वाली देश के सर्वोच्च निकाय के लोकसभा, राज्यसभा और केंद्रीय कक्ष जैसे विभिन्न अंगों को नहीं देख पाए हैं। लोकसभा सचिवालय अब अपने ऐसे ही कर्मचारियों को संसद भवन दिखाने की व्यवस्था करने जा रही है। सूत्रों ने बताया कि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के निर्देश पर सचिवालय के कर्मचारियों एवं अधिकारियों के लिए अप्रैल के अंतिम सप्ताह में आयोजित चिंतन शिविर का आयोजन किया गया था जिसमें यह मुद्दा उठा था। इसमें यह बात सामने आई थी कि सचिवालय में वर्षों से काम करने के बावजूद बड़ी संख्या में कर्मचारियों को संसद भवन को पूरी तरह से देखने का मौका नहीं मिला है। सूत्रों ने बताया कि लोकसभा महासचिव के समक्ष प्रस्तुति के दौरान भी यह बात सामने आई। इसके बाद लोकसभा अध्यक्ष ने उपयुक्त कदम उठाने को कहा। लोकसभा सचिवालय के लोकतंत्र के लिए संसदीय शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान (प्राइड) ने चार मई 2023 को जारी परिपत्र में लोकसभा सचिवालय के कर्मचारियों/अधिकारियों को संसद भवन दिखने की व्यवस्था करने संबंधी निर्देश जारी किया। सर्कुलर में कहा गया है कि लोकसभा सचिवालय के कर्मियों के लिए प्राइड द्वारा नियमित रूप से भोजनावकाश के दौरान संसद भवन (लोकसभा, राज्यसभा और केंद्रीय कक्ष) दिखाने की व्यवस्था की जायेगी। लोकसभा सचिवालय ने कहा है कि इस पहल का आयोजन ऐसे कर्मचारियों के लिए किया जा रहा है जिन्हें वर्षों से सचिवालय में काम करने के बावजूद संसद भवन को पूरी तरह से देखने का अवसर नहीं मिला है। सर्कुलर के अनुसार, सचिवालय के कर्मियों को संसद भवन दिखाने के कार्यक्रम में प्रत्येक बैच में 20-30 कर्मचारी होंगे। सचिवालय ने इच्छुक कर्मचारियों से अपना अनुरोध प्राइड को भेजने को कहा है। गौरतलब है कि लोकसभा सचिवालय ने अपने अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए चिंतन शिविर का आयोजन 24 और 25 अप्रैल 2023 को संसद परिसर में किया था।

# कामरूप जिला विकास संघ की बैठक आयोजित



**रंगिया (विभास)।** कामरूप जिले के जिला विकास समिति के मई महीने की बैठक आज जिला विकास आयुक्त नर्सिंग बे की अध्यक्षता में एकीकृत उपायुक्त कार्यालय के बैठक कक्ष में आयोजित हुई। इस बैठक में जिले के विभिन्न विभागों के शीर्ष अधिकारियों ने भाग लेकर विभिन्न विभागों द्वारा गठित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। साथ ही गत अप्रैल माह में हुई बैठक में विभिन्न विभागों को दिये गए निर्देशों की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में कृषि, स्वास्थ्य, पशुपालन एवं पशु चिकित्सा, जल संसाधन, लोक निर्माण (भवन), आदि विभागों द्वारा जारी योजनाओं की गहन समीक्षा की गई। बैठक में जिला उद्यम एवं वाणिज्यिक केन्द्रों, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, पशुपालन एवं पशु चिकित्सा, नगरीय एवं ग्राम परिकल्पना, हस्तशिल्प एवं वस्त्र, मछली, भूमि संरक्षण विभागों को पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से विभागों द्वारा जारी विभिन्न योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। जिला विकास आयुक्त ने विभागों को योजनाओं को निर्देश के अनुरूप कार्य करने का निर्देश दिए। साथ ही जिले के अर्थव्यवस्था एवं सांख्यिकी विभाग ने विभिन्न जानकारियां एकत्रित कर आगामी बैठक में प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। बैठक में उन्होंने श्रम कल्याण विभाग पूरे जिले की जानकारी एकत्रित कर आगामी बैठक में रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश देगा।

## तीन करोड़ रुपए का कफ सिरप बरामद

**करीमगंज (हिंस)।** असम-त्रिपुरा सीमावर्ती इलाके में नशीले पदार्थों की बरामदगी का सिलसिला जारी है। गत तीन दिनों में दो करोड़ छह लाख रुपए के नशीले पदार्थों की बरामदगी के बाद एक बार फिर से करीमगंज जिला के चुराईबाड़ी में असम-त्रिपुरा अंतरराज्यीय सीमा चेक गेट पर तीन करोड़ रुपए का नशीला कफ सिरप फेंसिडिल बरामद किया गया है। साथ ही उत्तर प्रदेश निवासी कंटेनर चालक जिलानी शाह, सह चालक अनाश एवं अबरार को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# फकीराग्राम में कवि गुरु का मना 162वां जन्मोत्सव



**कोकराझाड़ (विभास)।** कोकराझाड़ जिले के फकीराग्राम महाविद्यालय के ऑडिटोरियम हॉल में रवींद्रनाथ ठाकुर स्टडी सेंटर ने विश्व कवि रवींद्रनाथ ठाकुर के 162वां जन्मोत्सव मनाया। कार्यक्रम का आयोजन जया दे के नेतृत्व में किया गया। इस कार्यक्रम की शुरुवात गाने के साथ फकीराग्राम महाविद्यालय की सहायक प्रोफेसर स्मिता देवी ने किया। इसके बाद स्वागत भाषण रवींद्रनाथ ठाकुर स्टडी सेंटर फकीराग्राम महाविद्यालय के को-ऑर्डिनेटर डॉ. छनादा साहा राय ने की। उद्घाटन भाषण फकीराग्राम महाविधायालय के संस्थापक प्रचार्य प्रशांत कुमार साहा राय ने किया। इसके बाद एक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें छात्र-छात्राओ के साथ डॉ. रंजीत कुमार दास, डॉ. मनोज कुमार ब्रह्म, डॉ. आदित्य चंद्र डेका, उपस्थित थे। अंत में वोट ऑफ थेंक्स फकीराग्राम महाविद्यालय के सहायक प्रोफेसर डॉ. मनोरंजन राय ने दिया।

## वन विभाग ने अवैध लकड़ी मिलों को किया सील

**बरपेटा (हिंस)।** सेंगा में बुधवार को अवैध लकड़ी मिलों के खिलाफ वन विभाग ने कार्रवाई की। वन विभाग ने अवैध लकड़ी की चार मिलों को सील कर मशीनों को जब्त कर लिया है। बरपेटा रोड वन परिक्षेत्र अधिकारी प्रशांत गोगोई के नेतृत्व में बुधवार को सेंगा मुस्लिम गांव में एक अवैध लकड़ी मिल को सील किया गया। वन विभाग की टीम ने बरपेटा और बहरी प्रखंड वन अधिकारियों के सहयोग से छापेमारी कर लकड़ी की अवैध मिल में इस्तेमाल होने वाली मशीनरी, आरा, जनरेटर आदि को जब्त कर लकड़ी मिल को पूरी तरह से नष्ट कर दिया।

NO. MDJ.55/2023/739

**NOTICE INVITING e-TENDER**

**The Superintendent, District Jail, Mangaldai, Darrang, Assam invites e-Tenders in two Bid System (Technical Bid & Financial Bid) affixing Court Fee Stamp of Rs.8.25 from the Supplier/Firms/Dealer for supply of Non Dietary articles ( i.e. Group- E ) required for District Jail, Mangaldai, Darrang of Assam for the Financial Year-2023-24 through the e-Tender portal https://assamtenders.gov.in on or before 18-05-2023 up to 2:00 P.M.**

The Tender documents/Bid indicating the details of specification of the Group-E articles, term and conditions etc. can be downloaded from the Govt. Website https://assamtenders.gov.in.

The participating bidders should have valid Digital Signature Certificate of Class-III (Minimum) and have to register in the portal https://assamtenders.gov.in.

**Date of Publication of e-tender :- 09.05.2023**

**Last Date & Time for online submission of Tenders :-18.05.2023 at 2:00 P.M.**

**Last Date & Time for submission of Hard copy of Technical Bid :- 18.05.2023 at 2:00 P.M.**

**Date & Time of opening e-Tenders :- 18.05.2023 at 3.00 P.M.**

Sd/-
Superintendent
District Jail, Mangaldai

*-- Janasanyog /C/2375/23*

# पृष्ठ एक का शेष

## सीएम ने माधवदेव ...

2021 तक निष्क्रिय अवस्था में रही, जब मुख्यमंत्री डॉ शर्मा की पहल पर इसे फिर से शुरू किया गया। सांस्कृतिक परिसर का उद्घाटन करते हुए, असम के मुख्यमंत्री ने कलाक्षेत्र में कलाकारों की प्रदर्शनी का दौरा किया और सभी से माधबदेव कलाक्षेत्र को एक आकर्षक और उत्तरी असम में सबसे आकर्षक स्थानों में से एक बनाने का आग्रह किया। डॉ शर्मा ने उस अवसर पर नारायणपुर एचएस स्कूल के खेल के मैदान में आयोजित एक जनसभा को भी संबोधित किया। बैठक को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी धर्मों का उद्देश्य मानव समाज की मुक्ति का मार्ग प्रशस्त करना है। उन्होंने यह भी कहा कि माधवदेव कलाक्षेत्र देश के सांस्कृतिक क्षेत्र में चमकेगा। उद्घाटन समारोह में राज्य के कृषि मंत्री अतुल बोरा, सांस्कृतिक मामलों के मंत्री बिमल बोरा, तेजपुर के सांसद पल्लब लोचन दास, लखीमपुर के सांसद प्रदान बरुआ, लखीमपुर के विधायक मनब डेका, बिहपुरिया के विधायक डॉ अमिया कुमार भुइयां, ढकुवाखोना के विधायक नबा कुमार दलै, श्री के सत्राधिकारी ने भाग लिया। साथ ही श्री उत्तर कमलबाड़ी सत्र के जनार्दन गोस्वामी, श्रीमंत शंकरदेव कलाक्षेत्र के सचिव सुदर्शन ठाकुर एवं गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे।

## गडकरी ने की ...

कुल लंबाई वाली 4-लेन के राजमार्ग के बीच की एट-ग्रेड सड़क को चौड़ा करना और लगभग तीन किलोमीटर तक फैली सुरंगों का निर्माण करना शामिल है। गडकरी ने कहा कि लागत अनुकूलन प्रयासों के अंतर्गत, उन्होंने निर्देश दिया है कि सुरंगों के निर्माण को एक अलग परियोजना के रूप में माना जाए और उनके निर्माण से निकलने वाले मलबे का उपयोग सड़क निर्माण कार्यों में किया जाए। गडकरी ने कहा कि उन्होंने पर्यटकों को वन्य संपदा देखने का अवसर प्रदान करने के लिए, वाहन पार्किंग और कियोस्क के साथ एलिवेटेड रोड पर दर्शक प्लेटफॉर्म शामिल करने का सुझाव दिया है।

## समलैंगिक विवाह के ...

कानूनों से संबंधित कानूनों की वैधता को चुनौती देती है। इसमें कहा गया है कि जहां यह मामला एक सामाजिक परिघटना के रूप में विवाह की संस्था के विभिन्न पहलुओं पर व्यापक चर्चा की मांग करता है, वहीं समाज के विभिन्न वर्गों में विवाह की कानूनी समझ दो व्यक्तियों के बीच एक समझौते या अनुबंध के रूप में रही है। न की विपरीत लिंग के। इसके अलावा, यह कहा गया है कि कानून केंद्र और राज्यों दोनों में विधायिका का विशेषाधिकार है, और इस बात पर जोर दिया गया है कि अदालतों को हमारे लोकतांत्रिक ढांचे के मूल सिद्धांतों के अनुसार कानून से संबंधित मामलों को देखना चाहिए। पत्र में यह भी कहा गया है कि विवाह, तलाक और सहायक विषय संविधान की समवर्ती सूची की प्रविष्टि 5 के अंतर्गत आते हैं और राज्य विधानमंडल के अधिकार क्षेत्र में आते हैं। तदनुसार, असम सरकार ने मामले में याचिकाकर्ता द्वारा उठाए गए विचारों का विरोध किया और अपने विचारों को आगे रखने के लिए समय मांगा। इस बीच, आंध्र प्रदेश राज्य ने सूचित किया कि उसने राज्य में विभिन्न धर्मों के धार्मिक प्रमुखों से परामर्श किया था, जिनमें से सभी ने समलैंगिक विवाहों को कानूनी मान्यता दिए जाने के विचार का विरोध किया था। इसलिए, इसने कहा कि यह समलैंगिक विवाह और/या एलजीबीटीक्यूआईए+ समुदाय से संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ है। दूसरी ओर राजस्थान सरकार ने कहा कि सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग, राजस्थान की एक रिपोर्ट के अनुसार, समलैंगिक विवाह सामाजिक ताने-बाने में असंतुलन पैदा करेगा, जिसके सामाजिक और पारिवारिक व्यवस्था के लिए दूरगामी परिणाम होंगे। इस संदर्भ में सरकार ने प्रदेश के सभी जिलाधिकारियों को पत्र भेजकर उनके विचार जाने। कलेक्टरों का विचार था कि समान लिंग-विवाह के संबंध में प्रावधान नहीं होना चाहिए क्योंकि यह प्रथा प्रचलित नहीं है और जनमत के खिलाफ है, राज्य ने कहा। इसके अलावा, यह कहा गया कि यदि जनता की राय समलैंगिक विवाहों के पक्ष में होती, तो इसे राज्य विधानमंडल द्वारा संबोधित किया जाता। इसलिए, राज्य ने समान-सेक्स विवाहों का विरोध किया लेकिन साथ में यह भी कहा कि दो समलैंगिक व्यक्तियों का एक-दूसरे के साथ रहना गलत नहीं था।

## पूर्वोत्तर राज्यों में ...

स्वदेशी कानूनों, भूमि रिकॉर्ड आधुनिकीकरण में वर्तमान प्रथाओं और नई पहल और भारत में सर्वेक्षण की भूमिका पर पर सत्र शामिल था। ग्रामीण विकास मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि हालांकि, असम के बाकी हिस्सों में भू-अभिलेखों और नक्शों के कंप्यूटरीकरण और डिजिटलीकरण की पहल ने अच्छी प्रगति दिखाई है, लेकिन यह देखा गया कि बोडोलैंड प्रादेशिक परिषद, कार्बी आंग्लांग स्वायत्त जिला परिषद और डीमा हसाओ स्वायत्त जिला परिषद के तहत आने वाले क्षेत्रों में गंभीर अंतर हैं। बोडोलैंड भूमि नीति तैयार की जा रही है और शीघ्र ही इसे अंतिम रूप दिए जाने की उम्मीद है। कार्बी आंग्लांग क्षेत्रों में सर्वेक्षण और निपटान नहीं किया गया है। मंत्रालय ने कहा कि हालांकि डीमा हसाओ स्वायत्त जिला परिषद ने असम भूमि नियमन अधिनियम को अपनाया है, लेकिन भूमि के बड़े हिस्से में गैर-कैडस्ट्राल क्षेत्र है और आवश्यकता महसूस की गई कि इन क्षेत्रों का सर्वेक्षण किया जाए। बयान में कहा गया है कि त्रिपुरा जनजातीय क्षेत्र स्वायत्त परिषद में छठी अनुसूची और 10 प्रथागत कानूनों के तहत आठ जिले और लगभग 10,000 वर्ग किमी हैं। छठी अनुसूची के लाई स्वायत्त जिला परिषद क्षेत्रों में, क्षेत्रों के सर्वेक्षण / पुनर्सर्वेक्षण के लिए एक आवश्यकता महसूस की गई है। भूमि संसाधन विभाग के सचिव अजय तिर्की ने कहा कि उन्हें लगा कि उत्तर-पूर्वी राज्यों में विभिन्न स्वायत्त जिला परिषदों की आवश्यकता उनके भूमि रिकॉर्ड को डिजिटाइज और आधुनिक बनाने की है, यह आगे बढ़ने का एक तरीका है। संवैधानिक ढांचे और स्थापित कानूनों के भीतर परिषदों का समर्थन करने के लिए सभी प्रयास किए जाएंगे। बयान में कहा गया है कि इस दिशा में एक कदम आगे बढ़ते हुए, बोडोलैंड प्रादेशिक परिषद ने भूमि अभिलेखों के डिजिटलीकरण और आधुनिकीकरण के लिए एक प्रस्ताव रखा था और भूमि संसाधन विभाग ने इसे विधिवत मंजूरी दे दी थी।

## मणिपुर हिंसा : घर ...

वायु सेना के एमआई 17 और चीता हेलीकॉप्टरों से दिन-रात निगरानी रखी जा रही है। सेना के जवान लगातार फ्लैग मार्च कर रहे हैं। मणिपुर में करीब 128 सेना और असम राइफल्स की टुकड़ियों, मानव रहित विमान और हेलीकॉप्टर इस कार्रवाई में लगाए गए हैं। इस बीच, सेना ने लोगों में विश्वास जगाने के उद्देश्य से गांव-गांव जाकर एक-एक व्यक्ति से बातचीत शुरू की है। सेना ने सभी से अपील की है कि अराजक तत्व फिर से माहौल को बिगाड़ने की कोशिश कर सकते हैं। इसलिए किसी भी अफवाह पर विश्वास न करें। किसी भी तरह की गलत या भड़काउ बयानबाजी से भी बचने की सलाह दी है। मणिपुर हिंसा के दौरान ऑपरेशन कोहिमा कॉलिंग के तहत असम राइफल्स, *पूर्वोत्तर लोगों के मित्र* ने मणिपुर संकट के दौरान छह से दस मई के बीच 1229 लोगों को निकाला और सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाया। रक्षा प्रवक्ता ने बताया कि मणिपुर में जारी तनावपूर्ण स्थिति के बीच मणिपुर में नागालैंड के कई लोग फंसे हुए थे। इन लोगों को सुरक्षित निकालने के लिए स्पीयर कॉर्प्स के तत्वावधान में असम राइफल्स ने दो चरणों में *ऑपरेशन कोहिमा कॉलिंग* चलाया। पहले चरण में 676 व्यक्तियों और दूसरे चरण के दौरान 553 व्यक्तियों को निकाला गया। दूसरे चरण योरिपोक की 47 कोन्याक लड़कियों को निकाला गया। जानकारी के मुताबिक बचाव दल इन लड़कियों को निकालने के लिए थौबल जिले के अंदरूनी इलाकों में गया था। ये सभी एक फैक्ट्री में काम करती थीं।

## भारतीय कानून में ...

देने संबंधी याचिकाओं की सुनवाई के दौरान न्यायालय के समक्ष दलील दी कि लिंग की अवधारणा *परिवर्तनशील* हो सकती है, लेकिन मां और मातृत्व नहीं। आयोग ने विभिन्न कानूनों में बच्चे का कल्याण सर्वोपरि रखे जाने का उल्लेख करते हुए प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच-सदस्यीय संविधान पीठ को बताया कि यह कई फैसलों में कहा गया है कि बच्चे को गोद लेना मौलिक अधिकार नहीं है। एनसीपीसीआर एवं अन्य की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने पीठ से कहा कि हमारे कानूनों की संपूर्ण संरचना स्वाभाविक रूप से विषमलैंगिक व्यक्तियों से पैदा हुए बच्चों के हितों की रक्षा और कल्याण से संबंधित है और सरकार विषमलैंगिकों तथा समलैंगिकों के साथ अलग-अलग व्यवहार करने में न्यायसंगत है। भाटी ने कहा कि बच्चों का कल्याण सर्वोपरि है। पीठ ने कहा कि यह तथ्य सही है कि एक बच्चे का कल्याण सर्वोपरि है। पीठ में न्यायमूर्ति एस.के. कौल, न्यायमूर्ति एस.आर. भट्ट, न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति पी.एस. नरसिम्हा भी शामिल हैं। सीजेआई ने कहा कि देश का कानून विभिन्न कारणों से गोद लेने की अनुमति प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि यहां तक कि एक अकेला व्यक्ति भी बच्चा गोद ले सकता है। ऐसे पुरुष या महिला, एकल यौन संबंध में हो सकते हैं। यदि आप संतानोत्पत्ति में सक्षम हैं तब भी आप बच्चा गोद ले सकते हैं। जैविक संतानोत्पत्ति की कोई अनिवार्यता नहीं है। पीठ ने कहा कि कानून मानता है कि *आदर्श परिवार* के अपने जैविक संतान होने के अलावा भी कुछ स्थितियां हो सकती हैं। शीर्ष अदालत ने पूछा कि विषमलैंगिक विवाह के दौरान यदि पति या पत्नी की मृत्यु हो जाती है, तो ऐसी सूरत में क्या होगा। समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता देने संबंधी याचिकाओं पर पीठ के समक्ष नौवें दिन सुनवाई जारी रही।

## पीएम ने 5500 करोड़ ...

इंफ्रास्ट्रक्चर उपलब्ध कराने पर ध्यान दे रही है। पीएम मोदी ने किसी का नाम लिए बिना कहा कि हमारे देश में कुछ लोग ऐसी विकृत विचारधारा के शिकार हो चुके हैं, इतनी नकारात्मकता से भरे हुए हैं कि देश में कुछ भी अच्छा होता हुआ वह देखना ही नहीं चाहते और उन्हें सिर्फ विवाद खड़ा करना ही अच्छा लगता है। मोदी ने कहा कि आपने कुछ सुना होगा, जैसे कुछ लोग उपदेश देते हैं कि आटा पहले या डाटा पहले, सड़क पहले या सैटेलाइट पहले... । लेकिन इतिहास गवाह है कि स्थाई विकास के लिए, तेज विकास के लिए मूल व्यवस्थाओं के साथ ही आधुनिक अवसंरचना बनाना भी जरूरी होता है। उन्होंने कहा कि जो लोग कदम कदम पर हर चीज वोट के तराजू से तोलते हैं वे कभी देश के भविष्य को ध्यान में रखकर योजना नहीं बना पाते। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि हमारे देश में इसी सोच की वजह से अवसंरचना के निर्माण को प्राथमिकता नहीं दी गई। इसका बहुत नुकसान देश ने उठाया है। अगर पहले ही पर्याप्त संख्या में मेडिकल कॉलेज बन गए होते तो देश में डॉक्टरों की इतनी कमी नहीं होती। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत सरकार राज्य के विकास से, देश के विकास के मंत्र पर विश्वास करती है।

## कर्नाटक विस चुनाव ...

सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), कांग्रेस और पूर्व प्रधानमंत्री एच डी देवेगौड़ा की जनता दल (सेक्युलर) के बीच त्रिकोणीय मुकाबला माना जा रहा है। बेंगलुरू के कुछ मतदान केंद्रों पर शुरुआती घंटों में तेज मतदान देखा गया जहां बुजुर्ग मतदाता भी बड़ी संख्या में नजर आए। आज मतदान करने वाले प्रमुख लोगों में पूर्व प्रधानमंत्री देवेगौड़ा, केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, केंद्रीय संसदीय मामलों के मंत्री प्रह्लाद जोशी, मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई, पूर्व मुख्यमंत्री बी एस येदियुरप्पा, डी वी सदानंद गौड़ा के साथ ही सिद्धरमैया और जगदीश शेट्टर, आईटी उद्योग के दिग्गज एन आर नारायण मूर्ति एवं उनकी पत्नी सुधा मूर्ति शामिल हैं। कर्नाटक में 2018 के विधानसभा चुनाव में 72.36 प्रतिशत मतदान हुआ था। इससे पहले, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कर्नाटक के लोगों से राज्य विधानसभा चुनाव में बड़ी संख्या में मतदान करने और लोकतंत्र के उत्सव को समृद्ध करने का आह्वान किया। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने भी कर्नाटक के लोगों से अपील की है कि वे ज्यादा से ज्यादा संख्या में मतदान करें और *40 प्रतिशत कमीशन* मुक्त, प्रगतिशील कर्नाटक का निर्माण करें। इस बीच, राज्य में कुछ स्थानों पर हिंसा की खबरें हैं। निर्वाचन आयोग ने कहा कि विजयपुरा जिले के मसाबिनल के ग्रामीणों ने बुधवार को इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) ले जा रहे एक चुनाव ड्यूटी वाहन को रोक दिया तथा एक अधिकारी के साथ मारपीट की एवं नियंत्रण और मतपत्र इकाइयों को क्षतिग्रस्त कर दिया। आयोग के अनुसार इस संबंध में 23 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार मसाबिनल गांव में यह *अफवाह* फैली कि अधिकारी ईवीएम और वीवीपीएटी (वोटर वेरिफिएबल पेपर ऑडिट ट्रेल) मशीन *बदल रहे* हैं। पुलिस के अनुसार बेंगलुरू के पद्मनाभनगर विधानसभा क्षेत्र के पपीया गार्डन स्थित एक मतदान केंद्र पर लाठी-डंडों से लैस कुछ युवकों ने अपने राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों पर हमला किया। बेल्लारी जिले के संजीवरायणकोट में कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कुछ कार्यकर्ता आपस में भिड़ गए।

## एग्जिट पोल : भाजपा और..

आ रहे हैं। *टीवी9 भारतवर्ष* ने पोल स्टार्ट के साथ मिलकर प्रदेश में सर्वे किया है। इस सर्वे के बाद जो एग्जिट पोल सामने आ रहे हैं उसके अनुसार किसी भी पार्टी को राज्य में स्पष्ट बहुमत नहीं मिल रहा है। वहीं *टीवी9 कन्नड़* ने सी वोटर के साथ मिलकर राज्य में सर्वे किया है इसके अनुसार भी राज्य में किसी भी पार्टी को स्पष्ट बहुमत नहीं मिल रहा है। दोनों ही सर्वे में शाम 4 बजे तक के रुझान लिए गए हैं। कर्नाटक चुनाव में *टीवी9 भारतवर्ष* पोल स्टार्ट के एग्जिट पोल के मुताबिक भाजपा को 88-98 सीटें मिल रही हैं। वहीं कांग्रेस को इस सर्वे में 99-109 सीटें दी गई हैं। एग्जिट पोल के मुताबिक जेडीएस को 21-26 सीटें मिलने के आसार हैं। सर्वे में अन्य उम्मीदवारों को 4 सीटें दी गई हैं। वहीं दूसरी ओर टीवी9 कन्नड़ सी वोटर के एग्जिट पोल के मुताबिक भाजपा को 83-95 सीटें मिल रही हैं और कांग्रेस को 100-112 सीटें मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। इस सर्वे के अनुसार जेडीएस को 21 से 29 सीटें मिल सकती हैं और अन्य उम्मीदवार 2-6 सीटें तक ले जा सकते हैं। इन दोनों ही सर्वे के मुताबिक किसी भी पार्टी को राज्य में जनता पूर्ण बहुमत नहीं दे रही है। ऐसे में कांग्रेस और भाजपा के साथ-साथ जेडीएस पर भी सरकार बनाने के लिए सभी की नजरे जमी होंगी।

## पाकिस्तान : पेशावर में ...

द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि सैनिकों की सही संख्या/संपत्ति, तैनाती की तारीख और क्षेत्र का निर्धारण प्रांतीय सरकार द्वारा एमओ निदेशालय, जीएचक्यू के परामर्श से किया जाएगा। अधिसूचना में कहा गया है कि उक्त तैनाती की गैर-आवश्यकता की तारीख दोनों हितधारकों के बीच पारस्परिक परामर्श के बाद बाद में तय की जाएगी। एक अलग बयान में पंजाब पुलिस ने कहा कि प्रांत में सरकारी संपत्ति, पुलिस बल और कानून प्रवर्तन एजेंसियों पर हमला करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। अधिसूचना में कहा गया है कि पूरे प्रांत में हिंसक कृत्यों, तोड़फोड़, सार्वजनिक और निजी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने वाले उपद्रवियों को गिरफ्तार किया गया है। हिंसा के दौरान हमले में 130 से अधिक पुलिस अधिकारियों और कानून प्रवर्तन कर्मी *गंभीर रूप से घायल* हुए हैं। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार पुलिस टीमों ने पूरे प्रांत से 945 कानून तोड़ने वालों और उपद्रवियों को गिरफ्तार किया है। पंजाब पुलिस के प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस और सरकारी एजेंसियों के 25 से अधिक वाहनों को नष्ट कर दिया गया या जला दिया गया। उन्होंने यह भी जानकारी साझा की है कि प्रदर्शनकारियों ने 14 से अधिक सरकारी भवनों पर हमला किया, लूटपाट की और सरकारी संपत्ति को गंभीर नुकसान पहुंचाया। इसके अलावा, पंजाब के महानिरीक्षक (आईजी) डॉ उस्मान अनवर ने यह जानकारी साझा की कि राज्य और कानून की रिट को चुनौती देने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## रेडियो पाकिस्तान में ...

ने पार्टी के नेतृत्व पर कार्रवाई की। मामले से वाकिफ लोगों ने बताया कि कुरैशी को मेंटेनेंस ऑफ पब्लिक ऑर्डर ऑर्डिनेंस, 1960 की धारा 3 के तहत 15 दिनों के लिए हिरासत में लिया गया है। एक रिपोर्ट के अनुसार कुरैशी और उमर दोनों को संघीय राजधानी में सचिवालय पुलिस स्टेशन में स्थानांतरित कर दिया गया है, साथ ही पुलिस पीटीआई के वरिष्ठ उपाध्यक्ष फवाद चौधरी को भी गिरफ्तार करने की कोशिश कर रही है। पुलिस का कहना है कि पंजाब में दंगों और हिंसा के आरोपों में और 100 लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जिसके बाद जारी विरोध प्रदर्शनों के बीच कुल गिरफ्तारियों की संख्या 1,050 से अधिक हो गई है। पंजाब पुलिस के प्रवक्ताओं द्वारा जारी एक बयान में कहा गया है कि उपद्रवियों की पहचान करने और उन्हें गिरफ्तार करने के लिए वीडियो और सीसीटीवी फुटेज का उपयोग किया जा रहा है। पेशावर में रेडियो पाकिस्तान के मुख्यालय में आग लगा दी गई क्योंकि पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के समर्थकों ने उनकी गिरफ्तारी का विरोध जारी रखा। गुस्साए प्रदर्शनकारियों ने कार्यालय में तोड़फोड़ करने के बाद इमारत के कुछ हिस्सों में आग लगा दी। रेडियो पाकिस्तान पाकिस्तान में सबसे पुराना मौजूदा प्रसारण नेटवर्क है।

## मरीज ने डॉक्टर की ...

इलाज के लिए अस्पताल लेकर आई थी। जानकारी के मुताबिक पुलिस उसके पैर में लगी चोट की ड्रेसिंग करवाने के लिए अस्पताल लेकर आई थी। बताया जा रहा है कि इलाज के दौरान ही उसने टेबल पर पड़ी सर्जिकल कैंची से डॉक्टर पर हमला कर दिया। इसके बाद डॉक्टर को तिरुवनंतपुरम के एक अस्पताल में इलाज के लिए शिफ्ट किया गया लेकिन इलाज के दौरान ही उसकी मौत हो गई। डॉ. वंदना दास हाउस सर्जन थीं। डॉ. वंदना दास के अलावा आरोपी ने और पांच लोगों पर हमला किया। जानकारी के मुताबिक पुलिस आरोपी को बिना हथकड़ी के अस्पताल लेकर आई थी।

## स्वर्वेद भाष्य




**चतुर्थ मंडल** **द्वादश अध्याय**

**(चार प्रकार के भक्त)**

**(जिज्ञासू)**

**ब्रह्मविद्या के बोध में, सहज योग गम ज्ञान।**
**देहु परम गुरु हे प्रभु, बोध होय तत्व ज्ञान॥ 05॥**

**शब्दार्थ :** (बोध) ज्ञान (सहज योग) विहंगम योग (तत्वज्ञान) तत्वों का विवेक।

**भाष्य :** हे परम गुरु, हे प्रभो! ब्रह्मविद्या के बोध हो जाने पर लक्ष्य की प्राप्ति के लिए सहज योग के साधन-गमन का ज्ञान दीजिए, जिससे समस्त तत्वों का बोध हो।

**प्रभु गुरु में कछु भेद नहिं, पूरण शब्द स्वरूप।**
**गुरु से कभि अभिमान नहिं, देहु विवेक अनूप॥ 06॥**

**शब्दार्थ :** (भेद) अंतर (अनूप) उपमारहित।

**भाष्य :** सद्गुरु और प्रभु में कोई भेद नहीं है। दोनों पूर्ण शब्दस्वरूप है इसलिए सद्गुरु से किसी काल में अभिमान नहीं करना चाहिए। हे ब्रह्मस्वरूप सद्गुरु! मुझे प्रकृतिपार चेतन ज्ञान को प्रदान कीजिए। सहजातीत परमानंद में निमग्न सद्गुरु ब्रह्म का स्वरूप हैं। सद्गुरु व्यक्त देह नहीं हैं, उस व्यक्त शरीर में अव्यक्त अनुभवगम्य शब्दानंद का स्रोत प्रवाहित हो रहा है इसलिए वे विदेहस्वरूप सद्गुरु ब्रह्मानंद का उपभोग करने से ब्रह्म के स्वरूप को प्राप्त हो जाते हैं, इस कारण श्रुतज्ञान-प्रवाही सद्गुरु में देहभाव न रखकर ब्रह्म का स्वरूप जान, उनकी आराधना पूजा तथा स्वागत करना चाहिए।

# मंत्री अशोक सिंघल ने किया शिलसांको बील में पानी के जैव-उपचार प्रक्रिया का उद्घाटन

**गुवाहाटी ( हिंस )।** असम सरकार के आवास और शहरी मामलों के मंत्री अशोक सिंघल ने बुधवार को यहां शिलसांको बील (झील) के पानी के शुद्धिकरण या जैव-शुद्धिकरण की प्रक्रिया का औपचारिक उद्घाटन किया। मंत्री ने वाहिनी नदी के पानी को शिलसांको बील की ओर मोड़ने की प्रक्रिया के पैटर्न को भी देखा। इस अवसर मंत्री सिंघल ने कहा कि जल निकाय, आर्द्रभूमि आदि भविष्य की पीढ़ी की संपत्ति हैं, हम सिर्फ इसके संरक्षक हैं। यदि प्रकृति के इन अद्वितीय संसाधनों को ठीक से संरक्षित नहीं किया गया तो प्रकृति अपना संतुलन खो देगी और आने वाली पीढ़ियों को इसके प्रतिकूल परिणाम भुगतने होंगे। अपने बचपन के अनुभव को याद करते हुए मंत्री ने कहा कि 50 साल पहले, लोग शहर में भरलू नदी में तैरकर स्नान कर सकते थे, लेकिन हमारे बेलगाम अतिक्रमण, प्रदूषण आदि के कारण आज भरलू नदी नाले में तब्दील हो चुकी है। उन्होंने कहा कि प्रकृति के विनाश के दुष्प्रभावों के कारण ग्लोबल वार्मिंग के साथ-साथ हमारे प्रदेश में प्रतिवर्ष होने वाली असहनीय गर्मी ने भी



लोगों को परेशान किया है। मंत्री ने कहा कि गुवाहाटी महानगर विकास प्राधिकरण की अपनाई गई शिलसांको बील की बॉयोरेमेडिएशन प्रक्रिया से खनन, गादीकरण, सफाई और विभिन्न वैज्ञानिक उपचारात्मक उपायों के माध्यम से इसकी जल धारण क्षमता और जल की गुणवत्ता में वृद्धि होगी। मंत्री के भाषण के दौरान बील भूमि से अतिक्रमण हटाकर बेदखल किए जाने वाली महिलाओं के एक समूह ने विरोध स्वरूप नारेबाजी की। कार्यक्रम के बाद मंत्री सिंघल ने प्रदर्शनकारी महिलाओं से मिले और उनसे बातचीत की। मंत्री ने उनकी मांगों पर चर्चा करने के लिए 15 मई को उनके दस सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल को अपने सरकारी आवास पर आमंत्रित किया। यहां से मंत्री बोंदा के लिए रवाना हुए और वहां बोंदाजान पंपिंग हाउस का दौरा किया। शिलसांको बील से बहने वाली इस धारा के माध्यम से बील का अतिरिक्त पानी मानसून के समय ब्रह्मपुत्र नदी में बहता है। कृत्रिम बाढ़ के दौरान इस पानी की तेजी से निकासी के लिए बोंदाजन पंपिंग हाउस में कुछ अतिरिक्त पंपों को जोड़ने के साथ पंप हाउस को मजबूत किया गया है। परियोजना के प्रभारी गुवाहाटी महानगर विकास प्राधिकरण के अधिकारियों ने कहा कि इस कदम के परिणामस्वरूप, इस पंप हाउस से अब ब्रह्मपुत्र में प्रति सेकंड 3,500 लीटर पानी बहाया जा सकता है। कार्यक्रम में जीएमडीए के अध्यक्ष नारायण डेका, उपाध्यक्ष मुकुता डेका, गुवाहाटी नगर निगम के महापौर मृगन शरनिया, आवास और शहरी मामलों के विभाग की आयुक्त-सचिव कविता पद्मनाभन, जीएमडीए के सीईओ कौशर हिलाली, नगर आयुक्त मेघनिधि दहल और विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## एम्स गुवाहाटी में थिंक इंडिया का कार्यक्रम आयोजित

**गुवाहाटी ( हिंस )।** थिंक इंडिया तथा ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट आफ मेडिकल साइंसेज (एम्स), गुवाहाटी के संयुक्त तत्वावधान में स्वास्थ्य कल्याण और खेल युवा के लिए एजेंडा विषय पर वाइ-2 टॉक का आयोजन मंगलवार को किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार इस कार्यक्रम में एम्स गुवाहाटी के निदेशक कर्नल (सेवानिवृत्त) अशोक पुराणिक, असम विधानसभा के उपाध्यक्ष डॉ नोमल मोमिन तथा एनआईपीआर के निदेशक यूएसएन मूर्ति उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत कर्नल अशोक पुराणिक के स्वागत भाषण से हुआ। इस अवसर पर अपने संबोधन में मोमिन ने स्थानीय खेलों को लेकर सरकार के पहल की चर्चा की।

## एसएसबी ने अवैध पत्थर से भरे डंपर सहित तीन लोगों को किया गिरफ्तार



**कोकराझाड़ ( विभास )।** सीमा सशस्त्र बल (एसएसबी) की छठीं वाहिनी, रानीघुली ने गुप्त सूचना के आधार पर अभियान चलाकर अवैध पत्थर से भरे डंपर सहित तीन तस्ककों को गिरफ्तार किया। एसएसबी ने भारत-भूटान पिलर संख्या- 173 / 2 से लगभग 2 किलोमीटर अभियान चलाकर डंपर सहित तीनों तस्करों को दबोचा। एसएसबी के जवानों ने जब्त किए गए डंपर सहित तीनों तस्करों को वन विभाग आमटेका को सौंप दिया। वहीं जब्त किए गए सामग्री की कुल कीमत 36,17000 /- रुपए आंकि गई है।

## रंगिया : 350 लोगों को मुख्यमंत्री सहायता राशि का मिला चेक



**रंगिया ( विभास )।** मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्व शर्मा के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार के दो वर्ष पूरे होने के मौके पर आज रंगिया के विधायक तथा प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भवेश कलिता रंगिया के मिलनपुर स्थित भारतीय जनता पार्टी उत्तर कामरूप जिला के मुख्य कार्यालय के बैठक कक्ष में उपस्थित हुए एवं रंगिया विधानसभा क्षेत्र के कुल 350 लोगों को मुख्यमंत्री सहायता राशि के चेक वितरित किए। इस मौके पर विधायक कलिता ने कहा कि भाजपा सरकार ने लोगों की आशाओं-आकांक्षाओं को प्रतिबिंबित कर प्रदेश को विकास के उच्च स्तर पर ले जाने के वादे को पूरा किया है। उन्होंने कहा कि हम विभिन्न बीमारियों से पीड़ित लोगों को ये राहत चेक प्रदान किए जा रहे हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि इसी मदद से लाभ्यार्थीयों को गंभीर और जटिल बीमारियों के उन्नत उपचार के क्षेत्र में कुछ आर्थिक सहायता मिल सकेगी। मालूम हो कि विधायक कलिता ने भाजपा सरकार की दूसरी वर्षगांठ के शुभ दिन पर 350 लोगों की आर्थिक सहायता के उद्देश्य से 32 लाख रुपयों का चेक *मुख्यमंत्री सहायता कोष* के माध्यम से वितरित किया। इस मौके पर उनके साथ भाजपा उत्तर कामरूप जिला समिति के अध्यक्ष सुबल पाल सहित बहुत से भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## बाघमारा चर में भारतीय सैन्य और अर्द्धसैनिक सेवा प्रशिक्षण शिविर




**नगरबेड़ा ( विभास )।** बरपेटा जिले के बागबर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत बाघमारा में आज एक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन बाघमारा चर के सीनियर सेकेंडरी स्कूल में किया गय शिविर का आ.ोजन आलोपति माजर चर ग्राम पंचायत, बाघमारा चर ग्राम पंचायत, धर्मपुर-भाटनापैती ग्राम पंचायत, कदमटोला ग्राम पंचायत और उजिर चर ग्राम पंचायत के अंतर्गत मैट्रिक पास छात्र-छात्राओं के लिए किया गया। प्रशिक्षण शिविर में 21 वर्ष से कम आयु के छात्रों के लिए आयोजित किया गया। शिविर में सेना, सीआरपीएफ, असम पुलिस, बीएसएफ, एसएसबी, सीआईएसएफ, यूबी, नौसेना सहित विभिन्न नौकरियों के लिए छात्रों को प्रशिक्षित किया गया। उक्त प्रशिक्षण शिविर में उल्लेखित ग्राम पंचायतों के विभिन्न हिस्सों के लगभग छह सौ अधिक विद्यार्थियों ने प्रशिक्षण लिया। सीआरपीएफ के सेवानिवृत्त जवान शाहजहां अली ने प्रशिक्षण शिविर में भाग लिया और छात्रों को प्रशिक्षण प्रदान किया। प्रशिक्षण शिविर बाघमारा चर की ग्राम पंचायत अध्यक्ष आकलीमा खातून और आलोपति माजरा चर के ग्राम पंचायत अध्यक्ष शिराजुल हक के निमंत्रण पर आयोजित किया गया था। प्रशिक्षण शिविर में आलोपति चर थाना प्रभारी प्रकाश डेका, लुइत परिया कॉलेज के प्राचार्य डॉ. जसीम उद्दीन अहमद, बाघमारा चर सीनियर सेकेंडरी स्कूल बाघमार चर ताईजुद्दीन सरकार, प्रोफेसर शमसुल आलम सरवर्दी, प्रोफेसर आबूशामा अहमद, प्रो. जमशेर आली अहमद सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## पूसीरे की माल लोडिंग में वृद्धि

**गुवाहाटी ( हिंस )।** पूर्वोत्तर सीमा रेल (पूसीरे) माल लोडिंग में निरंतर वृद्धि दर्ज कर रही है और अप्रैल माह के दौरान 0.960 मिलियन टन (एमटी) लोडिंग हुआ है। पिछले वित्तीय वर्ष 2022-23 में पूसीरे ने 11.98 एमटी माल लोडिंग किया था। यह वित्तीय वर्ष 2021-22 में 10.40 एमटी लोडिंग की तुलना में 15.19 प्रतिशत अधिक है।

## भारतीय अटल सेना राष्ट्रवादी महिला मोर्चा होजाई शाखा का जनकल्याण कार्यक्रम आयोजित




**होजाई ( विभास )।** भारतीय अटल सेना राष्ट्रवादी महिला मोर्चा होजाई शाखा ने गर्मी के प्रभाव को देखते हुए प्राथमिक विद्यालय के छात्र-छात्राओं के लिए पंखा प्रदान किया। साथ ही एक गरीब लड़की के विवाह हेतु आर्थिक अनुदान, कपड़े तथा अन्य सामग्रियां प्रदान की। सूत्रों के अनुसार शहर से 5 किलोमीटर दूर मिलिक बस्ती प्राथमिक विद्यालय की जर्जर अवस्था को देखते हुए महिला मोर्चा के प्रतिनिधिमंडल ने स्कूल में पहुंचकर बच्चों को गर्मी से निजात दिलाने हेतु पंखा प्रदान किया। उक्त पंखे की धनराशि मोर्चा की उपाध्यक्ष रितु सरावगी ने अपनी बच्ची यसस्वी के जन्म दिन पर संस्था को प्रदान की थी। उक्त अवसर पर स्कूल के शिक्षक एवं बच्चे उपस्थित थे। दूसरी तरफ अर्थ के अभाव में एक कन्या का विवाह नहीं हो रहा था। मोर्चा की सदस्यों ने मिलकर प्रिया गौर नामक एक युवती को सचिव मंजू भीमसरिया के निवास स्थल पर नगद धन राशि, कपड़े एवं अन्य सामग्रियां प्रदान की। उक्त कार्यों की होजाईवासीयों ने भूरि-भूरि प्रशंसा की है।

## ट्रक और बस की भिड़ंत में 15 लोग घायल

**गोलाघाट ( असम ) ( हिंस )।** गोलाघाट जिला के नामबर के पास राष्ट्रीय राजमार्ग-39 पर आज एक बस एवं ट्रक के बीच भिड़ंत में 15 व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। बस बोकाजान से गोलाघाट की ओर जा रही थी तभी विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक के बीच आमने-सामने की टक्कर हो गयी जिसके चलते यह हादसा हो गया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि गंभीर रूप से घायल लोगों को शहीद कुशल कोंवर जिला सदर अस्पताल ले जाया गया है। बताया गया है कि घायलों में कई लोगों की हालत बेहद गंभीर है। हादसे के दौरान बस का अगला हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है। पुलिस स्थानीय लोगों की मदद से राहत और बचाव कार्य में जुटी हुई है।

## कामरूप जिला साहित्य सभा के द्विवार्षिक अधिवेशन का आयोजन

**रंगिया ( विभास )।** रंगिया रनदिया शतदल साहित्य सभा के सौजन्य से कामरूप जिला साहित्य सभा का 36वां द्विवार्षिक अधिवेशन आगामी 25 जून को रंगिया में आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। इसकी घोषणा जिला साहित्य सभा के अध्यक्ष नृपेंद्र कुमार भागवती ने रंगिया में गत 7 मई को आयोजित रनदिया शतदल साहित्य सभा की विशेष आम बैठक में की। जिसमें एक दिवसीय भव्य कार्यक्रमों के साथ आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए एक स्वागत समिति का गठन करने के साथ कार्यक्रमों की रूप रेखा तैयार की गई है। रनदिया शतदल साहित्य सभा के अध्यक्ष जयंत जीत कलिता की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में सचिव हेमंत कलिता ने बैठक की उद्देश्य व्याख्या की। बैठक में जिला साहित्य सभा के सचिव राजेन महंत व नवनिर्वाचित सचिव रजनी शालोई भी उपस्थित रहे। इस मौके पर रंगिया के स्थानीय विधायक भवेश कलिता को अध्यक्ष, जयंत जीत कलिता कार्यकारी अध्यक्ष, हेमंत कलिता व उज्जल डेका को सचिव व पंकज पल्लव शर्मा को पत्रिका संपादक के रूप में लेकर एक स्वागत समिति का गठन किया गया है। उल्लेखनीय



है कि इस बैठक में सचिव हेमंत कलिता ने असम साहित्य सभा की मातृभाषा एवं राज्यभाषा प्रयोग समिति के संयोजक के रूप में मनोनीत किए जाने के कारण रनदिया शतदल साहित्य सभा के दूसरे कार्यकाल के बचे हुए दिनों से छूट मांगने के आवेदन को स्वीकार किया गया और कार्यकाल के 2023-25 वर्ष की अवधि के लिए सर्वसम्मति से उज्जल डेका को सचिव मनोनीत किया गया। बैठक में कामरूप जिला साहित्य सभा के सहायक सचिव धर्मेश्वर दास, प्रतुल भुइया, सांस्कृतिक कार्यकर्ता पंकज पल्लव शर्मा, नव कुमार डेका, द्वीपेश दास, पार्थप्रतिम शर्मा, डॉ. रुनुमी दत्त डेका, अध्यापिका बिमला देवी, मामोनी लहकर, सविता बर्मन मजुमदार सहित कई आजीवन सदस्यों ने भाग लिया।

## बहुविवाह इस्लाम की अपेक्षा अन्य धर्मों में अधिक : सांसद अजमल

**धुबड़ी ( हिंस )।** मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्व शर्मा के बहुविवाह पर पूरी तरह से रोक लगाने वाले बयान को लेकर राज्य में विवाद शुरु हो गया है। इस मुद्दे पर बुधवार को ऑल इंडिया यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (एआईयूडीएफ) के अध्यक्ष एवं सांसद मौलाना बदरुद्दीन अजमल ने कहा कि बहुविवाह की प्रथा इस्लाम धर्म की अपेक्षा अन्य धर्मों में अधिक है। एआईयूडीएफ के अध्यक्ष एवं सांसद मौलाना अजमल धुबड़ी में पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे। सांसद अजमल ने कहा कि भारत में अन्य धर्मों की तुलना में इस्लाम धर्म में बहुविवाह काफी कम होता है। इस्लाम धर्म शरीयत के अनुसार बहुविवाह होने के चलते इसके तथ्य उपलब्ध होते हैं, लेकिन कई अन्य धर्मों में इस्लाम की तुलना में अधिक बहुविवाह होते हैं।

## असम सरकार के साथ स्टार सीमेंट ने 1400 करोड़ रुपए के निवेश के लिए किए समझौता हस्ताक्षर

**गुवाहाटी ( विभास )।** असम राज्य के भीतर 1400 करोड़ रुपए के निवेश के लिए स्टार सीमेंट लिमिटेड और असम सरकार के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं। गुवाहाटी में एक सीमेंट ग्राइंडिंग इकाई और कछार और एईसी ब्लॉक में एक अन्य सीमेंट ग्राइंडिंग इकाई और गुवाहाटी में अन्य निर्माण निर्माण इकाइयों की स्थापना के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं। कुल 1,400 करोड़ रुपए के निवेश पर हस्ताक्षर असम सरकार और स्टार सीमेंट के बीच मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्व शर्मा और उद्योग और वाणिज्य मंत्री बिमल बोरा के बीच स्टार सीमेंट लिमिटेड के अध्यक्ष सज्जन भजनका, कार्यकारी निदेशक, तुषार भजनका की उपस्थिति में हुए। यह कार्यक्रम गुवाहाटी के श्रीमंत शंकरदेव कलाक्षेत्र में आयोजित किया गया था। यह रिकॉर्ड निवेश राज्य सरकार के दो साल पूरे होने की पूर्व संध्या पर आयोजित किया गया और इसमें एफएमसीजी, सीमेंट, ग्लास और ईवी के क्षेत्र शामिल हैं। एमओयू पर हस्ताक्षर पर टिप्पणी करते हुए, स्टार सीमेंट लि. के अध्यक्ष सज्जन भजनका ने कहा की हम इस ऐतिहासिक




दिन का हिस्सा बनकर खुद को गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं, जहां हमारा निवेश राज्य में बुनियादी ढांचे के विकास में योगदान देगा, जिससे हजारों प्रत्यक्ष उत्पादन और राज्य में अप्रत्यक्ष रोजगार होंगे। उन्होंने कहा की राज्य सरकार के सहयोग से स्टार सीमेंट राज्य में औद्योगिक गतिविधियों को प्रोत्साहित करना चाहता है और क्षेत्र के समग्र विकास में एक समर्पित हिस्सा बनना चाहता है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. शर्मा ने कहा की राज्य ने आज 8201.29 करोड़ रुपए के निजी निवेश को देखा। उन्होंने कहा, हमने अपने समाज में दोष रेखा को हल कर दिया है। पिछले दो साल हमारे इतिहास में अद्वितीय रहे हैं क्योंकि असम आंदोलन के बाद पहली बार हमने ऐसा कोई बंद या आंदोलन नहीं देखा है जिसने राज्य के औद्योगिक वातावरण को खतरे में डाला हो।


**SHORT TENDER NOTICE**

Sealed tender in F-2 form affixing Court Fee stamp of Rs. 8.25 (Rupees eight and twenty five paise) only with a validity period of 180 (one hundred and eighty) days are invited from Registered APWD (Building) Contractors for the work as detailed in the table below:-

**Table**

| Sl. No. | Name of work | Estimated value of work (Approx) | Bid Security/ Earnest money | Cost of tender paper | Date of Application | Date of issue of tender paper | Time & date of receiving/ opening of Tender | Time of completion | Eligibility of contractor |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Repairing/Renovation/ Roof Charging/ Electrification/Painting works etc. at Departmental Quarter No. U/S 5 at Directorate of Forensic Science, Assam, Kahilipara, Guwahati-19 | Rs. 9,21,363.00 | 2% for general and 1% for reserved category | Rs. 300.00 | 12.05.2023 to 15.05.2023 up to 4-00 PM | 17.05.2023 to 18.05.2023 up to 4-00 PM | Receiving up-to 2-00 PM of 30.05.2023 and opening at 2-30 PM of 30.05.2023 | 60 (Sixty) days | Registered APWD (Building) Class-I (A, B, C), Class-II (Under Guwahati Bldg. Circle-II) and Class-III (Under this Division) |

Detailed particulars may be seen during office hours of any working days in the office of the undersigned. Contractors will have to submit application for tender paper along with self attested copy of current APWD Registration Certificate, GST Registration, Pan Card, Labour Licence and cost of tender paper as detailed above in the form of Bank Draft/Banker Cheque drawn in any Nationatized Bank in favour of Executive Engineer, P.W.D., Dispur & Guwahati East Territorial Building Division, Fancy Bazar, Guwahati-1. Tender paper will be issued to the contractors or to their authorized agents up-to 4.00 PM in working day as mentioned above from the office of the undersigned. Bid security in the form of FDR/COR duty pledged in favour of the Executive Engineer, P.W.D., Dispur & Guwahati East Teritorial Building Division, Fancy Bazar, Guwahati-1 is to be submitted along with the tender paper.

Performance Security/Security Deposit Money as per norms and additional Performance Security as per Chief Engineer PWD (Building)'s letter No- BN/12/82/Pt- 1/84, dt. 15.02.2011 if required is to be furnished by the successful bidder when notified.

If for any reason, the last date of receiving and opening of tender is declared as holiday, the same will be received and opened on the next working day.

The undersigned will be the sole authority to cancel any tender without showing any reason.

**NB:-** 1. Prospective bidders are suggested to visit the proposed work site before submission of tender.
2. This Short NIT will form a part of the tender agreement.

Executive Engineer P.W.D.
Dispur & Guwahati East Territorial
Building Division, Guwahati-1

*-- Janasanyog /C/2369/23*

# मुख्यमंत्री ने एग्रीगेटर्स व डिलीवरी सर्विस प्रोवाइडर्स को रेगुलेट करने के लिए पॉलिसी को दी मंजूरी

अजय त्यागी

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली में एग्रीगेटर्स व डिलीवरी सर्विस प्रोवाइडर्स को रेगुलेट करने के लिए योजना के मसौदे को मंजूरी दे दी। मसौदे को मंजूरी मोटर व्हीकल्स एग्रीगेटर स्कीम 2023 के अंतर्गत दी गई है। मसौदा योजना की फाइल एलजी वीके सक्सेना के पास भेज दी गई है। इसके बाद दिल्ली परिवहन विभाग दिल्लीवासियों से उनके फीडबैक लेगा और इसके बाद इसे अंतिम रूप दिया जाएगा। दिल्ली मोटर व्हीकल्स एग्रीगेटर स्कीम 2023 को मंजूरी देते हुए मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि यह स्कीम दिल्ली में एग्रीगेटर्स और डिलीवरी सर्विस प्रदाताओं को एक नियम के दायरे में लाकर रेगुलेट करने की नींव रखती है। यह योजना यात्रियों की सुरक्षा को प्राथमिकता देती है और समय पर शिकायत के निस्तारण को सुनिश्चित करती है।

साथ ही लोगों को इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाने के लिए बढ़ावा देती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इलेक्ट्रिक वाहनों और इलेक्ट्रिक बाइक टैक्सी को बढ़ावा देने से सरकार को दिल्ली में प्रदूषण स्तर को कम करने में भी मदद मिलेगी। साथ ही दिल्ली में रोजगार और आर्थिक विकास के नए अवसर भी पैदा होंगे। मोटर व्हीकल्स एग्रीगेटर स्कीम 2023 उस व्यक्ति और संस्था पर लागू होगी, जो किसी भी तरह के डिजिटल इलेक्ट्रॉनिक या अन्य माध्यम से संचालित होती हैं और यात्रियों को लाने-ले जाने का काम करती है। इसी के साथ वो ई-कॉमर्स इकाई या अन्य संस्था भी इस योजना के दायरे में आएंगी, जो कोई भी उत्पाद, कूरियर, पैकेज या पार्सल को भेजने के लिए डिलीवरी सेवा का इस्तेमाल करती हैं। केजरीवाल ने कहा कि इस योजना का उद्देश्य यात्रा के दौरान यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के साथ ही कैब एग्रीगेटरों की सेवा की गुणवत्ता सुनिश्चित करना है। इसके अंतर्गत आपदा की स्थिति के मद्देनजर एग्रीगेटर्स को वाहन में पैनिक बटन लगाना होगा और इसे 112 (दिल्ली पुलिस) के साथ जोड़ना होगा। इस योजना में उपभोक्ताओं की शिकायत का समय पर निस्तारण करने पर बल दिया गया है। साथ ही वाहन की फिटनेस, प्रदूषण नियंत्रण और परमिट की वैधता सुनिश्चित करने के लिए भी एक सिस्टम बनाया जाएगा। यह योजना बाइक टैक्सी और किराए की बाइक सर्विस को एक नियम के दायरे में लाने की नींव भी रखती है। क्योंकि दिल्ली में आज तक बाइक-टैक्सियों के संचालन की अनुमति नहीं थी। इसलिए यह योजना शहर में ऐसी सेवाओं को रेगुलेट करने का प्रावधान करती है। दिल्ली में व्यापार के नए अवसर प्रदान करने के लिए इस योजना के तहत शहर में सभी बाइक-टैक्सी और दोपहिया वाहनों को किराए पर लेने की सर्विस शुरू की जाएगी, लेकिन इसमें केवल इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों को ही शामिल किया जाएगा। यह प्रावधान दिल्ली इलेक्ट्रिक वाहन नीति 2020 के अनुरूप होगा। इधर दिल्ली के परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत का कहना है कि दिल्ली सरकार ने दिल्ली मोटर व्हीकल्स एग्रीगेटर स्कीम के साथ आज एक और उपलब्धि हासिल की है। भारत में ऐसा पहली बार हो रहा है, जब दिल्ली सरकार, दिल्ली में एग्रीगेटर को अपनी फ्लीट को इलेक्ट्रिक में परिवर्तित करने के लिए एक टारगेट दे रही है। साथ ही, सरकार दिल्ली में एग्रीगेटर्स और डिलीवरी सर्विस प्रोवाइडर्स को रेगुलेट करने जा रही है। दिल्ली में सार्वजनिक परिवहन का ऐसा सिस्टम तैयार किया जा रहा है, जिससे प्रदूषण को कम करने के साथ ही यात्रियों की सुरक्षा भी सुनिश्चित की जा सके।



# 'द केरला स्टोरी' देखने के बाद देवेंद्र फडणवीस ने कहा- एक सच्ची कहानी सामने आई



महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कार्यकर्ताओं के साथ जाकर फिल्म द केरला स्टोरी देखी है। फिल्म देखने के बाद उन्होंने कहा, लड़कियों के शोषण की साजिश है। धर्म का दुरुपयोग होता है। ये सारी बातें एक सच्ची कहानी के जरिए सामने आई हैं। यह फिल्म कहानी कहने के लिए नहीं, जगाने के लिए बनाई गई है। देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि ये फिल्म इसलिए बनाई गई है कि इसके बाद किसी लड़की के पास ऐसा वक्त न आए। आगे देवेंद्र फडणवीस ने एनसीपी विधायक और पूर्व मंत्री जितेंद्र अवाद पर निशाना साधा। उन्होंने कहा, इस फिल्म को देखने के बाद मैं केवल इतना कह सकता हूं कि उन लोगों को सही जवाब देने का वक्त आ गया है, जिन्होंने कहा था कि इस फिल्म के निर्देशक को भरे चौक में फांसी दी जानी चाहिए। फिल्म में एक्ट्रेस अदा शर्मा की परफॉर्मेंस की काफी तारीफ हो रही है। यह फिल्म केरल की 4 लड़कियों की कहानी है, जिनका पहले इस्लाम धर्म कबूल करने के लिए ब्रेनवॉश किया जाता है और फिर ब्लैकमेल करके आईएस-आईएस में शामिल होने के लिए मजबूर किया जाता है। सुदीप्तो सेन ने फिल्म द केरला स्टोरी का निर्देशन किया है। फिल्म को दर्शकों का मिलाजुला रिस्पॉन्स मिलता नजर आ रहा है। फिल्म को मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश में टैक्स से छूट दी गई है। पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु में फिल्म की रिलीज पर रोक लगा दी गई है। फिल्म को देश के जिन हिस्सों में रिलीज किया जा रहा है, वहां दर्शकों का अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन कर रही है।

# आबकारी घोटाला मामले में मनीष सिसोदिया के खिलाफ चार्जशीट पर अगली सुनवाई 19 मई को

अजय कुमार

**नई दिल्ली।** दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने दिल्ली आबकारी घोटाला मामले में ईडी की ओर से मनीष सिसोदिया के खिलाफ दायर चार्जशीट पर सुनवाई टाल दी है। स्पेशल जज एमके नागपाल ने 19 मई को सुनवाई करने का आदेश दिया। ईडी ने इस मामले में चौथी चार्जशीट 4 मई को दाखिल की थी। चौथी चार्जशीट में दिल्ली के पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को आरोपित बनाया गया है। ईडी की चौथी चार्जशीट 21 सौ पेज की है। सिसोदिया इस मामले में 29वें आरोपित हैं। एक मई को कोर्ट ने ईडी की ओर से दाखिल तीसरी चार्जशीट पर संज्ञान लिया था। स्पेशल जज एमके नागपाल ने तीसरी चार्जशीट में बनाए गए सभी आरोपितों को 10 मई को कोर्ट में पेश होने के लिए समन जारी किया है। ईडी ने 06 अप्रैल को तीसरी चार्जशीट दाखिल की थी। तीसरी चार्जशीट में तीन लोगों को आरोपित बनाया गया है। ईडी ने राजेश जोशी, राघव मगुंटा और गौतम मल्होत्रा को आरोपित किया है। ईडी ने कोर्ट को बताया कि गौतम मल्हौत्रा को 7 फरवरी, राजेश जोशी को 8 फरवरी और राघव मगुंटा को 10 फरवरी को गिरफ्तार किया था। ईडी ने कहा है कि करीब ढाई करोड़ रुपये पहले अमित अरोड़ा को दिए गए और फिर दिनेश अरोड़ा को दिए गए। आखिरकार ये रकम आप नेताओं को दिए गए। ईडी के मुताबिक आम आदमी पार्टी के कैंपेन को चलाने के लिए राजेश जोशी ने 77 लाख रुपये लिए। राजेश जोशी एक एडवरटाइजिंग कंपनी का प्रमुख था। छह जनवरी को ईडी ने दिल्ली आबकारी घोटाला मामले में दूसरी चार्जशीट दाखिल की थी। चार्जशीट में 12 को आरोपित किया गया है। इसमें पांच व्यक्तियों और सात कंपनियों के नाम हैं। चार्जशीट में ईडी ने जिन लोगों को आरोपित बनाया उनमें विजय नायर, अभिषेक बोइनपल्ली, शरद चंद्र रेड्डी, विनय बाबू और अमित अरोड़ा हैं। इसके पहले कोर्ट ने 20 दिसंबर 2022 को ईडी की ओर से दाखिल पहली चार्जशीट पर संज्ञान लिया था। ईडी ने 26 नवंबर 2022 को कोर्ट में पहली चार्जशीट दाखिल की थी।




# मानसून में दिल्ली की सड़कें न हों जलमग्न 1000 पंप करेंगे काम

आशीष वर्मा

**नई दिल्ली।** मानसून में दिल्ली की सड़कें जलमग्न नहीं हों इसे देखते हुए मानसून के दौरान सड़कों पर जलभराव रोकने के लिए दिल्ली भर में 1000 से ज्यादा स्थायी पंप काम करेंगे। वहीं जरूरत होने पर मोबाइल पंप भी तैनात किए जाएंगे। यह बात दिल्ली की लोक निर्माण विभाग मंत्री आतिशी ने अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक के दौरान कही। दिल्ली में होने वाले जलभराव को रोकने के लिए युद्धस्तर पर तैयारियां कर रही है। इस दिशा में सभी विभागों की तैयारियों की जांच के लिए संयुक्त समीक्षा बैठक की गई। बैठक में पीडब्ल्यूडी बाढ़ एवं सिंचाई नियंत्रण विभाग दिल्ली जल बोर्ड एमसीडी एनडीएमसी डीडीए व दिल्ली छावनी बोर्ड के उच्चाधिकारी शामिल हुए। पीडब्ल्यूडी मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वर्षा से पहले शहर में जलभराव वाले सभी प्वाइंट का निरीक्षण किया जाए और सभी विभाग साथ मिलकर छोटे स्तर पर प्लानिंग के साथ इन इलाकों से जलभराव की समस्या को दूर करने पर फोकस करें। पीडब्ल्यूडी मंत्री आतिशी ने कहा कि मानसून की तैयारियों को लेकर पीडब्ल्यूडी नोडल एजेंसी के रूप में काम करेगा। सौरभ भारद्वाज ने कहा कि सभी विभाग मानसून के दौरान तैयारी करने का बजाय पहले ही जलभराव की सभी समस्याओं को दूर करने का काम करें। जल बोर्ड के अधिकारियों को मानसून से पहले सभी सीवर लाइनों व नालों की सफाई का कार्य पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा दिल्ली के विभिन्न इलाकों में बनाए गए सीवेज पपिंग स्टेशनों में पानी ओवरफ्लो होने या किसी तरह की खराबी की चेतावनी देने के लिए अलार्म लगाए जाएंगे। इलेक्ट्रानिक डिवाइस में लगा सेंसर यह सुनिश्चित करेगा कि पंपिंग स्टेशन में सीवर का गंदा पानी एक तय लेवल तक भरते ही वरिष्ठ अधिकारियों को अलर्ट चला जाए। जिससे सीवेज पंपिंग स्टेशन पर मौजूद आपरेटर की जिम्मेदारी और जवाबदेही दोनों तय की जा सकें।



# सुप्रीम कोर्ट पहुंचा डीईआरसी के अध्यक्ष की नियुक्ति का मामला, सुनवाई 16 मई को

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** दिल्ली विद्युत नियामक आयोग (डीईआरसी) के अध्यक्ष की नियुक्ति का मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया। दिल्ली सरकार की ओर से वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने बुधवार को चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच के समक्ष यह मामला उठाते हुए कहा कि डीईआरसी के अध्यक्ष का पद जनवरी से खाली है। इस नियुक्ति को लेकर अभी तक उप-राज्यपाल की ओर से कोई जवाब नहीं आया है। तब चीफ जस्टिस ने कहा कि 16 मई को मामले पर सुनवाई करेंगे और अगर तब तक उप-राज्यपाल की ओर से जवाब नहीं आता, तो हम उन्हें कहेंगे। कोर्ट ने 21 अप्रैल को दिल्ली के उप-राज्यपाल कार्यालय को नोटिस जारी किया था। सुनवाई के दौरान दिल्ली सरकार ने कहा था कि उसने चार महीना पहले दिल्ली हाईकोर्ट के पूर्व जज राजीव कुमार श्रीवास्तव को इस पद पर नियुक्त करने का प्रस्ताव भेजा था, लेकिन उप-राज्यपाल ने अब तक नियुक्ति का आदेश जारी नहीं किया। याचिका में कहा गया है कि बिना चेयरमैन के डीईआरसी का काम करना दिल्ली की चुनी हुई सरकार के जनादेश को अपनाना है। इतना ही नहीं, प्रशासनिक कार्यों को करने में समस्या आती है, जिसकी वजह से प्रशासन कई महत्वपूर्ण कार्यों को करने में असमर्थ है।

# मुंबई में मेट्रो-3 मेट्रो लाइन का काम 90 प्रतिशत पूरा: मुख्यमंत्री



**मुंबई (हि. स.)।** मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि मेट्रो-3 मार्ग का कार्य लगभग 90 प्रतिशत पूरा हो चुका है और मेट्रो रेलवे का यह चरण दिसंबर 2023 के अंत तक पूरा हो जाएगा। मुंबई शहर में ट्रैफिक की भीड़ को कम करने के लिए सबसे अच्छा पब्लिक ट्रांसपोर्ट सिस्टम होना जरूरी है। मुंबईकरों की यह जरूरत मेट्रो रेल के जरिए पूरी की जाएगी। मुख्यमंत्री शिंदे ने मंगलवार देर रात चर्चगेट से विधान भवन तक मुंबई मेट्रो- 3 मार्ग का निरीक्षण किया। उस दौरान मुख्यमंत्री शिंदे ने यह जानकारी पत्रकारों को दी। मुख्यमंत्री शिंदे ने बताया कि मुंबई मेट्रो लाइन-3 (कुलाबा-बांद्रे-सिप्ज) मुंबई के लिए प्रस्तावित पहली और एकमात्र पूरी तरह से भूमिगत मेट्रो लाइन है। शहर की यातायात व्यवस्था में सुधार के साथ-साथ वैकल्पिक परिवहन सुविधा के लिए इसका निर्माण कार्य प्रगति पर है। इससे ट्रैफिक का दबाव काफी हद तक कम हो जाएगा। मेट्रो में यात्रियों की सुरक्षा को प्राथमिकता दी गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अति उन्नत तकनीक का प्रयोग कर वायु एवं ध्वनि प्रदूषण न हो इसका ध्यान रखा गया है। शिंदे ने बताया कि मेट्रो-3 रूट को मेट्रो-1, 2, 6 और 9 के साथ-साथ मोनो रेल से जोड़ा जाएगा। इसके अलावा उपनगरीय रेल लाइन को मुंबई के हवाई अड्डों के अलावा चर्चगेट और छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस से जोड़ा जाएगा। यह मेट्रो-3 रेलवे यात्रियों के समय की बचत करेगी और सड़क पर छह लाख वाहनों को भी कम करेगी, इस मार्ग का पहला चरण दिसंबर 2023 के अंत तक और दूसरा चरण जून 2024 से पहले पूरा हो जाएगा। प्रदेश के विकास के जो प्रोजेक्ट हैं, उनमें देरी नहीं होगी। मेट्रो रेलवे के अधिकारी और कर्मचारी पूरी क्षमता से काम कर रहे हैं। इसलिए, परियोजनाएं समय पर पूरी होंगी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव बृजेश सिंह, मुंबई मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के निदेशक सुबोध गुप्ता सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# जंतर-मंतर पर पहलवानों के समर्थन में पहुंच रहे लोगों के लिए लंगर शुरू



राकेश शर्मा

**नई दिल्ली।** दिल्ली के जंतर-मंतर पर पहलवानों के धरना प्रदर्शन का बुधवार को 18वां दिन है। अब जंतर-मंतर पर भीड़ भी कम हो गई है। दूसरी तरफ पंजाब से आ रहे लोगों का समर्थन जंतर-मंतर पर पहलवानों को लगातार मिल रहा है। पहलवानों ने इस लड़ाई को लंबा लड़ने की तैयारी कर ली है। पहलवानों की तरफ से साफ कहा जा रहा है कि जब तक उन्हें न्याय नहीं मिलता तब तक वह धरना स्थल से नहीं हटेंगे। दूसरी तरफ जंतर-मंतर पर खाने-पीने का इंतजाम भी अब होने लगा है। पहले खाना बाहर से आ रहा था, लेकिन अब खाना-पीना यहीं पर बन रहा है। जंतर-मंतर पर लंगर शुरू कर दिया गया है। जिस तरह किसानों ने स्थाई रूप से बॉर्डर पर कब्जा करके धरना प्रदर्शन किया था। ठीक उसी प्रकार अब जंतर-मंतर पर भी देखने को मिल रहा है।

पहलवानों की तरफ से कहा जा रहा है कि जब तक हमें न्याय नहीं मिलता हम यहीं डटे रहेंगे। राजनीतिक दलों का भी यहां पर पहुंचने का सिलसिला जारी है और इन्हें समर्थन भी दिया जा रहा है। पहलवानों का कहना है कि हमारी लड़ाई सिर्फ बृजभूषण शरण सिंह से है। हमारी सरकार से कोई लड़ाई नहीं है।

# बंगाल में लापता हुई हैं सबसे अधिक लड़कियां : भाजपा

**कोलकाता, (हि.स.)।** फिल्म "द केरल स्टोरी" को लेकर मचे विवाद के बीच भारतीय जनता पार्टी ने दावा किया है कि देश के किसी भी दूसरे राज्य के मुकाबले पश्चिम बंगाल में सबसे अधिक लड़कियां लापता हुई हैं। केरल स्टोरी में दिखाया गया है कि किस तरह से वहां कई लड़कियां लापता हुईं, जिनका धर्म बदलकर उनके साथ बर्बरता की गई। इसी को आधार बनाकर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने एक आंकड़ा सोशल मीडिया पर डाला है। आंकड़े को साझा करते हुए मजूमदार ने कहा है कि पश्चिम बंगाल में वर्ष 2016 से 2020 के दौरान सबसे अधिक एक लाख 43 हजार 102 लड़कियां लापता हुई हैं, जबकि तमिलनाडु में 53 हजार 780 महिलाएं लापता हैं। यही दो राज्य ऐसे हैं जहां द केरल स्टोरी को प्रदर्शित करने से प्रतिबंधित किया गया है। इसका एकमात्र मकसद सच्चाई को छिपाना और जिहादियों के लिए ढाल बनना है। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने पश्चिम बंगाल में केरल स्टोरी फिल्म के प्रदर्शन पर रोक लगा दी है। इसे लेकर चौतरफा आलोचना हो रही है।

Missing Women (2016-2020) Source : NCRB

| Year | TN | WB | Uttar Pradesh |
|---|---|---|---|
| 2016 | 9596 | 24937 | 4399 |
| 2017 | 9564 | 28133 | 4511 |
| 2018 | 10403 | 31299 | 5777 |
| 2019 | 11280 | 31299 | 5828 |
| 2020 | 12937 | 27434 | 5020 |
| Total | 53780 | 143102 | 25535 |

# भारत और कनाडा निवेश बढ़ाने, छात्रों की आवाजाही को लेकर बातचीत में तेजी लाने पर सहमत



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** भारत और कनाडा समन्वित निवेश बढ़ाने, सूचना आदान-प्रदान, कुशल कामगारों, पेशेवरों तथा छात्रों की आवाजाही को लेकर बातचीत में तेजी लाने पर सहमति जताई है। दोनों देश यह मानते है कि द्विपक्षीय आर्थिक संबंधों को मजबूत बनाने में इनका महत्वपूर्ण योगदान है। व्यापार और निवेश पर भारत-कनाडा के बीच छठी मंत्रिस्तरीय वार्ता बुधवार को कनाडा में हुई। वार्ता के बाद एक संयुक्त वक्तव्य जारी किया गया। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने बताया कि वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और कनाडा की अंतरराष्ट्रीय व्यापार, निर्यात संवर्धन, लघु उद्यम तथा आर्थिक विकास मंत्री मैरी एनजी ने बैठक में व्यापक व्यापार समझौते के महत्व पर जोर दिया। बयान के मुताबिक गोयल और एनजी के बीच कृषि वस्तुओं, रसायन, हरित प्रौद्योगिकी, बुनियादी ढांचा, वाहन, स्वच्छ ऊर्जा तथा इलेक्ट्रॉनिक्स के क्षेत्रों में भी सहयोग बढ़ाने के उपायों पर चर्चा हुई। दोनों पक्षों ने पलायन और आवाजाही पर बातचीत बढ़ाने पर सहमति जताई है। इसके साथ ही दोनों मंत्रियों ने महत्वपूर्ण खनिजों के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने को लेकर सरकार के स्तर पर तालमेल के महत्व पर सहमति जताई। इस बीच मेरी एनजी ने भारत के जी-20 समूह की अध्यक्षता के प्रति कनाडा का समर्थन व्यक्त किया। उन्होंने जी-20 व्यापार और निवेश कार्यसमूह में भारत द्वारा प्राथमिकताओं को जारी रखने का समर्थन किया। उन्होंने संकेत दिया कि वे भारत में अगस्त महीने में होने वाली निर्धारित आगामी जी-20 व्यापार और निवेश मंत्री स्तरीय बैठक में भाग लेने की इच्छुक हैं। उल्लेखनीय है कि भारत ने वित्त वर्ष 2022-23 में अप्रैल-फरवरी के दौरान कनाडा को 3.8 अरब डॉलर का निर्यात किया है, जबकि वित्त वर्ष 2021-22 में यह 3.76 अरब डॉलर रहा था। कनाडा से आयात वित्त वर्ष 2022-23 के पहले 11 महीनों में 3.77 अरब डॉलर रहा जो वित्त वर्ष 2021-22 में 3.2 अरब डॉलर था। दरअसल भारत में लिथियम, टाइटेनियम, वैनेडियम, कोबाल्ट, निकल और ग्रेफाइट जैसे महत्वपूर्ण खनिजों की भारी मांग है।

# मानहानि मामले में हाई कोर्ट ने सांसद मनोज तिवारी के खिलाफ ट्रायल कोर्ट की कार्रवाई पर रोक लगाई

आशीष वर्मा

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाई कोर्ट से भाजपा सांसद मनोज तिवारी को राहत मिली है। हाई कोर्ट ने मनोज तिवारी के खिलाफ दिल्ली के पूर्व उप-मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की ओर से दाखिल आपराधिक मानहानि के मामले में ट्रायल कोर्ट की कार्रवाई पर रोक लगा दी है। दरअसल, मनीष सिसोदिया ने मनोज तिवारी, विजेंद्र गुप्ता, मनजिंदर सिंह सिरसा, हरीश खुराना, हंसराज हंस और प्रवेश वर्मा के खिलाफ आपराधिक मानहानि का केस दायर किया है। 28 नवंबर, 2019 को दिल्ली की राऊज एवेन्यू कोर्ट ने इस मामले में तिवारी समेत छह नेताओं के खिलाफ समन जारी किया था। सिसोदिया की याचिका में कहा गया है कि मनोज तिवारी समेत छह नेताओं ने दिल्ली के सरकारी स्कूलों की कक्षाओं के निर्माण में भ्रष्टाचार के झूठे आरोप लगाए हैं। सिसोदिया ने कहा है कि इन नेताओं ने प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और सोशल मीडिया में झूठे आरोप लगाकर हमारी छवि खराब करने की कोशिश की। याचिका में कहा गया है कि इन नेताओं ने आरोप लगाया था कि दिल्ली के सरकारी स्कूलों के कक्षाओं के निर्माण में दो हजार करोड़ रुपये का भ्रष्टाचार किया गया है। मनोज तिवारी ने 1 जुलाई, 2019 को एक प्रेस कांफ्रेंस में एक आरटीआई के हवाले से मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और उप-मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाया था। मनोज तिवारी ने कहा था कि जो क्लासरुम 892 करोड़ रुपये में बन सकते थे, उनके निर्माण में दो हजार करोड़ रुपये का अतिरिक्त खर्च किया गया। तिवारी ने आरोप लगाया था कि इस काम के लिए 34 ठेकेदारों को ठेका दिया गया था, जिसमें कुछ मंत्रियों के रिश्तेदार भी शामिल हैं। तिवारी ने केजरीवाल और सिसोदिया के इस्तीफे की मांग की थी। सिसोदिया ने इसे लेकर इन नेताओं को अपने बयान वापस लेने के लिए लीगल नोटिस भी भेजा था।




# द केरल स्टोरी का ममता ने किया बैंन, सुप्रीम कोर्ट 12 मई को सुनवाई करेगा

**नई दिल्ली (ईएमएस)।** फिल्म द केरल स्टोरी को लेकर विवाद थम नहीं रहा है। पश्चिम बंगाल में फिल्म पर पाबंदी के खिलाफ निमार्ताओं ने राज्य सरकार के फैसले को चुनौती देकर सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। मामले में सुप्रीम कोर्ट 12 मई को सुनवाई करेगा। बंगाल में द केरल स्टोरी पर बैन लगाने पर केंद्रीय गृह राज्य मंत्री निशीथ प्रमाणिक ने कहा कि फिल्म को बंगाल में भी हर सिनेमाघर में दिखाना चाहिए। ममता बनर्जी को हर बात में राजनीति दिखाई देती है। द कश्मीर फाइल्स भी सत्य पर आधारित थी और द केरल स्टोरी भी सत्य घटना पर आधारित है। फिल्म निमार्ताओं की ओर से पेश वरिष्ठ वकील हरीश साल्वे ने तत्काल लिस्टिंग के लिए याचिका का उल्लेख किया है। भारत के मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ 12 मई को इस पर सुनवाई करने के लिए तैयार हो गई। साल्वे ने कहा, हम हर दिन पैसे गंवा रहे हैं और अब एक और राज्य है जो फिल्म को बैन कर रहा है। बता दें कि बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने घृणा और हिंसा की किसी भी घटना से बचने और राज्य में शांति बनाए रखने के लिए राज्य में फिल्म के प्रदर्शन पर तत्काल प्रतिबंध लगाने का आदेश दिया है। निमार्ताओं ने तर्क दिया कि केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड द्वारा सार्वजनिक रूप से देखने के लिए प्रमाणित फिल्म पर प्रतिबंध लगाने की राज्य सरकार के पास कोई अधिकार नहीं है।



# अपने सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए स्वास्थ्य सुविधा सुगम बनाएगी दिल्ली एम्स

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (दिल्ली एम्स) अपने सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए स्वास्थ्य सुविधा को सुगम बनाने की पहल में जुटी है। एम्स की ओर से प्रयास किया जा रहा है कि दिल्ली से दूर रहने वाले एम्स के सेवानिवृत्त कर्मचारियों को छह महीने की दवा एक बार में उपलब्ध कराया जाए। जिससे उन्हें बार-बार अस्पताल के चक्कर न लगाने पड़े। एम्स के निदेशक डॉ. एम श्रीनिवास ने अस्पताल के अधिकारियों को निर्देश दिया है कि दिल्ली से बाहर रहने वाले सेवानिवृत्त कर्मचारियों को उनके घर पर ही दवा उपलब्ध कराने के बारे में विचार किया जाए। डॉ. एम श्रीनिवास ने यह भी कहा कि उनके इलाज के लिए टेली कंसल्टेंसी की सुविधा शुरू करने पर विचार किया जाए। उल्लेखनीय है कि डॉक्टर श्रीनिवास ने एम्स के अधिकारियों से कहा कि वह केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय से बातचीत कर एम्स के सेवानिवृत्त कर्मचारियों को सीजीएचएस (केंद्र सरकार स्वास्थ्य योजना) से जोड़ने की व्यवस्था करें। जिससे सेवानिवृत्त कर्मचारियों को उनके घर के पास के सीजीएचएस के पैनल में शामिल अस्पताल में इलाज मिल सके।

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान
ALL INDIA INSTITUTE OF MEDICAL SCIENCES

# सत्गुरु बाबा हरदेव सिंह जी महाराज की याद में मनाया जायेगा 'समर्पण दिवस'


NIRANKARI BABA HARDEV SINGH JI

**बांदा, (हि.स.)।** सत्गुरु बाबा हरदेव सिंह जी महाराज की स्मृति में समर्पण दिवस 13 मई शनिवार को मनाया जाएगा। इसके अंतर्गत सांय पांच से रात्रि नौ बजे तक संत निरंकारी आध्यात्मिक स्थल समालखा में सत्गुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं निरंकारी राजपिता के सान्निध्य में सत्संग आयोजित किया जाएगा। जिसमें समस्त निरंकारी परिवार एवं श्रद्धालुगण सम्मिलित होकर बाबा हरदेव सिंह जी के प्रति अपने श्रद्धा सुमन अर्पित करेंगे। इसी क्रम में बांदा के अलीगंज स्थित संत निरंकारी सत्संग भवन में आने वाले शनिवार 13 मई को प्रातः आठ बजे से 10 बजे तक सत्गुरु बाबा हरदेव सिंह जी महाराज की स्मृति में समर्पण दिवस मनाया जाएगा। इसके अंतर्गत विशाल सत्संग का आयोजन जोनल इंचार्ज डा0 दर्शन सिहं की अध्यक्षता में किया जायेगा। जिसमें सैकड़ों निरंकारी परिवार शामिल होकर बाबा हरदेव सिंह के प्रति अपने श्रद्धा सुमन अर्पित करेंगे। मीडिया सहायक ओमप्रकाश कश्यप ने बुधवार को बताया कि बाबा हरदेव सिंह जी महाराज प्रेम, करूणा, दया और सादगी के जीवंत स्वरूप थे। उनका दिव्य रूप, सर्वप्रिय स्वभाव एवं विशाल अलौकिक सोच सम्पूर्ण मानव जाति के कल्याणार्थ समर्पित थी। उन्होंने मिशन की बागडोर 36 वर्षों तक सम्भाली और उनके अथक प्रयासों का ही परिणाम है कि मिशन 17 देशों से चलकर विश्व के प्रत्येक महाद्वीप के 60 राष्ट्रों तक पहुंचा। जिसमें राष्ट्रीय एवं अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर संत समागम, युवा सम्मेलन एवं समाज सेवाओं का आयोजन प्रमुख रहा। उनके अमूल्य योगदान के फलस्वरूप मिशन को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ख्याति के साथ-साथ अनेक पुरस्कारों द्वारा भी सम्मानित किया गया। संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा निरंकारी मिशन को सामाजिक एवं आर्थिक परिषद के सलाहकार रूप में भी मान्यता प्राप्त हुई। बाबा जी ने मानव मात्र को केवल ब्रह्मज्ञान का ही बोध नहीं करवाया अपितु जन-जन के हृदय में प्रेम की शीतल, निर्मल धारा को भी प्रवाहित किया। साथ ही निरंकारी इंटरनेशनल समागम (एनआईएस) द्वारा दूर देशों में एकत्व एवं सद्भाव की प्रेरणा देने वाले संदेश को आध्यात्मिकता के माध्यम से भी प्रसारित किया। बाबा जी ने समाज के उत्थान हेतु अनेक परियोजनाओं को भी क्रियान्वित स्वरूप दिया जिनमें रक्तदान, स्वच्छता अभियान, वृक्षारोपण, महिला सशक्तिकरण इत्यादि गतिविधियां प्रमुख हैं। वर्तमान में सत्गुरु माता सुदीक्षा जी महाराज युगदृष्टा बाबा हरदेव सिंह जी महाराज के सत्य संदेश के सुंदर स्वप्न को साकार करते हुए उसे जन-जन तक पहुंचाने हेतु प्रयासरत हैं।

# मुख्यमंत्री ने की ताबड़तोड़ सभाएं, मायावती सोशल मीडिया तक रहीं सीमित

## -समाजवादी पार्टी ने भी चुनाव के दौरान दिखाई सक्रियता





**लखनऊ, (हि.स.)।** नगर निकाय चुनाव के दूसरे चरण का प्रचार मंगलवार की शाम को थम गया। गुरुवार को दूसरे चरण का मतदान होना है। इस दौरान भाजपा, कांग्रेस के पदाधिकारियों ने प्रचार में कोई कसर नहीं छोड़ी। वहीं समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव भी कई जगह चुनावी सभाओं को संबोधित किये और रोड शो किये। बसपा प्रमुख मायावती ने प्रचार नहीं किया। वह सोशल मीडिया तक ही सीमित रहीं, जबकि प्रचार अभियान में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जबरदस्त अभियान चलाया। 24 अप्रैल से ही लगभग हर दिन उन्होंने तीन सभाएं कीं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 13 दिन में 49 सभाएं कीं। इन सभाओं के माध्यम से वह विपक्ष पर जमकर बरसे। वह प्रदेश के सभी नगर निगम क्षेत्रों के साथ ही जिलों में जाकर चुनावी सभाएं कीं। कई महानगरों में दो बार पहुंचे। गोरखपुर में तो उन्होंने चार सभाएं कीं। लखनऊ, प्रयागराज गोरखपुर समेत कुछ जगहों पर रोड शो कर जनता से समर्थन की अपील की। रैलियों के दौरान मुख्यमंत्री ने अपने हर भाषण में अराजकता खत्म करने की बात की। साथ ही भाजपा शासनकाल में माफिया के खिलाफ की जा रही कार्रवाई और विपक्ष के शासनकाल में अराजकता की बोलबाला की बात करते रहे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रदेश के सभी 18 मंडलों में गये। 24 अप्रैल को उन्होंने सहारनपुर, शामली और अमरोहा में सभा की। वहीं 25 अप्रैल को रायबरेली, उन्नाव, लखनऊ में उन्होंने सभा की। 27 अप्रैल को मथुरा, फिरोजाबाद, आगरा और लखनऊ में सभा को संबोधित किया। 28 अप्रैल को उन्होंने सीतापुर, लखीमपुर-खीरी, बलरामपुर और गोरखपुर में उन्होंने सभाएं की। 29 अप्रैल को मुख्यमंत्री गोरखपुर, महराजगंज, देवरिया, कुशीनगर और वाराणसी पहुंचे। वहीं दूसरे चरण के चुनाव प्रचार के अंतिम दिन मंगलवार को मुख्यमंत्री ने कानपुर, बांदा व चित्रकूट में सभाएं कीं। दूसरी तरफ बहुजन समाज पार्टी की मुखिया कहीं भी चुनाव प्रचार में नहीं निकलीं। हालांकि वह पहले भी कभी निकाय चुनाव में प्रचार करने नहीं गयीं। समीक्षकों का मानना है कि बसपा का नगरीय निकाय चुनाव में बहुत ज्यादा मतदाता नहीं होते। जो मतदाता हैं, वे लगभग बसपा को मतदान करते ही हैं। ऐसे में मायावती के निकलने का बहुत असर नहीं होता। वहीं यह भी कहना है कि बसपा प्रमुख मायावती की पार्टी में अब कोई चर्चित चेहरा नहीं रह गया है। इसके साथ ही उनके ऊपर उम्र भी हावी होती जा रही है। वरिष्ठ पत्रकार सुरेन्द्र अग्निहोत्री कहते हैं कि मायावती जान गयी हैं कि जमीन पर उनका आधार नहीं बचा है। उन्हें परिणाम पता है। उनके जाने, नहीं जाने से कोई प्रभाव नहीं पड़ता। जाने के बाद भी परिणाम अच्छे नहीं आते तो लोग उनके नेतृत्व पर सवाल खड़े होते। उन पर सवाल न उठे, इसलिए वह नहीं गयीं।

# भाजपा के बागी मनोज श्रीवास्तव पर मुकदमा दर्ज



**मीरजापुर, (हि.स.)।** भारतीय जनता पार्टी(भाजपा) से बगावत करना मनोज श्रीवास्तव को अब भारी पड़ने लगा है। पम्पलेट के माध्यम से प्रचार करने के आरोप में एक युवक को पकड़ना नगर पालिका परिषद मीरजापुर के निर्दल उम्मीदवार मनोज श्रीवास्तव को भारी पड़ गया। उनके साथ सात लोगों के विरूद्ध कटरा कोतवाली में मुकदमा दर्ज किया गया। दरअसल, मंगलवार की देर रात एक युवक मनोज श्रीवास्तव के विरोध में पर्चा बांट रहा था। युवक संदीप, कटरा कोतवाली क्षेत्र का निवासी है। यह नगर पालिका का ठेकेदार है। युवक को कब्जे में लेकर कोतवाली पुलिस पूछताछ कर रही है। उल्लेखनीय है कि भाजपा से बागी होकर मनोज श्रीवास्तव चुनावी मैदान में है। बाइक से एक युवक पर्चा बांटते समय पकड़ लिया गया। 11 मई को नगर निकाय की दूसरे चरण में होने वाले चुनाव के पूर्व पर्चा के साथ पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया गया। जबकि उसका दूसरा साथी फरार हो गया। प्रचार कर रहे युवक को पकड़ने पर राजनैतिक दबाव में हुई कार्रवाई को लेकर मनोज श्रीवास्तव ने विरोधी दल पर निशाना साधते हुए कहा कि आरोपों से डरने या झुकने वाले नहीं हैं। बीती रात में युवक को हिरासत में लिए जाने के बाद भाजपा नेता थाने पर पहुंचे। राजनैतिक दबाव के चलते मनोज श्रीवास्तव, अंकुर श्रीवास्तव, रविशंकर साहू, मनोज दमकल, मोहित गुप्ता एवं अमित साहू के साथ ही अन्य अज्ञात लोगों के विरूद्ध मामला दर्ज कराया गया। नगर निकाय चुनाव का प्रचार समाप्त हो चुका है, लेकिन एक वायरल पर्चा जिसके नीचे मुद्रक का नाम नहीं प्रकाशित है, के माध्यम से बिना नाम लिए एक उम्मीदवार को कटघरे में खड़ा किया गया था। यह मामला उस समय गरमा गया, जब उक्त उम्मीदवार के समर्थकों ने कटरा कोतवाली इलाके के चिनिहवा इनारा के पास से पर्चा बांट रहे एक युवक को पकड़ लिया और पूछताछ करने के बाद उसे पुलिस को सौंप दिया। उसके पास से एक गड्डी पंपलेट मिला है। आरोप है कि इसमें भाजपा के बागी उम्मीदवार मनोज श्रीवास्तव के विरूद्ध मनगढ़ंत कहानी बनाकर लिखी गई है।

# नम आंखों से दी गई सिपाही को विदाई, एडीजी ने पुलिस लाइन में दी श्रद्धांजलि



**उरई, (हि.स.)।** उरई कोतवाली क्षेत्र स्थित हाईवे चौकी में तैनात सिपाही भेदजीत की चेकिंग के दौरान रात तीन बजे बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। घटना को लेकर पुलिस की कई टीमों में हत्यारों की तलाश में जुटी हैं। इस बीच कानपुर जोन के अपर पुलिस महानिदेशक (एडीजी) आलोक सिंह व पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) जोगिंदर कुमार मौके पर पहुंचे। डॉग स्क्वॉयड से लेकर फॉरेंसिक टीम सबूत तलाशने में जुटी हुई हैं। इस बीच मौका-मुआयना के बाद एडीजी पुलिस लाइन पहुंचे, जहां उन्होंने दिवंगत सिपाही के शव को श्रद्धांजलि दी। एडीजी, आईजी समेत अन्य पुलिस अधीकारियों और कर्मियों ने दिवंगत सिपाही के पार्थिव शरीर को अंतिम विदाई दी। एडीजी ने कहा कि हत्यारों का बक्शा नहीं जाएगा। पुलिस की कई टीमें लगी हैं। इलाके के सीसीटीवी खंगाले जा रहे हैं। सिपाही भेदजीत की मौत की खबर से परिजनों का हाल बेहाल है। घटना के बाद शव लेने पहुंचे भाइयों की आंखों के आंसू नहीं थम रहे थे। इनमें सबसे छोटे भाई महावीर की हालत ठीक नहीं है। दिवंगत सिपाही भेदजीत के भाइयों ने बताया कि वो पांच भाई हैं, जिनमें से दो भाई पुलिस में अपनी सेवा दे रहे थे। मृतक सिपाही की पत्नी सीमा और एक बेटा अंकित व एक बेटी रिया चंडीगढ़ के मोहाली में रहते हैं। वहीं, माता सुखदेवी और पिता नारायण सिंह गांव में रहकर खेती बाड़ी का काम करते हैं।

# क्रांति दिवस पर शिवसेना ने निकाली क्रांति रैली




**मेरठ, (हि.स.)।** 10 मई 1857 की क्रान्ति में शहीद हुए क्रान्तिकारियों की याद में शिवसेना (उद्धव ठाकरे) मेरठ इकाई ने बुधवार को क्रांति रैली निकाली। इस दौरान शिव सैनिकों ने अमर सेनानियों को श्रद्धांजलि दी। छीपी टैंक स्थित शिवसेना कार्यालय से बुधवार को शिव सैनिकों ने वाहन रैली निकाली। वाहन रैली में शामिल शिवसैनिकों ने कमिश्नरी चौराहे स्थित नेताजी सुभाष चन्द्र बोस, कचहरी स्थित डॉ. भीमराव अम्बेडकर, मवाना अड्डे स्थित धन सिंह कोतवाल, जीरो माइल स्थित छत्रपति शिवाजी महाराज, बच्चा पार्क स्थित महाराणा प्रताप, बुढ़ाना गेट स्थित शहीद मंगल पांडे की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर शहीदों को याद किया। शिवसेना के प्रदेश महासचिव धर्मेन्द्र तोमर ने कहा कि इस क्रांति के शहीदों की याद में मार्गों व पार्कों के नाम रखे जाएे। क्रांति के शहीद मातादीन बाल्मीकि की प्रतिमा कमिश्नरी पार्क में लगाई जाए। क्रांति दिवस पर स्थानीय अवकाश के स्थान पर राष्ट्रीय अवकाश घोषित हो। इसके बाद वाहन रैली वापस शिवसेना कार्यालय पर पहुंची। रैली में महानगर प्रमुख मोहित त्यागी, अवनीश आर्य, मनोज विश्नोई, अमित भारती, दीपक कुमार, सोनिया उत्तम, कमल प्रजापति, कलाकार मुकेश शर्मा, पवन पार्चा, योगेश कौशिक, अमित तोमर, विपिन प्रजापति, रोहित रस्तोगी, गौरव वर्मा, मनीष कुमार, नरेश कुमार, आकाश कन्नौजिया, अमित पाल, अमित कन्नौजिया, पूनम गुप्ता, प्रेम शंकर, राम सिंह यादव आदि शामिल रहे।

# ईडी ने सेना के कब्जे वाली जमीन के मालिक सहित 13 लोगों को भेजा समन




**रांची, (हि.स.)।** सेना के कब्जे वाली जमीन के मालिक जयंत कर्नाड सहित 13 लोगों को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार देर रात समन भेज कर पूछताछ के लिए हाजिर होने का निर्देश दिया है। जिन्हें समन जारी किया गया है, उनमें सीए नरेश केजरीवाल की पत्नी माया केजरीवाल, जयंत कर्नाड को 10 मई, प्रमोद प्रसाद 11 मई, प्रेरणा सोनी 11 मई, हरिशंकर परशुरामपुरिया 11 मई, सचिदानंद प्रसाद 12 मई, शांति साव 12 मई, राजकिशोर साहू 13 मई, दीपशिखा धानुका 13 मई, सपना भारती 13 मई, सुधांशु कुमार 13 मई, संजय कुमार 15 मई और जानकी देवी 15 मई शामिल हैं। ईडी जांच में पाया गया है कि कर्नाड परिवार ने सेना के कब्जे से जमीन वापस लेने और किराया बढ़ाने के लिए लंबी कानूनी लड़ाई लड़ी। इससे जमीन का किराया तो बढ़ा, लेकिन कोर्ट से सेना को संबंधित जमीन से हटाने में कामयाबी नहीं मिली। इस बीच जयंत कर्नाड ने सेना के कब्जे वाली जमीन 13 लोगों को बेच दी। खरीदारों ने म्यूटेशन के लिए आवेदन दिया, लेकिन जमीन पर कब्जा नहीं होने के आधार पर बड़गाईं अंचल ने म्यूटेशन आवेदन को खारिज कर दिया। इसके बाद प्रदीप बागची ने फर्जी दस्तावेज के सहारे जमीन का मालिक कर जमीन जगत बंधु टी स्टेट को बेच दी।

# हाई कोर्ट में जंगल की जमीन बेचने मामले में जवाब दाखिल करने के लिए सरकार को मिला समय




**रांची, (हि.स.)।** झारखंड हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में बुधवार को हजारीबाग में फॉरेस्ट की 450 एकड़ जमीन को रैयती बनाकर बेचने की जांच का आग्रह करने वाली शिव शंकर शर्मा की जनहित याचिका पर सुनवाई हुई। हाई कोर्ट ने राज्य सरकार के प्रधान सचिव, वन एवं पर्यावरण विभाग को जांच रिपोर्ट दाखिल करने के लिए समय दिया। कोर्ट ने मामले की सुनवाई 28 जून निर्धारित की है। इससे पहले राज्य सरकार की ओर से जवाब दाखिल करने के लिए चार सप्ताह के समय की मांग की गई थी। पिछली सुनवाई में याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता राजीव कुमार ने कोर्ट को बताया था कि हजारीबाग में 450 एकड़ की जंगल की जमीन को रैयती जमीन बनाकर 2008 लोगों ने खरीद बिक्री की। वन विभाग की ओर से इस वन भूमि को लेकर नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट दिया गया था। वन विभाग के वरीय अधिकारियों की मिलीभगत से जंगल की जमीन को बेचने का काम हुआ है। पूर्व में इस मामले में एक जांच कराई गई थी। इसमें क्लास तीन और चार के तीन कर्मियों के खिलाफ सिर्फ प्रपत्र क इश्यू किया गया था।

# खूंटी के तोरपा में मौत का सबब बन रहा सड़कों पर अतिक्रमण



**खूंटी, (हि.स.)।** तोरपा के के लोकप्रिय शिक्षक मुस्कु बड़ाईक की मंगलवार की रात सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क किनारे गिराई गई रेत और निर्माण सामग्री के अलावा दुकानों और घरों से निकलने वाले कूड़े-कचरे आए दिन दुर्घटना का कारण बन रहे हैं और इसी का शिकार हो गए शिक्षक मुस्कु बड़ाईक। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि यदि सड़क किनारे कूड़े-कचरे नहीं होते, तो मुस्कु बड़ाईक न असंतुलित होकर गिरते और न ही ट्रक की चपेट में आने से असमय उनकी मौत होती। स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रशासन द्वारा कभी अतिक्रमण हटाओ अभियान नहीं चलाया जाता। इसी का नतीजा है कि तोरपा में आए दिन सड़क दुर्घटना में लोग अपनी जान गंवा रहे हैं। उल्लेखनीय है कि इसके पहले भी चार नवंबर 2022 को निर्णय सिंधु बेहरा की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी। तोरपा प्रखंड के शहरी इलाके सड़क किनारे अतिक्रमण का दायरा लगातार बढ़ता ही जा रहा है। अतिक्रमणकारियों के खिलाफ पुलिस या प्रखंड प्रशासन द्वारा कोई कार्रवाई नहीं किए जाने से लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है। रात के समय चौड़ी दिखने वाली सड़क सुबह संकरी हो जाती है।

# एनटीपीसी के सीएसआर फंड से विद्यालय में बन रहा है शौचालय, पांच में वर्ग कक्ष




**बेगूसराय, (हि.स.)।** ऊर्जा क्षेत्र की देश की सबसे बड़ी कंपनी एनटीपीसी ना सिर्फ बिजली बनाती है बल्कि, समाज को आगे बढ़ाने में लगातार मदद कर रही है। इसी कड़ी में एनटीपीसी बरौनी ने सीएसआर फंड से शिक्षा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में बड़ी राशि जारी की है। जानकारी के मुताबिक स्थानीय सांसद और केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने पिछले दिनों राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम के चेयरमैन से मिलकर सीएसआर फंड में शिक्षा और स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने का निवेदन किया था। इसके बाद एनटीपीसी बरौनी ने बेगूसराय में स्कूलों के लिए करीब तीन करोड़ दिया तथा स्वास्थ्य सुविधा के लिए 50 लाख वार्षिक खर्च की अनुमति दी है। स्वीकृति मिलने के बाद उ.म.वि. तेलशोधक कॉलोनी, म.वि. सिमरिया, उ.वि. सिमरिया, उ.मा.वि. असुरारी, उ.म.वि. देवना उर्दू, प्रा.वि. बिंदटोली नवीन, उ.म.वि. जगतपुरा, उ.म.वि. रचियाही दक्षिण, उ.म.वि. बदलपुरा, उ.मा.वि. केशावे, उ.म.वि. रूपनगर, उ.मा.वि. चकिया पुनर्वास, म.वि. बीहट, उ.वि. बीहट, उ.म.वि. चकबल्ली एवं उ.मा.वि. विष्णुपुर चांद में शौचालय निर्माण करवा रही है। इसके साथ ही बी.एस.एस. उच्च विद्यालय राजवाड़ा में चार, वैदेही शरण बालिका उच्च विद्यालय बीहट में तीन तथा ओमर उच्च विद्यालय तेघड़ा, उत्क्रमित मध्य विद्यालय खम्हार एवं मध्य विद्यालय पनहांस में दो-दो वर्ग कक्ष का निर्माण कराया जा रहा है। जबकि छोड़कर प्रत्येक दिन बरौनी पीएचसी के साथ मिलकर विभिन्न क्षेत्रों में स्वास्थ्य शिविर लगाए जा रहे है। भाजपा नेता-सह-सांसद प्रतिनिधि अमरेन्द्र कुमार अमर ने बताया कि एनटीपीसी के माध्यम से स्कूलों में संसाधनों पर तीन करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं। स्वास्थ्य के क्षेत्र में विभिन्न पीएचसी को 50 लाख से अधिक मुहैया कराया गया है। अन्य प्रतिष्ठान एचयूआरएल, रिफाइनरी, एनएचआई तथा कार्यरत विभिन्न कंपनियों के सीएसआर फंड से शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क एवं अन्य क्षेत्रों में कार्य किया जाएगा।

# भाजपा नेता कुश मोदी ने जदयू पार्टी की सदस्यता ग्रहण की



**सहरसा, (हि.स.)।** भारतीय जनता पार्टी के युवा नेता कुश मोदी ने आज भाजपा को छोड़ अपने समर्थकों के साथ जनता दल यूनाइटेड की सदस्यता ग्रहण की। प्रदेश मुख्यालय में पार्टी के विधान परिषद के सदस्य ललन सर्राफ ने उन्हें प्राथमिक सदस्यता दिलाई। उक्त जानकारी जिला अध्यक्ष चंद्रदेव मुखिया एवं मीडिया प्रभारी रंजीत कुमार बबलू ने संयुक्त रूप से दी। कुश मोदी ने कहा कि कमरतोड़ मंहगाई,बढ़ती बेरोजगारी और समाज में जहर घोलने वाली मोदी सरकार से लोगों का मोह भंग हो गया है। जुमले से सत्ता का संचालन और देश की सेवा नही हो सकती है। इसलिए आज हमने नीतीश कुमार के नेतृत्व को स्वीकार किया है। नीतीश कुमार ऐसे नेता हैं जिन्होंने अपने कुशल नेतृत्व से संसाधन विहीन बिहार को प्रगति के पथ पर आगे बढ़ा रहे हैं। उनमें दक्षता है कि देश को भी अपने कुशल नेतृत्व से आगे बढ़ा सकते हैं। इस अवसर पर जदयू कार्यकर्ताओ ने नये सदस्य के रूप में स्वागत कर बधाई दी।

# "आजीविका" बना राष्ट्र का मिशन तो ग्रामीण महिलाएं तेजी से होने लगी आत्मनिर्भर

**पटना/बेगूसराय, (हि.स.)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आजीविका मिशन को राष्ट्रीय मिशन बनाकर ग्रामीण भारत को आत्मनिर्भर बनाने का मंत्र दे दिया है। अवसरों का सृजन कर गरीबी दूर करने की दिशा में पहल बन चुकी दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय आजीविका मिशन करोड़ों ग्रामीण परिवारों की समृद्धि का श्रोत बन गया। राष्ट्रीय आजीविका मिशन ने नारी शक्ति को एक नई पहचान और दिशा दी है। इसके साथ ही छोटे-छोटे समूहों के माध्यम से प्रशिक्षित, प्रेरित, मार्गदर्शित हुई महिलाएं स्वावलंबन की नई राह पर आगे बढ़ रही हैं। 2011 में शुरू राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन में गरीबी रेखा से नीचे (बीपीएल) के परिवारों को लक्ष्य समूह बनाकर दायरे में रखा गया था। 2014 में नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में बनी सरकार ने योजना का आकलन किया तो उसका दायरा भी बढ़ाया। नाम बदलकर दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (डीएवाई-एनआरएलएम) किया। अब सामाजिक आर्थिक और जातिगत जनगणना 2011 के डेटाबेस के अनुसार कम से कम एक तरह के अभाव वाले सभी परिवारों को मिशन के लक्ष्य समूह में शामिल कर लिया गया। इससे महिला स्वयं सहायता समूहों की संख्या तेजी से बढ़ी। तब से अपने नाम और लक्ष्य को चरितार्थ कर रहा यह मिशन समाज में क्रांतिकारी परिवर्तन ला रहा है। आर्थिक प्रगति के कारण महिलाएं और उनका परिवार गरीबी से बाहर आने लगा है, उनके जीवन की गुणवत्ता में भी सुधार हो रहा है।

मिशन की आधारशिला समुदाय आधारित है और ग्रामीण महिलाएं इसके मूल में हैं। मिशन ने महिला सशक्तीकरण के लिए एक बड़ा मंच प्रदान किया है। इसकी 2011 से 2014 तक की प्रगति को देखें तो पांच लाख स्वयं सहायता समूह बने थे और सिर्फ 50-52 लाख परिवारों को स्वयं सहायता समूह से जोड़ा गया था। लेकिन 2014 के बाद से इसमें क्रांतिकारी परिवर्तन आया। पिछले नौ वर्षों में स्वयं सहायता समूहों को सशक्त बनाने में केंद्र सरकार ने हर प्रकार से मदद की है। प्रधानमंत्री के इस योजना के प्रति विजन और लक्ष्य है कि हर ग्रामीण परिवार से कम से कम एक महिला इस अभियान से जुड़े। इसके लिए केंद्रीय ग्रामीण विकास और पंचायती राज मंत्री गिरिराज सिंह पहल कर रहे हैं। जिसके कारण नौ मई 2023 तक सदस्यों की संख्या 9.09 करोड़ को पार कर गई। बैंक लिंकेज 6.57 लाख करोड़ हो गया, एनपीए 1.85 प्रतिशत है। लखपति दीदी की संख्या 1.24 करोड़ हो गई तथा यह आंकड़ा प्रत्येक दिन तेजी से बढ़ रहा है। बात बेगूसराय की करें तो यहां खेती, किसानी एवं व्यवसाय से जुड़कर तीन लाख 23 हजार 664 महिलाओं ने 27 हजार से अधिक स्वयं सहायता समूह बनाकर कई कीर्तिमान स्थापित किया। इन्होंने 110 करोड़ रुपए की बचत की हैं। इससे इन महिलाओं की दुनिया ही बदल गई है। इन तीन लाख से ज्यादा महिलाओं ने अपनी क्षमताओं को विकसित करने के लिए कृषि एवं गैर कृषि क्षेत्र में अपनी अभिरूची के अनुसार क्षेत्र चुना। बेरोजगार का दंश झेलते हुए गृहिणी बनकर घर में बैठी महिलाएं एक तरफ जहां खुद को स्वावलंबी बना रही हैं। वहीं लोगों को भी रोजगार उपलब्ध करा रही हैं।

## संपादकीय

# कर्नाटक की संप्रभुता अलग!

**भारत** एक संप्रभु राष्ट्र है, क्योंकि वह स्वतंत्र और अखंड देश है। भारत राज्यों का संघ है, लेकिन संप्रभुता 'राष्ट्रीय' ही है। वही संप्रभुता राज्यों को भी हासिल है। इन सबका उल्लेख भारत के संविधान की प्रस्तावना में भी है। कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने, कर्नाटक चुनाव प्रचार के दौरान, अपने संबोधन में 'संप्रभुता' या समानार्थी अंग्रेजी शब्द का इस्तेमाल नहीं किया, लेकिन कांग्रेस के अधिकृत ट्विटर हैंडल से उनका जो बयान जारी किया गया है, उसमें कर्नाटक की अखंडता, संप्रभुता, प्रतिष्ठा का उल्लेख जरूर है। यह विरोधाभासी बयान सोनिया गांधी की अनुमति के बिना जारी कैसे किया जा सकता है? सोमवार देर रात तक यह बयान डिलीट नहीं किया गया था और न ही पार्टी की तरफ से अधिकृत स्पष्टीकरण आया था। कुछ गड़बड़ तो जरूर है। प्रधानमंत्री मोदी ने इस पर बेहद आक्रामक अंदाज में सवाल किया कि क्या कर्नाटक की संप्रभुता, भारत की राष्ट्रीय संप्रभुता से, अलग है? क्या कर्नाटक भारतीय संघ का अंतरंग, अविभाज्य अंग नहीं है? कांग्रेस का 'शाही परिवार' चुनाव और राजनीति को प्रभावित करने के लिए ऐसे बयान क्यों दे रहा है? शाही परिवार देश में विदेशी शक्तियों के दखल को उकसाता रहा है और लगातार टिप्पणी करता रहा है कि भारत में लोकतंत्र खत्म हो चुका है। यदि भारत में लोकतंत्र और आजादी नहीं है, तो कर्नाटक संप्रभु और अखंड कैसे रह सकता है? बहरहाल चुनाव आयोग ने भाजपा की शिकायत के मद्देनजर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को नोटिस भेजकर सोनिया गांधी के कथित बयान पर स्पष्टीकरण मांगा है। हालांकि भाजपा ने कांग्रेस की मान्यता और पंजीकरण रद्द करते हुए पार्टी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की थी। चुनाव आयोग ऐसा 'चरम निर्णय' नहीं लेगा, यह हमारा आकलन है। बेशक सोनिया गांधी ने कर्नाटक की संप्रभुता और अखंडता को, भारत से, भिन्न न आंका हो, लेकिन ट्विटर के जरिए दुनिया के करोड़ों लोगों तक यह संदेश जरूर चला गया है कि भारत की संप्रभुता के भीतर, राज्यों की संप्रभुता भी, भिन्न है। बेशक यह संदेश देश-विरोधी है और भारत की सार्वभौमिक छवि को खंडित करता है। हमारे देश में चुनाव बड़े विकृत और नफरती होते जा रहे हैं। कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने प्रधानमंत्री मोदी को 'जहरीला सांप' करार दिया, 'नालायक बेटा' तक भी कहा और बदले में एक भाजपा विधायक ने सोनिया गांधी को 'विषकन्या' करार देते हुए चीन और पाकिस्तान की एजेंट तक कह दिया। क्या जनादेश ऐसे अपशब्दों पर भी हासिल किए जा सकते हैं। सोनिया गांधी के कथित बयान पर कांग्रेस प्रवक्ता सिर्फ यही बोलते रहे कि प्रधानमंत्री अनर्गल अलाप कर रहे हैं। झूठ बोल रहे हैं। वीडियो दिखाओ। ट्विटर वाले बयान पर वे कन्नी काटते रहे। संप्रभुता को विभाजित करने की बात कहना कोई सामान्य कथन नहीं है। देश में सभी मंत्री और संसद में सभी सांसद संविधान और भारत की संप्रभुता को अक्षुण्ण रखने की शपथ लेकर अपना पद ग्रहण करते हैं। उसका भी उल्लंघन किया गया है, यदि सोनिया गांधी ने ऐसी बात कही है। कांग्रेस ने अपने घोषणा-पत्र में बजरंग दल पर प्रतिबंध लगाने की बात कही, तो प्रधानमंत्री समेत भाजपा नेताओं ने उसे भगवान बजरंग बली के अपमान से जोड़ लिया। प्रधानमंत्री के रोड शो तक में प्रभु हनुमान का प्रतिरूप बनाकर किसी व्यक्ति को पेश किया गया और वह पूरे रोड शो के दौरान चलता रहा। मंदिरों में 'हनुमान चालीसा' का पाठ बड़ी धूमधाम से कराया गया। क्या इस पर भी जनादेश मिलता है।

प्रधानमंत्री मोदी ने इस पर बेहद आक्रामक अंदाज में सवाल किया कि क्या कर्नाटक की संप्रभुता, भारत की राष्ट्रीय संप्रभुता से, अलग है? क्या कर्नाटक भारतीय संघ का अंतरंग, अविभाज्य अंग नहीं है? कांग्रेस का 'शाही परिवार' चुनाव और राजनीति को प्रभावित करने के लिए ऐसे बयान क्यों दे रहा है? शाही परिवार देश में विदेशी शक्तियों के दखल को उकसाता रहा है और लगातार टिप्पणी करता रहा है कि भारत में लोकतंत्र खत्म हो चुका है। यदि भारत में लोकतंत्र और आजादी नहीं है, तो कर्नाटक संप्रभु और अखंड कैसे रह सकता है? बहरहाल चुनाव आयोग ने भाजपा की शिकायत के मद्देनजर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को नोटिस भेजकर सोनिया गांधी के कथित बयान पर स्पष्टीकरण मांगा है। हालांकि भाजपा ने कांग्रेस की मान्यता और पंजीकरण रद्द करते हुए पार्टी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की थी। चुनाव आयोग ऐसा 'चरम निर्णय' नहीं लेगा, यह हमारा आकलन है। बेशक सोनिया गांधी ने कर्नाटक की संप्रभुता और अखंडता को, भारत से, भिन्न न आंका हो, लेकिन ट्विटर के जरिए दुनिया के करोड़ों लोगों तक यह संदेश जरूर चला गया है

## कुछ अलग

# भोर भए टैंकर पर

**मत** पूछो, लड़ते लड़ते अब मेरी बीवी कितनी लड़ाकू टाइप की बीवी हो गई है। नेताओं से भी लड़ाकी! पर माफ करना, जब तक मेरा तबादला इस शहर नहीं हुआ था, तब तक वह बहुत ही शांत टाइप की बीवी थी। तब मैं कुछ भी कहता था तो वह सब हंसी हंसी में टाल जाती थी, पर आज मैं कुछ नहीं कहता, तब भी पतीले में रखे अंडे की तरह हर वक्त उबलती हुई। असल में उसे लड़ना मैंने नहीं, सरकारी राशन की दुकान वाले ने सिखाया। असल में उसे लड़ना मैंने नहीं, पानी विभाग वालों के नलों की सूखी हल्खों ने सिखाया, असल में उसे लड़ना मैंने नहीं, बिजली विभाग वालों के बिजली के बुझे बल्बों ने सिखाया। अब उसके लड़ने के कौशल को देख मैंने भी उसका पति होने के नाते उसके लड़ने के सारे हाथ मजबूत करने के नेक इरादे से अपने लड़ने की जीपीओ उसके नाम कर दी है। अब बल्ब में बिजली नहीं तो वह बेकिचक बिजली वालों से वही लड़ती है। मैं चुपचाप उसके सामने भीगा बिल्ला बना रहता हूं। अब नल में जल नहीं तो वह बेकिचक पानी वालों से वही लड़ती है। मैं चुपचाप उसके सामने भीगा बिल्ला बना रहता हूं। सरकारी राशन की दुकान में राशन नहीं मिलता तो वह बेकिचक राशन की दुकान वाले से भी वही लड़ती है। मैं चुपचाप उसके सामने भीगा बिल्ला बना रहता हूं। लड़ने के बाद थक कर वह मुझे आराम करती समझाते हुए कहती है, सुनो! पार्थ! इस देश में लड़े बिना कुछ मिलने वाला नहीं। यहां बात बात पर लड़ने की कला ही स्वस्थ जीवन जीने की कला है। जबसे हम इस कालोनी में सिधारे हैं, मानसून के आ जाने के बावजूद भी रोज पानी की लड़ाई लड़ रही है पानीपत की लड़ाई से भी खतरनाक लड़ाई। पर खुशी की बात! वह हर बार तय बाल्टियों में पानी लेकर ही विजय की मुद्रा में लौटती है। रोज सुबह सुबह चार बजे उठकर भगवान का नाम लेने के बदले पानी विभाग और मुझे मन ही मन गालियां देती हुई पानी का टैंकर आने वाली जगह अपनी बाल्टियां छोड़ आती है। उसके बाद घर आकर आधे चैन से मन ही मन मुझसे लड़ती हुई सो जाती है। जैसे ही उसे पक्षियों के चहचहाने के बदले पानी के टैंकर के आने की आवाज सुनाई देती है, वह झटके से उठ चलते चलते ही अनुलोम विलोम करती टैंकर की ओर लपकती है। तब तक वहां पर पानी के लिए पानीपत का युद्ध शुरू हो चुका होता है। हनुमान द्वारा लंका में आग लगाए जाने के बाद रावण की रानियों का पानी! पानी! पानी! सब रानी अकुलानी कहैं, जाति हैं परानी, गति जानी गजचालि है। पानी के लिए पानी वालों से अधिक उनके बरतन आपस में लड़ भिड़ रहे होते हैं तो पानी के बरतनों से अधिक पानी को लेकर पानी वालों के हाथ मुंह। पानी के लिए लड़ने के पूरे मूड में जब वह वहां जाकर देखती है कि जिस जगह उसने लाइन में पानी के लिए अपनी लड़ लड़ कर पिचकी बाल्टियां रखी थीं, वे वहां से बहुत पीछे सरकाई जा चुकी हैं तो वह पानी के हक के लिए अपनी जगह पानी को रखे बरतन वाले के साथ उलझ लेती है दोकलाम वाली मुद्रा में। पानी के लिए इस छीना झपटी में जहां उसने पानी के लिए बाल्टियां रखी होती हैं, वह उन्हें उससे आगे रखने में वह कामयाब हो जाती है।

असल में उसे लड़ना मैंने नहीं, पानी विभाग वालों के नलों की सूखी हल्खों ने सिखाया, असल में उसे लड़ना मैंने नहीं, बिजली विभाग वालों के बिजली के बुझे बल्बों ने सिखाया। अब उसके लड़ने के कौशल को देख मैंने भी उसका पति होने के नाते उसके लड़ने के सारे हाथ मजबूत करने के नेक इरादे से अपने लड़ने की जीपीओ उसके नाम कर दी है। अब बल्ब में बिजली नहीं तो वह बेकिचक बिजली वालों से वही लड़ती है। मैं चुपचाप उसके सामने भीगा बिल्ला बना रहता हूं।

### स्कूल के काम और अध्ययन के तनाव के प्रबंधन के बारे में अपने छात्रों के साथ खुली और ईमानदार बातचीत करें

# छात्रों पर मानसिक दबाव कम करने के उपाय

प्रो. मनोज डोगरा

स्कूल में अच्छा प्रदर्शन करने का दबाव छात्रों में तनाव और चिंता को बढ़ाता है जिससे शारीरिक, सामाजिक और भावनात्मक स्वास्थ्य खराब होता है। छात्र उच्च ग्रेड और अकादमिक सफलता प्राप्त करने के लिए अपने माता-पिता, स्कूल, शिक्षकों, समाज या खुद से दबाव महसूस कर सकते हैं। हमारे छात्रों में तनाव और चिंता के लक्षणों को पहचानना, व्यावहारिक मुकाबला करने के कौशल विकसित करने में उनकी मदद करना, माता-पिता के साथ साझेदारी में काम करना, संतुलन के महत्व को मजबूत करना और यथार्थवादी अपेक्षाएं स्थापित करना सभी सहायक दृष्टिकोण हैं जो स्कूल उन छात्रों का समर्थन करने के लिए अपना सकते हैं जो ऐसा करने का दबाव महसूस करते हैं।

**व्यक्ति** के व्यक्तित्व निर्माण में शिक्षा सबसे महत्वपूर्ण चीज है, लेकिन आजकल अच्छे नंबर लाने का बहुत दबाव है। छात्रों के बीच प्रतिस्पर्धा कठिन होती जा रही है। ऐसे में छात्रों के दबाव को कम करने के लिए कुछ कदम उठाने की जरूरत है। सबसे पहले जब बच्चे स्कूल जाते हैं तो माता-पिता उनसे अच्छे रिजल्ट की उम्मीद करते हैं। स्कूलों से वापस आने के बाद, उन्हें निजी शिक्षण कक्षाओं में शामिल होने के लिए मजबूर किया जाता है। उन्हें फुर्सत ही नहीं मिलती। इसी तरह विश्वविद्यालयों में सीटों की संख्या कम होने के कारण छात्रों को प्रवेश पाने के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ती है और कड़ी प्रतिस्पर्धा से गुजरना पड़ता है। इससे छात्रों पर भारी दबाव भी पड़ता है। इसके अलावा, यह छात्रों के लिए बिल्कुल भी फायदेमंद नहीं है। जब पढ़ाई और प्रतियोगिता का दबाव बढ़ता है तो इसका प्रभाव छात्रों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर भी पड़ता है। इस दबाव को कम करने के लिए माता-पिता को यह समझना चाहिए कि उनके बच्चे भी अवकाश के समय के हकदार हैं। प्रतियोगिता को कम करने के लिए अधिक विश्वविद्यालयों का भी निर्माण किया जाना चाहिए। स्कूल में अच्छा प्रदर्शन करने का दबाव छात्रों में तनाव और चिंता को बढ़ाता है जिससे शारीरिक, सामाजिक और भावनात्मक स्वास्थ्य खराब होता है। छात्र उच्च ग्रेड और अकादमिक सफलता प्राप्त करने के लिए अपने माता-पिता, स्कूल, शिक्षकों, समाज या खुद से दबाव महसूस कर सकते हैं। हमारे छात्रों में तनाव और चिंता के लक्षणों को पहचानना, व्यावहारिक मुकाबला करने के कौशल विकसित करने में उनकी मदद करना, माता-पिता के साथ साझेदारी में काम करना, संतुलन के महत्व को मजबूत करना और यथार्थवादी अपेक्षाएं स्थापित करना सभी सहायक दृष्टिकोण हैं जो स्कूल उन छात्रों का समर्थन करने के लिए अपना सकते हैं जो ऐसा करने का दबाव महसूस करते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गत दिनों अपने वार्षिक 'परीक्षा पे चर्चा' के दौरान छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों के साथ बातचीत की। बातचीत के दौरान उन्होंने भी कहा कि विद्यार्थियों के लिए परीक्षा एकमात्र पड़ाव है, तनाव नहीं, इसलिए विद्यार्थियों को परीक्षा के दिनों को मानसिक दबाव के रूप में नहीं लेना चाहिए। उन्होंने अभिभावकों को सलाह दी कि वे बच्चों पर अंकों को लेकर दबाव न बनाएं। हमारे माननीय



प्रधानमंत्री ने भी हाल ही में एग्जाम वॉरियर्स में बच्चों को प्रेरित किया। प्रधानमंत्री ने कहा, 'मैं माता-पिता से आग्रह करता हूं कि वे अपने बच्चों पर दबाव न डालें। लेकिन साथ ही, छात्रों को भी अपनी क्षमताओं को कम नहीं आंकना चाहिए।' उन्होंने कहा, 'परिवार के सदस्यों की बहुत सारी उम्मीदें होना बहुत स्वाभाविक है और इसमें कुछ भी गलत नहीं है, लेकिन अगर सामाजिक स्थिति के कारण परिवार के सदस्यों को ये उम्मीदें हैं तो यह चिंता का विषय है।' पीएम मोदी ने कहा, 'जो लोग कड़ी मेहनत करते हैं, उनका जीवन निश्चित रूप से धन्य होता है, रंगों से भरा जीवन। आपके और आपके साथियों के बीच परीक्षा में 2-3 अंकों का अंतर लंबे समय में जीवन में मायने नहीं रखता। जो समर्पित हैं वे निश्चित रूप से सर्वश्रेष्ठ प्राप्त करेंगे।' पीएम मोदी ने अपने सत्र के दौरान कहा, 'आलोचना बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि यह भविष्य को बढ़ाने और आकार देने में मदद करती है। माता-पिता आलोचना नहीं करते, वे बाधित करते हैं। उन्हें अपने बच्चों को बीच में रोकना चाहिए। ऐसे लोग हैं जो बहुत मेहनत करते हैं। कुछ के लिए कड़ी मेहनत उनके जीवन के शब्दकोश में भी मौजूद नहीं है, कुछ मुश्किल से स्मार्ट काम करते हैं, और कुछ स्मार्ट कड़ी मेहनत करते हैं। हमें इन पहलुओं की बारीकियों को सीखना चाहिए और वांछित परिणाम प्राप्त करने के लिए उसी के अनुसार काम करना चाहिए।' पीएम मोदी ने जोड़ा, 'तनाव एक छोटा सा नहीं बल्कि बहुत ही गहरा एवं बड़ा विषय है जबकि तनाव की प्रतिक्रिया समान हो सकती है, व्यक्तियों द्वारा रिपोर्ट किए गए तनाव के स्रोत अलग-अलग होते हैं। ये अंतर तनाव के कारणों, स्रोतों और परिणामों में देखे जा सकते हैं। ट्रिगर के कारण की परवाह किए बिना प्रत्येक व्यक्ति द्वारा प्राप्त तनाव प्रतिक्रिया समान है। उदाहरण के लिएए वैवाहिक तनाव, परीक्षा की चिंता, काम का तनाव आदि शरीर से समान शारीरिक प्रतिक्रियाएं प्राप्त करेंगे। यह मुख्य रूप से एड्रेनो-मेडुलरी सिस्टम के कारण होता है, जो हमारे तंत्रिका तंत्र के अनुकंपी विभाजन का हिस्सा है। आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में विद्यार्थियों और बच्चों को मानसिक तौर से मुक्त करना एक बहुत अहम कार्य है। कक्षा कार्य, परीक्षा और आकलन के लिए स्पष्ट और यथार्थवादी अपेक्षाएं निर्धारित करें। सहायता प्राप्त करने की रणनीतियों को साझा करें। यदि छात्र अभिभूत महसूस करते हैं तो उनका उपयोग कर सकते हैं। अपने छात्रों को याद दिलाएं कि एक विकास मानसिकता, जहां विफलता को विकास और सीखने के अवसर के रूप में देखा जाता है, माध्यमिक विद्यालय में सफलता का एक प्रमुख पहलू है। अपने छात्रों के साथ व्यावहारिक स्व-प्रबंधन रणनीतियों को साझा करें जिनका उपयोग वे तनाव और चिंता को प्रबंधित करने के लिए कर सकते हैं, जैसे कि श्वास और सूक्ष्म व्यायाम, सकारात्मक आत्म-चर्चा और कृतज्ञता का अभ्यास। अपने छात्रों को यथार्थवादी और प्राप्त करने योग्य लघु, मध्यम और दीर्घकालिक सीखने के लक्ष्य निर्धारित करने के अवसर प्रदान करें। इस प्रक्रिया में माता-पिता को शामिल करने से उनकी उम्मीदों को उनके बच्चे के साथ संरेखित करने में मदद मिल सकती है। स्कूल के काम और अध्ययन के तनाव के प्रबंधन के बारे में अपने छात्रों के साथ खुली और ईमानदार बातचीत करें। माध्यमिक विद्यालय में समय प्रबंधन, अध्ययन और परीक्षा के दबाव के आसपास प्रभावी संरचनाएं विकसित करना छात्रों के दीर्घकालिक कल्याण में बड़ा अंतर ला सकता है।

# 'जलवायु परिवर्तन' के जवाब में 'जन्म हड़ताल'

प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग इस कदर बढ़ गया है कि भविष्य में धरती की आबादी के लिए 4 से 6 पृथ्वी की जरूरत होगी। इस खतरनाक परिदृश्य से पैदा संकट को ध्यान में रखकर अमेरिका की युवा सांसद अलेक्जेंड्रीया ओकोसिया कार्टेज अपने इंस्टाग्राम पर लाखों फालोअर्स को समझा रही हैं कि आने वाले समय में बच्चों को भयानक प्राकृतिक आपदाओं को झेलना होगा। ऐसे में बच्चों को जन्म देना क्या उचित होगा? इस पर गंभीरता से विचार किया जाए। कई प्रदूषणकारी पदार्थ गर्भवती महिलाओं के गर्भ-नाल (प्लेसेंटा) से गर्भस्थ शिशु तक पहुंचकर कई प्रकार की विकृतियां पैदा कर रहे हैं। ब्रिटेन की एक संगीतकार ब्लीथ पेपीनो ने अपनी कई महिला सहयोगियों के साथ निर्णय लिया है कि जलवायु परिवर्तन से पैदा विपरीत प्रभावों में सुधार नहीं होने तक वे गर्भधारण नहीं करेंगी। अपने इस निर्णय के प्रचार-प्रसार हेतु उन्होंने एक संगठन 'बर्थ-स्ट्राईक' बनाया है जिससे हजारों महिलाएं जुड़ रही हैं। संगठन का कहना है कि वे बच्चों को ऐसी दुनिया में जन्म देना नहीं चाहतीं जहां उनके हिस्से के प्राकृतिक संसाधनों को नष्ट कर पर्यावरण प्रदूषित कर दिया गया है।

**सत्तर** के दशक से जोर पकड़ते पर्यावरण प्रदूषण ने अब ऐसे 'जलवायु परिवर्तन' तक की यात्रा पूरी कर ली है जिसमें माताएं बच्चों को जन्म तक देने से बचना चाहती हैं। उनका कहना है कि प्राकृतिक संसाधनों के अंधाधुंध उपभोग ने अव्वल तो आने वाली पीढ़ी के लिए कुछ भी नहीं छोड़ा है और दूसरे, इस आपाधापी में पृथ्वी बर्बाद, बदसूरत होती जा रही है। इस आलेख में इस विषय को खंगालने की कोशिश करेंगे। संयुक्त राष्ट्र संघ की एक रिपोर्ट में चेतावनी दी गयी है कि अगर 2030 तक 'जलवायु परिवर्तन' पर लगाम नहीं लगायी गयी तो आने वाली पीढियों के लिए पृथ्वी ग्रह रहने लायक नहीं रहेगा। जलवायु परिवर्तन से बाढ़, सूखा, जंगलों की आग, तापमान, वर्षा की तीव्रता, मरुस्थलीकरण और विभिन्न प्रकार के प्रदूषण बढ़ रहे हैं एवं कृषि पैदावार, वन क्षेत्र एवं जैव विविधता घट रही है। मलेरिया एवं डेंगू रोग बढ़ रहे हैं। प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग इस कदर बढ़ गया है कि भविष्य में धरती की आबादी के लिए 4 से 6 पृथ्वी की जरूरत होगी। इस खतरनाक परिदृश्य से पैदा संकट को ध्यान में रखकर अमेरिका की युवा सांसद अलेक्जेंड्रीया ओकोसिया कार्टेज अपने इंस्टाग्राम पर लाखों फालोअर्स को समझा रही हैं कि आने वाले समय में बच्चों को भयानक प्राकृतिक आपदाओं को झेलना होगा। ऐसे में बच्चों को जन्म देना क्या उचित होगा? इस पर गंभीरता से विचार किया जाए। कई प्रदूषणकारी पदार्थ गर्भवती महिलाओं के गर्भ-नाल (प्लेसेंटा) से गर्भस्थ शिशु तक पहुंचकर कई प्रकार की विकृतियां पैदा कर रहे हैं। ब्रिटेन की एक संगीतकार ब्लीथ पेपीनो ने अपनी कई महिला सहयोगियों के साथ निर्णय लिया है कि जलवायु परिवर्तन से पैदा विपरीत प्रभावों में सुधार नहीं होने तक वे गर्भधारण नहीं करेंगी। अपने इस निर्णय के प्रचार-प्रसार हेतु उन्होंने एक संगठन 'बर्थ-स्ट्राईक' बनाया है जिससे हजारों महिलाएं जुड़ रही हैं। संगठन का कहना है कि वे बच्चों को ऐसी दुनिया में जन्म देना नहीं चाहतीं जहां उनके हिस्से के प्राकृतिक संसाधनों को नष्ट कर पर्यावरण प्रदूषित कर दिया गया है। इस संगठन के लोगों ने जून 2019 में लंदन में जोरदार प्रदर्शन कर लोगों को बताया कि आने वाली पीढियों को बेहतर जीवनयापन के प्राकृतिक संसाधन नहीं मिल पायेंगे, इसलिए बच्चे पैदा नहीं करें। बर्थ-स्ट्राईक संगठन जलवायु परिवर्तन रोकने के लिए अमीर, विकसित देशों की सरकारों को गंभीरता से जल्द कार्यवाही करने हेतु विभिन्न माध्यमों से दबाव भी डालता है। पर्यावरणविदों ने भी कहा है कि महिलाओं का इस प्रकार का निर्णय उन्हें संतान-सुख के नैतिक अधिकार से दूर कर रहा है। पुरुष भी अब इस संदर्भ में सोचने लगे हैं। वर्ष 2020 में अमेरिका की मॉर्निंग कंसल्ट एजेन्सी ने निःसंतान दम्पत्तियों के अध्ययन में पाया कि 04 में से 01 दंपत्ति ने बच्चे पैदा नहीं करने का कारण जलवायु परिवर्तन से पैदा विनाशकारी प्रभाव बताया। बच्चे कम या नहीं पैदा करने से प्राकृतिक संसाधनों के कम दोहन की बात से पर्यावरणविद एवं अर्थशास्त्री एक मत नहीं हैं। कुछ का मानना है कि यह सही है, परन्तु ज्यादातर की मान्यता है कि वर्तमान पीढ़ी यदि प्राकृतिक संसाधनों का सीमित उपयोग करे, पुर्नउपयोग एवं रिसायकल करे तो संसाधनों की उपलब्धता आने वाली पीढियों के लिए बची रहेगी। बच्चे पैदा नहीं करने का डर या चिंता यह भी दर्शाती है कि आबोहवा तथा मौसम में आ रहे बदलाव अब शरीर के साथ मानव मन पर भी प्रभाव डाल रहे हैं। इस प्रकार से पैदा चिंता या डर को अमेरिकन सायकोलॉजिकल एसोसिएशन ने 2017 में 'इको-एंग्जायटी' बताया था जिसका हिन्दी तात्पर्य है परिस्थितिकी चिंता या डर। कुछ मनोवैज्ञानिक इसे एक दम सही नहीं मानते, परंतु ज्यादातर का तर्क है कि जिस प्रकार सर्दियों में निराशा या हताशा के मामले बढ़ जाते हैं, ठीक उसी प्रकार मौसम में आये बदलाव भी नकारात्मकता, भय एवं चिंता के रूप में सामने आते हैं। हमारे देश में इसी वर्ष जनवरी में आयी 'जोशीमठ भू-धसान' की आपदा से प्रभावित लोगों में फैले डर या चिंता को इको-एंग्जायटी माना जा सकता है। भले ही इसका कारण प्राकृतिक कम एवं मानवीय हस्तक्षेप ज्यादा रहा हो। जनवरी में ही जोशीमठ के नगरपालिका परिसर में लगाये गये स्वास्थ्य शिविर में 50 प्रतिशत से अधिक लोग हाइपरटेंशन (उच्च रक्तचाप) से ग्रसित पाये गये। चिकित्सकों ने बताया कि उनसे बात करने पर ऐसा लगा मानो उनका रक्तचाप (ब्लडप्रेशर) त्रासदी के कारण पैदा परिस्थितियों ने बढ़ाया है। पर्यावरणविदों एवं मनोवैज्ञानिकों द्वारा संयुक्त रूप से किये गये कई अध्ययन एवं सर्वेक्षण दर्शाते हैं कि जलवायु परिवर्तन के कारण बढ़ती बाढ़, सूखा, तेज गर्मी एवं बारिश, तूफान एवं भू-धंसान की घटनाऐं बहुत से लोगों को प्रभावित कर मानसिक विकार पैदा करेंगी, जैसे अवसाद, निराशा, चिंता, आक्रामकता, गुस्सा एवं आत्महत्या। जलवायु परिवर्तन से पैदा हालातों से जिस तेजी से लोगों में डर या चिंता बढ़ती जा रही है उस तेजी से इसे रोकने के वैश्विक प्रयास नहीं हो पा रहे हैं। अंतराष्ट्रीय सम्मेलनों में इस पर चिंता जरूर जतायी जाती है, परंतु देशों के अपने-अपने स्वार्थों के चलते कोई ठोस कार्यवाही नहीं हो पाती। इस संदर्भ में बेहतर यही होगा कि हम अपने स्तर पर बचने के प्रयास करें, जैसे आसपास की प्रकृति से जुड़ना, पौधे लगाना, पौधों की देखभाल, बगीचे में बैठना, जंगल में घूमना, पेड़ एवं पक्षियों का अवलोकन, पेड़-पौधों, पशु-पक्षियों की किताबें पढ़ना एवं खानपान व सेहत पर ध्यान देना आदि। ऐसे उपाय करके ही हम प्रकृति के नकारात्मक प्रभावों से बच सकते हैं। प्रकृति से खिलवाड़ इनसान ने खुद किया है, अतः अब इनसान को ही नकारात्मक प्रभावों से बचने के लिए उपाय ढूंढने होंगे। विश्व स्तर पर साझा प्रयासों की संभावना कम है, इसलिए अब देशों को अपने-अपने स्तर पर इस समस्या से निपटना होगा। हर देश की सरकार को अब सचेत हो जाना चाहिए।



## देश दुनीया से

# भारत में इतने मिग-21 क्रैश क्यों?

**मिग-21** लड़ाकू जहाज, जिन्हें साठ के दशक में तत्कालीन सोवियत संघ (अब रूस) से खरीदा गया था। रूस इस फाइटर प्लेन को 1985 में रिटायर कर चुका है, लेकिन भारतीय सेना में आज भी इन जहाजों का इस्तेमाल हो रहा है। इस जहाज की खासियत रही है कि यह कभी धोखा नहीं देता, बशर्ते इसे पूरी सावधानी एवं सूझबूझ के साथ उड़ाया जाए। 1971 की लड़ाई में इस सुपरसोनिक जहाज की मार से दुश्मन कांप उठा था। ढाका के गवर्नर हाउस पर मिग-21 ने ही अटैक किया था। इसके अलावा पाकिस्तान के साथ 1965 और 1999 की लड़ाई में भी इस लड़ाकू जहाज खुद को साबित कर दिखाया था। अब इस जहाज के क्रैश होने की घटनाएं इतनी ज्यादा हो चली हैं कि इसे 'उड़ता ताबूत' और 'विधवा बनाने वाला' तक कहा जाने लगा है। हालांकि इसका अपग्रेडेशन का काम चल रहा है, ऐसे में क्या अगले दो तीन साल में इसे पूरी तरह से रिटायर कर दिया जाएगा। मिग-21 बाइसन विमानन इतिहास का पहला सुपरसोनिक जेट विमान है और दुनिया में सबसे ज्यादा बिकने वाला फाइटर जेट भी है। जबकि यह 60 साल से अधिक पुराना है, मिग -21 अभी भी चार सक्रिय स्क्वाड्रनों के साथ भारतीय वायु सेना के साथ सेवा में है, और जेनरेशन 3 फाइटर जेट्स से मेल खाने के लिए अपडेट किया गया है। जेट वर्तमान में केवल इंटरसेप्टर के रूप में उपयोग किए जा रहे हैं, लड़ाकू जेट के रूप में सीमित भूमिका के साथ और ज्यादातर प्रशिक्षण अभ्यास के लिए उपयोग किए जाते हैं। मिकोयान-गुरेविच मिग 21 एक सुपरसोनिक जेट लड़ाकू और इंटरसेप्टर विमान है, जिसे सोवियत संघ में मिकोयान-गुरेविच डिज़ाइन ब्यूरो द्वारा डिज़ाइन किया गया है। मिग सोवियत संघ का एक उत्पाद है जिसने 1959 में सेवा में प्रवेश किया था। चार महाद्वीपों पर लगभग 60 देशों ने मिग-21 को उड़ाया है, और यह अपनी पहली उड़ान के छह दशक बाद भी कई देशों की सेवा करता है। भारत ने 1963 में मिग-21 को शामिल किया और देश में विमान बनाने के लाइसेंस-निर्माण के लिए पूर्ण प्रौद्योगिकी हस्तांतरण और अधिकार प्राप्त किए। 1985 में रूस ने विमान का उत्पादन बंद कर दिया, जबकि भारत ने उन्नत रूपों का संचालन जारी रखा। सोवियत वायु सेना – जिसे विमान को डिजाइन करने का श्रेय दिया जाता है – ने इसे 1985 में सेवा से हटा दिया। तब तक, अमेरिका से लेकर वियतनाम तक के देशों ने विमान को अपनी वायु सेना में शामिल कर लिया था। 1985 के बाद बांग्लादेश और अफगानिस्तान ने इसे सेवा से हटा दिया। भारत के लिए, विमान को 1960 के दशक में वायु सेना में शामिल किया गया था और 1990 के दशक के मध्य में उनकी सेवानिवृत्ति की अवधि पूरी हो गई थी। इसके बावजूद इनका उन्नयन किया जा रहा है। अक्टूबर 2014 में, वायु सेना प्रमुख ने कहा कि पुराने विमानों को सेवा से हटाने में देरी से भारत की सुरक्षा को खतरा है क्योंकि बेड़े के कुछ हिस्से पुराने थे। इसके अलावा, एक इंजन वाला विमान होने का मतलब है कि यह हमेशा खतरे में रहता है। विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने की संभावना तब बढ़ जाती है जब कोई पक्षी उससे टकराता है या इंजन फेल हो जाता है। इसे अक्सर 'फ्लाइंग कॉफिन' और 'विडो मेकर' कहा जाता है, क्योंकि इसने पिछले कुछ वर्षों में कई दुर्घटनाओं का सामना किया है, जिसमें कई पायलट मारे गए हैं। नए लड़ाकू विमानों को शामिल करना। देरी के कारण, भारतीय वायुसेना को भारत के आसमान की रक्षा के लिए एक निश्चित स्क्वाड्रन ताकत बनाए रखने की कमी का सामना करना पड़ रहा है। स्वदेशी तेजस कार्यक्रम में देरी, राफेल सौदे के आसपास के राजनीतिक विवाद और धीमी गति वाली खरीद प्रक्रिया का मतलब है कि मिग को अंदर रखा जाना था। सामान्य से अधिक लंबी सेवा, अपनी सेवानिवृत्ति अवधि से परे – 1990 के दशक के मध्य में। पिछले दस वर्षों में, 108 हवाई दुर्घटनाएं और नुकसान हुए हैं जिनमें सेना के सभी अंग शामिल हैं – भारतीय वायु सेना, नौसेना, सेना और तटरक्षक बल।

मिग-21 रुस का तैयार एक फाइटर विमान है। इसका इंजन काफी पुराना है और इसके साथ ही इसमें इस्तेमाल किए गए तकनीक भी काफी पुराने हैं। ये एक सिंगल इंजन वाला होता है और इसमें आग भी लग जाती है। इसका इस्तेमाल करने की क्षमता कहीं अधिक है। जांच में सामने आया है कि इसकी खिड़कियों की डिजाइन में भी कुछ गड़बड़ी है, जिसकी वजह क्रैश जैसे हादसे हुए। हालांकि इसे 2025 में रिटायर किया जाएगा। इसने अपनी पहली उड़ान साल 1955 में भरी थी और भारतीय वायु सेना में साल 1963 में शामिल किया गया।

## नागरिक बोध

# अशोक गहलोत और पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट की अंदरूनी खींचतान कांग्रेस के लिए दुविधा

**सचिन** पायलट और अशोक गहलोत के बीच मनमुटाव पिछले चार साल से चला आ रहा है। 11 अप्रेल को सचिन पायलट ने वसुंधरा राजे पर करप्शन का आरोप लगाकर सतारूढ़ कांग्रेस सरकार से जांच की मांग कर अनशन पर बैठे थे। अशोक गहलोत ने सचिन पायलट पर अभीष्ट भाषा का प्रयोग भी किया था। सचिन पर सरकार गिराने का आरोप अशोक गहलोत ने लगाया था।सचिन को निकम्मा और नालायक जैसे शब्दों का प्रयोग मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने किया था। अपने ही कांग्रेस पार्टी के खिलाफ अनशन पर बैठकर भाजपा पर भ्रष्टाचार पर आरोप लगाने के पीछे कांग्रेस आलाकमान की चूपी कुछ संदेह प्रकट कर रही है। इस तरह की लड़ाई के लिए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को दखलंदाजी करने की आवश्यकता है। उसके उलट सचिन पायलट को रोकने की आवश्यकता है। विधानसभा चुनाव में भाजपा के दिग्गज नेताओ पर आरोप लगाकर राजनीतिक रोटियां सेंकने का काम कांग्रेस कर रही है। सचिन पायलट और अशोक गहलोत की दिशा अलग अलग है। सचिन पायलट को राजस्थान का मुख्यमंत्री बनना है।उसके लिए राजनैतिक स्टंट बताया जा रहा है। भाजपा ने खरबो रुपए का कांग्रेस पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाने के बाद कांग्रेस के तेवर तेज हो गए है। अशोक गहलोत ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह पर विधायको की खरीद फरोख्त के लिए दो सौ करोड़ की रकम देने के आरोप के बाद भाजपा हरकत में आ गई है। राजस्थान में इनदिनों सदन में बहस छिड़ी हुई है। उधर केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेन्द्रसिंह शेखावत ने अशोक गहलोत के वसुंधरा राजे के सहयोग के बयान पर कहा कि मुख्यमंत्री बताए राजे ने कैसे सहयोग किया।र ाजस्थान की सियासत में उफान आ गया है। नेता प्रतिपक्ष गजेंद्र राठौड़ ने मुख्यमंत्री के आरोप का खंडन करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री पैसे लेने वाले विधायको की सूची जारी क्यो नही करते है? राजस्थान में चुनाव नजदीक आता जा रहा है। वही पर भाजपा कांग्रेस का आरोप और प्रत्यारोप जारी है। सचिन पायलट ने वसुंधरा राजे की करप्शन पर अशोक गहलोत से जांच की बात पर जवाब नही आने से नाराज सचिन ने 11 मई को जयपुर अजमेर यात्रा निकालने जा रहे है। अपने ही पार्टी के सांसद और विधायकों को कठघरे में लाने और उन को नीचा दिखाकर राजनीति को फतह करने निकले अशोक गहलोत को अपनी पार्टी में अनुशासन की नींव रखनी होगी।सचिन को आगे कर चाणक्य नीति अपनाने वाले दिग्गज नेताओं को चिंतन करने की आवश्यकता है।





# इमरान की गिरफ्तारी से ठीक पहले पीएम शरीफ ने लगाए थे ये बड़े आरोप, अभी लंदन में ही रुकेंगे शहबाज

**इस्लामाबाद।**
पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान जब सुनवाई के लिए इस्लामाबाद हाईकोर्ट पहुंचे तो उन्हें पाकिस्तान की पैरामिलिट्री फोर्स द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया। जिसके बाद देश में हिंसक विरोध शुरू हो गया है। बताया कि इमरान खान की गिरफ्तारी से एक घंटे पहले, प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने खान पर बिना सबूत के सेना को बदनाम करने, शहीद सैनिकों के खिलाफ मीडिया में अभियान चलाने और राजनीतिक लाभ के लिए धर्म का इस्तेमाल करने का आरोप लगाया था।

इस बीच, आंतरिक और कानून मंत्री ने दावा किया कि इमरान की गिरफ्तारी को पीटीआई नेताओं द्वारा प्रतिशोध की कार्रवाई करार दिया जाना गलत है। इसमें सरकार की कोई भूमिका नहीं है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो (एनएबी) द्वारा जारी किए गए वारंटों को क्रियान्वित करते हुए कानून के तहत खान की गिरफ्तारी की गई।

**अभी एक दिन और लंदन में ही रुकेंगे पीएम शरीफ** – देश में जारी हिंसक माहौल के बीच प्रधानमंत्री शरीफ ने अपने लंदन प्रवास को एक और दिन के लिए बढ़ा दिया है। उन्होंने इमरान खान पर हमला करते हुए एक ट्वीट में कहा, मुझे इसमें कोई संदेह नहीं है कि आपकी राजनीति घोर झूठ, असत्य, यू-टर्न और सरकारी संस्थानों पर क्रूर हमलों को परिभाषित करती है। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार के आरोप में चल रहे मुकदमे के दौरान इमरान खान कानूनी और राजनीतिक प्रणाली को उथल-पुथल करने के लिए सच्चाई का दावा कर रहे हैं। शहबाज ने आरोप लगाया कि खान न्यायपालिका को अपनी सनक के आगे झुकाने की कोशिश कर रहे हैं और ऐसा व्यवहार कर रहे हैं जैसे कानून के नियम उन पर लागू ही नहीं होते। उन्होंने कहा कि मैंने अपने ट्वीट में आपके बारे में जो कहा वह पिछले कुछ वर्षों के तथ्यों से साबित होता है। शरीफ ने बताया कि खान की राजनीति में संसदीय अविश्वास मत के माध्यम से प्रधानमंत्री के रूप में उनके पिछले साल के निष्कासन के बाद एक संस्था के रूप में सेना को बदनाम करना उनके पुराने राजनीतिक नमूनों में से एक है। शरीफ ने खान से उनके पहले के ट्वीट्स पर जवाबी हमला करते हुए पूछा, क्या आपने अपनी राजनीति के लिए वजीराबाद हमले से काफी पहले सेना और खुफिया एजेंसी के नेतृत्व को लगातार कीचड़ उछालने का काम नहीं किया था।

## न्यूज ब्रीफ

### ट्यूनीशिया में यहूदी धार्मिक स्थल में गोलीबारी, चार लोगों की मौत; नौ घायल



**ट्यूनिस।** ट्यूनीशिया के जेरबा द्वीप पर स्थित एल ग्रिबा सिनेगॉग धार्मिक स्थल में गोलीबारी की घटना हुई। जिसमें, एक गार्ड द्वारा कम से कम चार लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी गई। 2,500 साल पुराना अल ग्रिबा सिनेगॉग चर्च अफ्रीका में सबसे पुराना है। चर्च पर वार्षिक तीर्थयात्रा के दौरान हमला किया गया। अल ग्रिबा सिनेगॉग में बड़ी संख्या में यूरोप और इजराइल से यहूदी आते हैं। ट्यूनीशियाई आंतरिक मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि आराधनालय की ओर जाने से पहले आरोपी ने एक सहयोगी की हत्या कर दी और उसका गोला-बारूद जब्त कर लिया। उसने आराधनालय के पास तैनात सुरक्षा इकाइयों पर गोलियां चलाईं, जिससे दो विजिटर्स और एक अन्य सुरक्षा अधिकारी की मौत हो गई। इस घटना में कम से कम पांच सुरक्षा अधिकारी और अन्य चार नागरिक घायल हो गए और उन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। मंत्रालय ने कहा कि गोलीबारी की घटना के बाद एल ग्रिबा सिनेगॉग चर्च में सुरक्षा को सख्त कर दिया गया। साथ ही चर्च में आवाजाही को बंद कर दिया गया। एल ग्रिबा सिनेगॉग में इससे पहले भी कई बार ऐसी घटनाएं हो चुकी हैं। 2002 में, आराधनालय में एक आत्मघाती बम विस्फोट हुआ था, जिसमें 21 लोग मारे गए थे। इसके अलावा एक सैनिक ने 1985 में चार यहूदियों सहित पांच लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी थी।

### अदालत ने यौन शोषण मामले में डोनाल्ड ट्रंप को ठहराया दोषी, पांच मिलियन अमेरिकी डॉलर का लगाया जुर्माना



**वाशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को मैनहैटन संघीय अदालत ने यौन शोषण और मानहानि के मामले में दोषी ठहराया है। अदालत ने डोनाल्ड ट्रंप पर पांच मिलियन अमेरिकी डॉलर का जुर्माना लगाया है। बता दें कि पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप पर 1990 के दशक में एक महिला के साथ यौन शोषण का आरोप लगा है। 79 वर्षीय पूर्व लेखिका जीन कैरोल ने ट्रंप पर मुकदमा दायर किया था। जिसमें आरोप लगाया गया था कि उन्होंने बर्गडॉर्फ गुडमैन स्टोर के चेंजिंग रूम में उसके साथ दुष्कर्म किया था। उन्होंने कहा कि इस मामले को सार्वजनिक करने में 20 साल से अधिक का समय लगा क्योंकि वह ट्रंप से डरी हुई थी। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि अक्टूबर 2022 में सोशल मीडिया पर एक पोस्ट लिखकर उनकी प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाया। हालांकि, अदालत ने ट्रंप को दुष्कर्म का दोषी नहीं पाया है। अदालत ने कैरोल के इस दावे को खारिज कर दिया कि डोनाल्ड ट्रंप ने उसके साथ दुष्कर्म किया। हालांकि ट्रंप ने खुद पर लगे आरोपों को नकारते हुए कहा था कि यह घटिया और हास्यास्पद कहानी है और यह बनाई गई है, इसमें कोई सच्चाई नहीं है। उल्लेखनीय है कि लेखिका कैरोल ने अक्तूबर 2022 में एक सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए खुलासा किया था कि 90 के दशक में ट्रंप ने उसके साथ दुष्कर्म किया था।

### आइंस्टीन से भी तेज ऑटिज्म पीड़ित 11 वर्षीय बच्ची, इंजीनियरिंग में कर रही मास्टर डिग्री

**मेक्सिको सिटी।** मेक्सिको सिटी की अद्हैरा पेरेज सांचेज ऑटिज्म से पीड़ित हैं। यह ऐसा विकार है, जिसके चलते बच्चों के लिए पढ़ना-लिखना व सीखना मुश्किल होता है। लेकिन अद्हैरा ने महज 11 वर्ष की उम्र में सीएनसीआई विवि की इंजीनियरिंग स्ट्रीम से मास्टर डिग्री में दाखिला लिया है। आईक्यू के पैमाने पर देखें, तो सांचेज का दिमाग आइंस्टीन से भी तेज है। मशहूर विज्ञानी आइंस्टीन का आईक्यू स्तर करीब 160 माना जाता है, जबकि ऑटिज्म पीड़ित सांचेज का आईक्यू 162 है। बड़ी होकर सांचेज को नासा के लिए काम करना है और अंतरिक्ष यात्री बनना उनका सपना है। ऑटिस्टिक होने की वजह से सांचेज को स्कूल में बदसुलूकी का सामना करना पड़ा, लेकिन फिर भी पांच साल की उम्र में प्राथमिक स्कूल पूरा किया और इसके बाद एक-एक साल में मिडिल और हाई स्कूल और इसके बाद स्नातक पूरा किया। अद्हैरा की मां नायेली के मुताबिक, उनकी बेटी बहुत तेजी से सीखती है और हर चीज उसे याद रहती है। उसे पूरी आवर्त सारणी कुछ ही दिनों में याद हो गई। वह खुद ही बीजगणित सीख गई। काउंसलर ने स्कूल सेंटर फॉर अटेंशन टू टैलेंट (सीईडीएटी) में दाखिले की सलाह दी। बाद में इस स्कूल में दाखिले के बाद पता चला कि सांचेज का आईक्यू आइंस्टीन और स्टीफन हॉकिंग जैसे विज्ञानियों से ज्यादा है।

### इमरान की गिरफ्तारी के बाद हिंसा में 8 की मौत

# खान की सुनवाई जारी, पाकिस्तान में इंटरनेट बंद ; एटमी ठिकानों पर कमांडो तैनात

**इस्लामाबाद।**
पूर्व पीएम इमरान खान की गिरफ्तारी के बाद पाकिस्तान में हिंसा दूसरे दिन भी जारी है। पेशावर, इस्लामाबाद , लाहौर, कराची और रावलपिंडी समेत कई शहरों में खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के समर्थक आगजनी और तोड़फोड़ कर रहे हैं।8 लोगों की मौत की खबर है। खान को नेशनल अकाउंटेबिलिटी ब्यूरो ने 60 अरब पाकिस्तानी रुपए के घोटाले के आरोप में गिरफ्तार किया है। पुलिस हेडक्वॉर्टर के टेम्परेरी कोर्ट में एनएबी के स्पेशल जज के सामने खान की सुनवाई जारी है। इस पर जल्द फैसला आ सकता है। एनएबी ने 14 दिन का फिजिकल रिमांड मांगा है। इस्लामाबाद में रेड अलर्ट जारी कर दिया गया है। फॉरेन ऐंबैसी और कॉन्स्यूलेट के स्टाफ को बाहर न निकलने की सलाह दी गई है। पाकिस्तान के टीवी चैनल पूरे मुल्क में इंटरनेट बंद कर दिया गया है। चांग इलाके में मौजूद न्यूक्लियर फेसेलिटी पर फौज के बेस्ट कमांडो तैनात कर दिए गए हैं।

**इस बीच, गिरफ्तारी के बाद इमरान के दो फोटो वायरल हो रहे हैं।** – कार्यकर्ताओं ने रावलपिंडी के आर्मी हेडक्वार्टर में तोड़फोड़ की। लाहौर में गर्वनर हाउस और आर्मी कमांडर का घर जला दिया। कई फौजी अफसरों के घर हमले हुए। हिंसा को देखते हुए पूरे पाकिस्तान में इंटरनेट बंद कर दिया गया है। सभी स्कूल और कॉलेज दो दिन के लिए बंद कर दिए गए हैं। अहम शहरों में पैरामिलिट्री फोर्स रेंजर्स की तैनाती कर दी गई है। अगर हालात नहीं संभले तो फौज को सड़कों पर उतारा जा सकता है। इस्लामाबाद, पंजाब प्रांत और पेशावर में



धारा 144 लगाई गई है।

**रावलपिंडी में होगी इमरान के केस की सुनवाई** – गिरफ्तारी के बाद इमरान खान को नेशनल अकाउंटेबिलिटी ब्यूरो के स्पेशल कोर्ट में पेश किया जाएगा। उन्हें एनएबी के ऑर्डर पर पाकिस्तान रेंजर्स ने अरेस्ट किया था। इसके बाद 22 किलोमीटर दूर रावलपिंडी में एनएबी के हेडक्वार्टर में शिफ्ट किया गया था। इस्लामाबाद हाईकोर्ट ने इमरान की गिरफ्तारी को सही, लेकिन तरीके को गलत ठहराया। पाकिस्तान सरकार ने कहा- इमरान की जान को खतरा हो सकता है, इसलिए उन्हें किसी अदालत में पेश करने के लिए फिलहाल नहीं ले जाया जाएगा।

**गिरफ्तारी क्यों और कैसे** – पाकिस्तान रेंजर्स ने इमरान खान को इस्लामाबाद हाईकोर्ट से गिरफ्तार किया था। वो यहां 2 मामलों में जमानत के लिए पहुंचे थे। यहां पाकिस्तान रेंजर्स ने उन्हें अरेस्ट कर लिया। गिरफ्तारी अल कादिर यूनिवर्सिटी ट्रस्ट स्कैम केस में की गई है। उन पर करीब 60 अरब पाकिस्तानी रुपए के घोटाले का आरोप है। पत्नी बुशरा बीबी और उनकी दोस्त फराह गोगी भी आरोपी हैं।

**रावलपिंडी में होगी इमरान के केस की सुनवाई** – गिरफ्तारी के बाद इमरान खान को नेशनल अकाउंटेबिलिटी ब्यूरो के स्पेशल कोर्ट में पेश किया जाएगा। उन्हें एनएबी के ऑर्डर पर पाकिस्तान रेंजर्स ने अरेस्ट किया था। इसके बाद 22 किलोमीटर दूर रावलपिंडी में एनएबी के हेडक्वार्टर में शिफ्ट किया गया था। इस्लामाबाद हाईकोर्ट ने इमरान की गिरफ्तारी को सही, लेकिन तरीके को गलत ठहराया। पाकिस्तान सरकार ने कहा- इमरान की जान को खतरा हो सकता है, इसलिए उन्हें किसी अदालत में पेश करने के लिए फिलहाल नहीं ले जाया जाएगा।

**गिरफ्तारी क्यों और कैसे** – पाकिस्तान रेंजर्स ने इमरान खान को इस्लामाबाद हाईकोर्ट से गिरफ्तार किया था। वो यहां 2 मामलों में जमानत के लिए पहुंचे थे। यहां पाकिस्तान रेंजर्स ने उन्हें अरेस्ट कर लिया। गिरफ्तारी अल कादिर यूनिवर्सिटी ट्रस्ट स्कैम केस में की गई है। उन पर करीब 60 अरब पाकिस्तानी रुपए के घोटाले का आरोप है। पत्नी बुशरा बीबी और उनकी दोस्त फराह गोगी भी आरोपी हैं।

**हाईकोर्ट से हुई इमरान की गिरफ्तारी, चश्मदीद की जुबानी** – एक चश्मदीद ने बताया- जैसे ही इमरान खान हाईकोर्ट में दाखिल हुए, वैसे ही पैरामिलिट्री फोर्स (पाकिस्तान रेंजर्स) भी हाईकोर्ट में दाखिल हो गई। बख्तरबंद गाड़ियों से गेट ब्लॉक कर दिए गए। थोड़ी ही देर बाद इमरान को पकड़कर बाहर लाया गया। उन्हें जबरन गाड़ी में डाल दिया गया। इसके बाद ये गाड़ी पिछले दरवाजे से किसी अज्ञात जगह के लिए रवाना हो गई।

**इमरान को फौज से दुश्मनी भारी पड़ी** - 2018 में इमरान खान को प्रधानमंत्री फौज ने ही बनवाया था। बाद में आईएसआई चीफ लेफ्टिनेंट जनरल फैज हमीद के ट्रांसफर के मुद्दे पर उनका उस वक्त के आर्मी चीफ जनरल कमर जावेद बाजवा से विवाद हो गया।इसके बाद फौज ने शाहबाज शरीफ का दामन थाम लिया और इमरान की सरकार पिछले साल अप्रैल में गिरा दी। इसके बाद से खान फौज के खिलाफ बयानबाजी करने लगे। उन्होंने बाजवा को गद्दार तक कहा। खान ने एक रैली में फौज के एक बड़े अफसर फैसल नसीर पर कत्ल की साजिश रचने का आरोप लगाया। फौज के मीडिया विंग ने एक वीडियो जारी किया। कहा- खान गलत इल्जाम लगा रहे हैं। उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा सकती है। इसके बाद इमरान ने इस्लामाबाद हाईकोर्ट निकलने से पहले फिर एक वीडियो जारी किया। कहा- पाकिस्तान सिर्फ फौज का नहीं है। मैंने सच बोला है।

# युद्ध, जलवायु परिवर्तन, कोरोना से महिलाओं और बच्चों को बढ़ा खतरा, संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट में दावा



**केपटाउन।**
**संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि दुनिया भर में चल रहे संघर्षों, जलवायु परिवर्तन और कोरोना महामारी ने महिलाओं और बच्चों के लिए खतरा बढ़ा दिया है। खासकर बच्चों में समय पूर्व जन्म की समस्या बढ़ी है। रिपोर्ट में बताया गया है कि साल 2020 में ही दुनियाभर में करीब एक करोड़ 30 लाख बच्चों का जन्म समय से पहले हुआ। समय से पूर्व जन्म लेने वाले 45 प्रतिशत बच्चों का जन्म को सिर्फ पांच देशों में हुआ, जिनमें भारत, पाकिस्तान, नाइजीरिया, इथोपिया और चीन शामिल हैं।**

खुलासा हुआ है कि बच्चों का समय से पूर्व जन्म एक इमरजेंसी स्थिति है और यह बच्चों की सेहत पर बुरा असर डालती है। 2020 में समय से पूर्व जन्म लेने वाले बच्चों में से करीब 10 लाख की मौत हो गई थी। बांग्लादेश में समय से पहले जन्म लेने वाले बच्चों का आंकड़ा सबसे ज्यादा 16.2 प्रतिशत है। इसके बाद मलावी और पाकिस्तान का नंबर आता है। रिपोर्ट में बताया गया है कि समय से पहले बच्चों के जन्म में वायु प्रदूषण बड़ा कारण है।

### गर्भवती महिलाओं को भी बढ़ा खतरा

संयुक्त राष्ट्र की यह रिपोर्ट ऐसे समय जारी हुई है, जब इंटरनेशनल मेटरनल न्यूबोर्न हेल्थ कॉन्फ्रेंस का दक्षिण अफ्रीका के केपटाउन में आयोजन हो रहा है। डब्लूएचओ, यूनिसेफ जैसी संस्थाओं ने गर्भवती महिलाओं और नवजात बच्चों की बेहतर देखभाल के लिए निवेश बढ़ाने की जरूरत है। साथ ही प्रकृति के साथ जीवन जीने की कोशिश, इमरजेंसी व्यवस्था को आधुनिक बनाकर और समन्वय बनाकर स्थिति को बेहतर किया जा सकता है।

# बाखमुत में पीछे हट रहे रूसी सैनिक, वैगनर ग्रुप चीफ ने अपने ही सैन्य कमांडरों को बताया बेवकूफ

**मॉस्को।**
यूक्रेन में रूस फंसता दिख रहा है। अब हालात ये हैं कि रूस के वैगनर ग्रुप के चीफ ने अपने ही रक्षा विभाग पर गंभीर आरोप लगाए हैं। वैगनर ग्रुप के चीफ येवगेनी प्रिगोझिन ने आरोप लगाया है कि यूक्रेन के बाखमुत में रूसी सैनिक अपनी पोजिशन से पीछे हट रहे हैं। प्रिगोझिन ने कहा कि फ्रंटलाइन को तबाह करने के लिए सबकुछ किया जा रहा है। हमारे रक्षा विभाग की एक यूनिट अपनी पोजिशन छोड़कर भाग गई है। बता दें कि इन दिनों यूक्रेन के बाखमुत में रूस और यूक्रेन के बीच भयंकर लड़ाई चल रही है। वैगनर चीफ प्रिगोझिन खुलकर अपने देश के रक्षा विभाग को कोस रहे हैं। हाल ही में उन्होंने एक वीडियो जारी कर आरोप लगाए थे कि उनके वैगनर ग्रुप के लड़ाकों को पर्याप्त हथियार नहीं भेजे जा रहे हैं। रूस के विक्ट्री डे परेड के दौरान प्रिगोझिन ने मैसेजिंग एप टेलीग्राम पर एक वीडियो जारी



किया। जिसमें उन्होंने आरोप लगाया कि रूसी सेना के कमांडरों की बेवकूफी की वजह से सैनिक अपनी पोजिशन छोड़कर भाग रहे हैं। प्रिगोझिन ने कहा कि एक सैनिक इसलिए नहीं मरना चाहिए क्योंकि उसका लीडर बेवकूफ है। सैनिकों को जो कमांड मिल रही हैं, वो पूरी तरह से आपराधिक हैं। हालांकि रूस के रक्षा विभाग ने अपने बयान में कहा कि वैगनर ग्रुप बाखमुत के पश्चिमी हिस्से में लड़ रहा है। रक्षा विभाग ने कहा कि सैनिकों को मदद दी जा रही है। वैगनर ग्रुप चीफ ने ये भी कहा कि अगर उनके सैनिक अपनी पोजिशन छोड़ देते हैं तो उन्हें गद्दार समझा जाएगा लेकिन अगर हमारे पास हथियार ही नहीं होंगे तो हम अपनी पोजिशन छोड़ देंगे और फिर पूछा जाना चाहिए कि असल में मातृभूमि से गद्दारी कौन कर रहा है ये वो लोग हैं, जो हथियारों की सप्लाई के आदेश पर हस्ताक्षर करते हैं।

# गाजा पट्टी पर इजराइल के हवाई हमले : इस्लामिक जिहाद के टॉप कमांडरों समेत 12 की मौत, 40 एयरक्राफ्ट ने 3 जगहों पर अटैक किया

**गाजा पट्टी।**
गाजा पट्टी में इजराइल के हवाई हमले में 12 लोगों की मौत हो गई। वहीं 20 लोग घायल हुए हैं। हमास के नियंत्रण वाली हेल्थ मिनिस्ट्री ने इसकी जानकारी दी। रिपोर्ट्स के मुताबिक मरने वालों में फिलिस्तीन इस्लामिक जिहादी मूवमेंट के टॉप 3 कमांडर और उनके परिवार के लोग शामिल हैं।

इजराइली सेना ने भी इस ऑपरेशन की पुष्टि की है। एक बयान जारी कर कहा गया है कि हमले के दौरान फिलिस्तीन के इस्लामिक जिहादियों को टारगेट पर रखा था। हमला सोमवार सुबह 2 बजे के आसपास हुआ।

**40 एयरक्राफ्ट से 3 जगहों पर की स्ट्राइक** – गाजा पट्टी में हुआ हमला सरप्राइज अटैक था। इसमें फाइटर जेट समेत 40 एयरक्राफ्ट शामिल थे। जिन्हें कुछ ही सेकेंड में तीन जगहों पर हमले करने थे।

एडमिरल डेनियल हगारी ने बताया कि इजराइल की डिफेंस फोर्सेस ने शुरूआती हमलों में ही अपना मकसद पूरा कर लिया था। इस कैंपेन



को ऑपरेशन शील्ड एंड एरो नाम दिया गया था। फोर्सेस का मकसद सिर्फ टारगेट हिट करना नहीं बल्कि सुरक्षित वापस लौटना भी था। अटैक से पहले इलाके के 40 किलोमीटर के एरिया में रहने वाले इजराइलियों को बॉम्ब शेल्टर में भेज दिया गया था।

**टॉप कमांडरों की पत्नियां और बच्चे भी मरे** – अलजजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक मरने वाले 12 लोगों में से 3 टॉप कमांडरों की पत्नी और बच्चे थे। वहीं एक 58 साल का शख्स भी शामिल है, जो 11 बच्चों का पिता था। इजराइल की इस कार्रवाई पर जिहादी संगठन ने बदला लेने की बात कही है। संगठन ने एक बयान जारी कहा- इजराइल को इस हमले की कीमत चुकानी पड़ेगी। धमाके का बदला धमाके से और अटैक का बदला अटैक से लिया जाएगा। गाजा पट्टी में हुआ ऑपरेशन इजराइल की जवाबी कार्रवाई थी। दरअसल, पिछले हफ्ते एक फिलिस्तीन ने भूख हड़ताल कर इजराइल की जेल में दम तोड़ दिया था। जिसके बाद फिलिस्तीन की तरफ से इजराइल के बॉर्डर वाले इलाके में कई रॉकेट दागे थे।

**क्या है फिलिस्तीन का इस्लामिक जिहाद संगठन** – फिलिस्तीन इस्लामिक जिहाद संगठन को 1981 में बनाया गया था। इसकी शुरुआत मिस्त्र में पढ़ने वाले फिलिस्तीनी लड़कों ने की थी। ये वेस्ट बैंक, गाजा और इजराइल के कब्जे वाले इलाकों में फिलिस्तीन का कब्जा चाहता है। इजराइल इस संगठन को ईरान का साथी बताता है। जो इजराइल को तबाह कर देना चाहते हैं। इस्लामिक जिहाद संगठन फिलिस्तीन को आजादी दिलाने वाले दूसरे बड़े संगठनों की तुलना में छोटा है। इसे ईरान से फंडिंग मिलती है।

# ड्रैगन की धमकी पर पीएम जस्टिन ट्रूडो का जवाब, कहा- चीन से डरनेवाला नहीं कनाडा

**ओटावा।**
**कनाडा की ट्रूडो सरकार की ओर से चीन के राजनयिक को निकाले जाने के बाद से ड्रैगन आगबबूला है। ड्रैगन ने भी बदले की कार्रवाई करते हुए चीन ने शंघाई स्थित वाणिज्य दूतावास में तैनात कॉन्स्युल जनरल को 13 मई तक देश छोड़ने का निर्देश दे दिया। नाराज चीनी दूतावास ने कनाडाई पक्ष से गलत कार्यों को रोकने और गलत रास्ते पर आगे नहीं जाने का भी आग्रह किया था। अब इस मामले में कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने चीन को जवाब दिया है।**

प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने कहा कि कनाडा चीन से डरनेवाला नहीं है। ट्रूडो का यह बयान चीनी सरकार द्वारा कनाडाई राजनयिक को देश छोड़ने का निर्देश देने के बाद आया है। चीनी सरकार ने कहा था कि वह एक कनाडाई राजनयिक



को जैसे को तैसा कदम के तहत निष्कासित कर रही है। पत्रकारों से बात करते हुए ट्रूडो ने कहा कि उनकी सरकार ने टोरंटो स्थित चीनी राजनयिक झाओ वेई को इस सप्ताह देश से सावधानीपूर्वक विचार करने के बाद निष्कासित करने का निर्णय लिया। इसके कुछ घंटे बाद बीजिंग ने घोषणा की थी कि वह पारस्परिक जवाबी कार्रवाई में शंघाई में कनाडाई कौंसल जेनिफर लिन लालोंडे को निष्कासित कर देगा।

### बदले की कार्रवाई की जा रही, लेकिन हम डरेंगे नहीं: ट्रूडो

ट्रूडो ने कहा कि उनकी सरकार को पता था कि बीजिंग जवाबी कदम उठा सकता है। उन्होंने कहा कि हमें पता हैं कि बदले की कार्रवाई की जा रही है, लेकिन हम भयभीत नहीं होंगे। हम कनाडाई लोगों को विदेशी हस्तक्षेप से सुरक्षित रखने के लिए हर संभव प्रयास करते रहेंगे। कनाडा के प्रधानमंत्री ने कहा, हमने फैसला किया कि हमें एक बहुत स्पष्ट संदेश देने के लिए एक जिम्मेदार तरीके से आगे बढ़ने की जरूरत है कि हम विदेशी हस्तक्षेप को स्वीकार नहीं करेंगे और चाहे वे जो भी अगला विकल्प चुनें, हम भयभीत नहीं होंगे।

### यह है मामला

कनाडा ने एक खुफिया रिपोर्ट के बाद चीनी राजनयिक झाओ वेई को देश से निष्कासित कर दिया था। चीनी राजनयिक पर राजनीतिक हस्तक्षेप और कनाडाई सांसद को निशाना बनाने की कोशिश करने का आरोप है। हालांकि, चीन ने एक दिन पहले तक किसी भी तरह के हस्तक्षेप से इनकार किया था।

### कनाडा की मंत्री ने दिया था सख्त आदेश

कनाडा की विदेश मंत्री मेलानी जॉली ने एक बयान में कहा था कि उनकी सरकार ने टोरंटो स्थित चीनी राजनयिक झाओ वेई को देश छोड़ने का आदेश दिया है। उन्होंने कहा, हम अपने आंतरिक मामलों में किसी भी प्रकार के विदेशी हस्तक्षेप को बर्दाश्त नहीं करेंगे। कनाडा में राजनयिकों को चेतावनी दी गई है कि अगर वे इस तरह का व्यवहार करते हैं तो उन्हें वापस उनके देश भेज दिया जाएगा।

### अखबार ने किया था चीनी राजनयिक की करतूत का खुलासा

कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो की सरकार पर इस महीने की शुरुआत में प्रकाशित हुई एक रिपोर्ट के बाद कार्रवाई करने का दबाव था। रिपोर्ट में खुलासा किया गया था कि कनाडाई सुरक्षा खुफिया सेवा ने जांच में पाया है कि चीनी राजनयिक ने उइगर अल्पसंख्यकों के दमन की आलोचना के बाद कनाडा के विपक्षी नेता माइकल चोंग और चीन में उनके रिश्तेदारों को निशाना बनाया था। खुफिया सेवा के मुताबिक, चीन ने

### यूक्रेन में रॉकेट हमले की चपेट में आया पत्रकार, मौके पर हुई मौत

**कीव।** रूस-यूक्रेन के बीच चल रहे संघर्ष का क्या हल निकलेगा इसका अभी अंदाजा लगाना काफी मुश्किल है। दोनों देशों के बीच लड़ाई को एक साल से ज्यादा होने को है, दोनों तरफ के लोग मारे जा रहे हैं। इन सब के बीच युद्ध को कवर करने वाले पत्रकार भी बलि चढ़ रहे हैं। एक रिपोर्ट मे मुताबिक, अंतरराष्टीय समाचार एजेंसी के लिए काम करने वाले एक पत्रकार की रॉकेट हमले में मौत हो गई। एक मीडिया रिपोर्ट में कहा कि 32 वर्षीय अरमान सोल्डिन यूक्रेनी सैनिकों के साथ यात्रा कर रहे एएफपी पत्रकारों की एक टीम के साथ थे। इस दौरान एक रॉकेट ऊपर से गिरा फिर वह आग की चपेट में आ गए। बाकी किसी सदस्य को कोई चोट नहीं आई। आगे मीडिया रिपोर्ट में बताया कि दोपहर हमला बखमुत के निकट चासिव यार कस्बे में हुआ। रूसी सेना नौ महीने से शहर पर कब्जा करने की कोशिश कर रही है, जिससे बखमुत युद्ध की सबसे लंबी लड़ाई का केंद्र बन गया है।

# प्रधानमंत्री राइट टू सोशल सिक्योरिटी एक्ट लागू करने पर करें विचार : गहलोत

## राजस्थान के मुख्यमंत्री गहलोत ने नाथद्वारा में रखी मांगों की फेहरिस्त

**उदयपुर/राजसमंद ( हिंस )।** राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से राइट टू सोशल सिक्योरिटी एक्ट लागू करने पर विचार करने का आग्रह किया है। इसके साथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री के सामने मांगों की फेहरिस्त रखते हुए राजस्थान की झोली को भरने का आग्रह किया। राजसमंद जिले के नाथद्वारा में बुधवार को प्रधानमंत्री मोदी की सभा में मुख्यमंत्री गहलोत ने तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के कार्यकाल में देश में लागू किए गए राइट टू इनफोरमेशन, राइट टू एजुकेशन, नरेगा, फूड सिक्योरिटी के साथ राजस्थान में लागू मुख्यमंत्री स्वास्थ्य बीमा योजना चिरंजीवी तथा राइट टू हेल्थ का जिक्र किया। गहलोत ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी राइट टू सिक्योरिटी योजना को पूरे देश में लागू करने पर विचार करें। गहलोत ने उबर-ओला-जोमेटा-स्वीगी जैसी कम्पनियों में डिलीवरी बॉय के रूप में कार्य कर रहे असंगठित क्षेत्र के युवाओं पर भी प्रधानमंत्री से नीति बनाने का आग्रह किया। गहलोत ने कहा कि इसके लिए राजस्थान में उनकी सरकार ने सोशल सिक्योरिटी पर विचार शुरू किया है। उज्ज्वला योजना अच्छी योजना थी जिसमें फ्री में गैस कनेक्शन दिए गए, लेकिन सिलेंडर महंगे होते चले जाने से सिलेंडर लेना मुश्किल हो गया। राजस्थान ने उज्ज्वला योजना के गैस कनेक्शन धारकों को 500 रुपए में सिलेंडर देने का निर्णय किया है। गहलोत ने प्रधानमंत्री से इस सम्बंध में विचार का आग्रह किया। गहलोत ने करौली-सरमथुरा-गंगापुरसिटी, डूंगरपुर-बांसवाड़ा-रतलाम, नसीराबाद-टोंक की अटकी पड़ी रेल परियोजनाओं को भी गति देने की प्रधानमंत्री से अपील की। तत्कालीन रेल मंत्री और वर्तमान विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सीपी जोशी के कार्यकाल में भीलवाड़ा में रेलवे कोच फैक्टरी की घोषणा हुई थी, लेकिन वह कार्य आगे नहीं बढ़ा है। गहलोत ने ईआरसीपी पर भी जोर देते हुए राजस्थान की इस समस्या को दूर करने के लिए प्रधानमंत्री से इस ओर ध्यान देने की मांग की। गहलोत ने आर्थिक विकास में राजस्थान के दूसरे नंबर का राज्य होने पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि राजस्थान अब देश का सबसे बड़ा राज्य है और अपनी भौगोलिक परिस्थितियों के कारण यहां हर परियोजना की लागत तुलनात्मक रूप से अन्य राज्यों से अधिक होती है। इस ओर भी प्रधानमंत्री का ध्यान दिलाते हुए इस पर विचार करने की जरूरत बताई। गहलोत ने चुटकी भी ली कि पहले जब राजस्थान की तुलना गुजरात से करते थे तो राजस्थान को पीछे पाते थे, अब राजस्थान आगे है। मुख्यमंत्री ने कहा कि लोकतंत्र की खासियत है कि आज यहां कांग्रेस-भाजपा सभी एक मंच पर हैं। लोकतंत्र में आपसी दुश्मनी नहीं होती, विचारधारा की लड़ाई होती है, सबको अपनी बात कहने का अधिकार है। गहलोत ने मॉब लिंचिंग पर प्रधानमंत्री के बयान *ये लोग एंटी सोशल एलिमेंट हैं* का जिक्र करते हुए कहा कि यही भावना हम सभी की होनी चाहिए। देश एक रहे, अखंड रहे, इसके लिए इंदिरा गांधी शहीद हो गईं पर खालिस्तान नहीं बनने दिया। देश को विश्वगुरु बनाने की बात होती है, बन भी जाएगा, हममें एकता की भावना होनी चाहिए। गहलोत ने कहा कि विपक्ष के बिना पक्ष कहां होगा, विपक्ष का भी सम्मान पूरा होना चाहिए। इस दिशा में आगे बढ़ेंगे तो पक्ष-विपक्ष मिलकर और मजबूती से देश की सेवा करेंगे। इससे पहले जब मुख्यमंत्री गहलोत सभा को संबोधित करने के लिए खड़े हुए तो हजारों लोगों से भरा दामोदरलाल स्टेडियम मोदी-मोदी के नारों से गूंज उठा। प्रधानमंत्री मोदी ने पहले सभी को बैठने का संकेत किया, लेकिन जब नारे नहीं थमे तो प्रधानमंत्री मोदी ने राजस्थान भाजपा के अध्यक्ष सीपी जोशी को संकेत देकर सभी को शांत कराने के लिए कहा।

## छह संवासियों की होगी वेरिफिकेशन : ढांडा

**चंडीगढ़ ( हिंस )।** महिला आश्रम रोहतक में 13 वर्ष से अधिक समय से रह रहीं संवासियों के भविष्य पर गंभीरता से मंथन के बाद महिला एवं बाल विकास मंत्री कमलेश ढांडा ने छह संवासियों को रहने की अनुमति प्रदान की है। शेष अन्य छह संवासियों की उपायुक्त के माध्यम से वेरिफिकेशन करवाते हुए आगामी निर्णय लेने के निर्देश दिए। बुधवार को महिला एवं बाल विकास मंत्री ढांडा ने हरियाणा सचिवालय स्थित अपने कार्यालय में महिला आश्रम, रोहतक के संबंध में एक बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में महिला एवं बाल विकास विभाग की निदेशक मोनिका मलिक एवं सामाजिक न्याय अधिकारिता व स्वास्थ्य विभाग के प्रतिनिधि शामिल हुए। राज्यमंत्री ने अकेली रह रही व ऐसी संवासी, जिनके केवल बेटियां हैं, उन्हें महिला आश्रम में रहने की अनुमति को मंजूरी प्रदान कर दी है। उन्होंने छह संवासियों की विस्तृत रिपोर्ट एवं आमदनी स्रोत की जानकारी संबंधित उपायुक्त के माध्यम से वेरिफिकेशन करवाते हुए मंगवाने के निर्देश दिए, ताकि उन संवासियों के महिला आश्रम में रहने बारे निर्णय लिया जा सके।

## द केरल स्टोरी पर प्रतिबंध अभिव्यक्ति की आजादी पर प्रहार : अनिल विज



**अंबाला।** फिल्म द केरल स्टोरी पर पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी सरकार द्वारा लगाए गए प्रतिबंध पर प्रतिक्रिया देते हुए हरियाणा के गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने कहा कि ममता बनर्जी को सच्चाई अच्छी नहीं लगती। वह सच्चाई को छिपाना चाहती हैं। फिल्म पर प्रतिबंध लगाना अभिव्यक्ति की आजादी पर प्रहार है। वहीं फिल्म निदेशक को धमकियां मिलने के प्रश्न पर गृहमंत्री ने कहा कि ऐसे लोग सच्चाई उजागर करने वाले होते हैं। उन्हें डराया या धमकाया नहीं जा सकता। कर्नाटक में चुनाव प्रचार के दौरान कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बयान दिया कि सरकार बनते ही जो वायदे किए हैं, वह पूरे किए जाएंगे। इस पर विज ने कहा कि राहुल गांधी कुछ भी कह सकते हैं। पहले कई बार उन्होंने बड़ी-बड़ी बातें कही मगर कांग्रेस ने देश का क्या हाल किया, यह सभी को पता है। वहीं, प्रियंका गांधी के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि प्रचार में इस तरह की बयानबाजी कोई हारा हुआ व्यक्ति ही करता है। गौरतलब है कि प्रियंका गांधी ने प्रचार के दौरान कहा था कि भाजपा को वोट दिया तो यह सब को लूट लेंगे। दिल्ली के सीएम ने आरोप लगाया कि भाजपा उन्हें जबरन फंसा रही है। इस पर गृहमंत्री ने कहा कि देश की जांच एजेंसियां जांच कर रही हैं। केजरीवाल जांच होने दें और जांच टीम के समक्ष अपना पक्ष रखें। इसके बाद ही वह इस प्रकार की बात करें। वहीं दिल्ली में किसानों द्वारा बैरिकड तोड़ पहलवानों के समर्थन मामले में विज ने कहा कि इसका समाधान करने में सरकार लगी है और जल्दी इसका समाधान किया जाएगा।

# रोड पर पिसवा दूंगा तुम्हारी नौकरी खा जाऊंगा...

**चरखी दादरी।** होटल पर ओवरलोड वाहन का चालान कर रही आरटीए टीम से होटल संचालक उलझ पड़ा। होटल संचालक ने टीम को रोड पर पिसवा देने और नौकरी से हटवाने जैसी धमकी देते हुए हाथापाई का प्रयास किया। आरटीए टीम की शिकायत पर सदर थाना पुलिस ने आरोपी होटल संचालक पर विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में आरटीए सहायक सचिव कुलदीप सिंह ने बताया कि वह अपनी टीम के साथ लोहारू रोड पर ओवरलोड वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान टीम ने एक ओवरलोड वाहन को रुकने का इशारा किया। चालक डंपर को समीप स्थित एक होटल पर ले गया। टीम जब उक्त ओवरलोड वाहन का चालान करने वहां पहुंची तो चालक के साथ होटल संचालक टीम से उलझ पड़ा। उसने टीम को होटल पर खड़े डंपर का चालान न करने के लिए कहा। टीम ने उसे समझाने का प्रयास किया लेकिन वह नहीं माना। इसके बाद आरटीए टीम ने पुलिस कंट्रोल रूम में सूचना देकर पुलिस को मौके पर बुलाया। पुलिस की मौजूदगी में आरटीए टीम ने डंपर जब्त कर लिया और इसे बाड़े में ले आई। इससे पहले धर्मकांटे पर वजन कराने पर डंपर ओवरलोड मिला। टीम के सदस्यों के अनुसार डंपर में निर्धारित क्षमता से आठ टन अधिक भवन निर्माण सामग्री मिली। आरटीए सहायक सचिव कुलदीप सिंह ने बताया कि ढाबा संचालक सोनू ने टीम को न केवल रोड पर पिसवाने की धमकी दी बल्कि विजिलेंस को रुपए की डिमांड करने की झूठी शिकायत देने की बात कहकर दबाव बनाने का प्रयास किया। वह चेकिंग स्टाफ के साथ हाथापाई पर भी उतर आया। होटल संचालक की ओवरलोड माफिया से मिलीभगत हो सकती है। उसने टीम से हाथापाई का प्रयास किया, जबकि रोड पर कुचलवाने की धमकी तक दी। हमने इसकी शिकायत पुलिस को दे दी है। इस संबंध में आरटीए सहायक सचिव कुलदीप सिंह ने शिकायत दी है। इसके आधार पर आरोपी होटल संचालक सोनू के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

## तीन आतंकवादियों का सफाया करने पर राइफलमैन औरंगजेब को मिला मरणोपरांत शौर्य चक्र

**श्रीनगर ( हिंस )।** भारतीय सैन्य बलों की सर्वोच्च कमांडर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के हाथों मरणोपरांत शौर्य चक्र से सम्मानित राइफलमैन औरंगजेब ने एक ऑपरेशन में अपनी टीम के साथ तीन आतंकवादियों का सफाया किया था। वह कई आतंक विरोधी अभियानों में शामिल रहे थे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को जम्मू और कश्मीर लाइट इन्फैंट्री की 44वीं बटालियन राष्ट्रीय राइफल्स के राइफलमैन औरंगजेब को मरणोपरांत शौर्य चक्र प्रदान किया है। जम्मू-कश्मीर के बारामूला में एक अभियान के दौरान उन्होंने एक घायल सैनिक को निकाला और अपनी टीम के साथ तीन आतंकवादियों का सफाया किया था। वह कई आतंक विरोधी अभियानों में शामिल रहे थे। इसके बाद राइफलमैन औरंगजेब का 14 जून, 2018 को आतंकियों ने अपहरण कर लिया था और बाद में गोली मारकर उनकी हत्या कर दी थी। आतंकियों ने इस वारदात को तब अंजाम दिया, जब वह शोपियां जिले के शादीपोरा से एक निजी वाहन में अपने गांव पुंछ में एक पारिवारिक समारोह में शामिल होने के लिए जा रहे थे। राइफलमैन औरंगजेब आतंकियों के निशाने पर थे, क्योंकि वह घाटी में चलाए जा रहे आतंकरोधी अभियानों का ज्यादातर हिस्सा रहे थे।

# देश की फर्स्ट लाइन ऑफ डिफेंस है बीएसएफ सामाजिक सरोकारों में भी अग्रणी : राठौड़



**बीकानेर ( हिंस )।** भारत की फर्स्ट लाइन ऑफ डिफेंस ( भारत की पहली रक्षा पंक्ति) है बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स (सीमा सुरक्षा बल), जो देश की सीमाओं की रक्षा के साथ-साथ सामाजिक सरोकारों में भी हमेशा अग्रणी रहता है। यह बात बल के बीकानेर सेक्टर के डीआईजी पुष्पेंद्र सिंह राठौड़ ने बुधवार को कही। वे सेक्टर के 51 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सैलिब्रेशन के क्रम में जवानों, अधिकारियों के एक साथ रक्तदान कार्यक्रम में पत्रकारों से चर्चा कर रहे थे। राठौड़ ने बताया कि सेक्टर को 11 मई को 51 साल हो रहे हैं और जवान, अधिकारी सब मिलकर सैलिब्रेशन कर रहे हैं। आज रक्तदान कार्यक्रम में राठौड़ द्वारा स्वयं रक्तदान करने के बाद लगभग 100 से अधिक बल के अधिकारी व जवानों ने रक्तदान किया। उन्होंने बताया कि 11 मई, गुरुवार को जवानों व अधिकारियों के साथ-साथ परिवार के लोगों का बड़ा खाना का कार्यक्रम होगा साथ ही जवान व अधिकारी ऊंट पर बैठकर कैमल सफारी पर जूनागढ़ तक जाएंगे।

## अस्थिर पाकिस्तान भारत समेत सभी देशों के लिए खतरनाक : फारूक अब्दुल्ला



**श्रीनगर ( हिंस )।** जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला ने बुधवार को श्रीनगर में कहा कि अस्थिर पाकिस्तान भारत समेत सभी देशों के लिए खतरनाक है। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के अध्यक्ष इमरान खान को भ्रष्टाचार के एक मामले में गिरफ्तार किए जाने के एक दिन बाद पूर्व मुख्यमंत्री की यह टिप्पणी आई है। फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि हम एक मजबूत और लोकतांत्रिक पाकिस्तान चाहते हैं, जहां लोकतंत्र फले-फूले और भारत के साथ अपने संबंधों को भी सुधारे। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान में आंतरिक और आर्थिक स्थिति भी बहुत खराब है। उन्होंने कहा कि पिछले साल इस क्षेत्र में भारी बाढ़ आई थी और कई क्षेत्र अभी भी इससे प्रभावित हैं। ऐसे में स्थिति का इस तरह बदलना ज्यादा खतरनाक है। जम्मू-कश्मीर के तीन बार के मुख्यमंत्री ने कहा कि पड़ोसी देश में स्थिति खतरनाक है, लेकिन इस तरह की घटनाओं का इतिहास रहा है। अगर आप पाकिस्तान के इतिहास को देखें, तो आजादी के बाद से पहले प्रधानमंत्री की हत्या हुई, फिर (जुल्फिकार अली) भुट्टो को फांसी दी गई। इसके बाद उनकी बेटी बेनजीर भुट्टो को गोली मार दी गई। अब इमरान खान चौथे पूर्व प्रधानमंत्री हैं, जो जेल जा चुके हैं। मैं ईश्वर से उम्मीद करता हूं कि उनकी जान बच जाए।

# तीन माह के वेतन के बदले ली 16 हजार की रिश्वत, चाइल्ड लाइन निदेशक गिरफ्तार



**चित्तौड़गढ़ ( हिंस )।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) चित्तौड़गढ़ ने मंगलवार रात को कार्रवाई करते चाइल्ड लाइन चित्तौड़गढ़ के निदेशक एवं एनजीओ संचालक भोजराज सिंह पदमपुरा को 16 हजार की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। चाइल्ड लाइन के कर्मचारी को तीन माह का वेतन देने के बदले में रिश्वत राशि ली गई थी। आरोपी आसरा विकास संस्थान का संस्थापक और चाइल्ड लाइन का निदेशक है। एसीबी चित्तौड़गढ़ के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कैलाश सिंह सांदू ने बताया कि गांधीनगर सेक्टर 5 निवासी गोपाल पुत्र देवीलाल चावला ने एसीबी में शिकायत की थी। इसमें बताया कि प्रार्थी ने 15 सितंबर 2022 से चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 में काम करने के लिए ज्वाइन किया था। इसके बाद से ही आरोपी उदयपुर निवासी भोजराज पुत्र दलपत सिंह ने गोपाल चावला को वेतन नहीं दिया था। गोपाल चावला ने जब अपने काम के बदले में वेतन मांगा तो आरोपी ने रिश्वत की मांग कर दी। एनजीओ संचालक ने 1 अगस्त 2022 से 15 सितंबर 2022 तक के फर्जी हाजरी लगा कर डेढ़ महीने के 12 हजार रुपए गोपाल चावला के अकाउंट में जमा करवाएं। इसके अलावा 16 सितंबर 2022 से 30 सितंबर 2022 की वैध सैलरी के 4000 रुपए भी अकाउंट में जमा करवाए। इसके बाद भोजराज सिंह ने गोपाल चावला से इन्हीं रुपयों की मांग की। उसने गोपाल चावला के अक्तूबर, नवंबर और दिसंबर महीने का वेतन रुकवा दिया और 16 हजार रुपए उसके बदले में देने की बात कही। एएसपी कैलाश सिंह सांदू ने बताया कि शिकायत मिलते ही भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो उदयपुर रेंज के उपमहानिरीक्षक राजेंद्र प्रसाद गोयल के निर्देश पर ट्रेप की कार्रवाई शुरू की। सबसे पहले 5 मई को सत्यापन किया गया।

## जर्मन पर्यटकों की मदद करने वाले सब इंस्पेक्टर सम्मानित

**चित्तौड़गढ़ ( हिंस )।** जिले के जिले के भ्रमण पर आए जर्मन पर्यटकों के दल में से एक सदस्य की करीब 3 वर्ष पूर्व हुई मौत के मामले में सहयोग करने वाले तत्कालीन विजयपुर थाना अधिकारी को एक बार फिर से सम्मानित किया गया है। सब इंस्पेक्टर औकात सिंह को वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड लंदन का सम्मान मिला है। उदयपुर रेंज के आईजी अजय पाल लांबा ने सम्मान देकर देकर सब इंस्पेक्टर की तारीफ की। जानकारी में सामने आया कि 14 मार्च 2020 को कोविड महामारी की शुरुआत में चित्तौड़गढ़ के विजयपुर थाना क्षेत्र में जर्मनी से छुट्टियां मनाने विदेशी पर्यटक दल आया था। इस दौरान दल के एक सदस्य मिस्टर रेनर डाईटमार ड्रूज़ की हार्ट अटैक से मौत हो गई थी। इस पर तत्कालीन थानाधिकारी ओंकार सिंह चारण ने मृतक की पत्नी और ग्रुप की मदद की थी। चारण ने इस दौरान सूचना मिलने पर तुरंत मौके पर पहुंचना, डेथ सर्टिफिकेट दिलवाना, डॉक्टरों से स्क्रीनिंग की सुविधा दिलवाई।

# कामयाबी के लिए जुनून होना चाहिए : सिद्धू



**यमुनानगर ( हिंस )।** सपने देखने से कुछ नहीं होता, कामयाबी के लिए जुनून होना चाहिए। यह कहना है, कांग्रेस नेता नवजोत सिंह सिद्धू का, जो कि मंगलवार देर शाम को क्रिकेट व फुटबॉल के विद्यार्थियों से मुलाकात करने यहां एक निजी एकेडमी में पहुंचे थे। पत्रकारों से बातचीत करते हुए नवजोत सिंह सिद्धू ने कहा दुनिया में दो चीजें ऐसी हैं, जो कि बांटने से बढ़ती हैं, एक प्यार है और दूसरा ज्ञान। उन्होंने कहा कि बचपन में बच्चों को ऐसी चीजें सिखाएं जो आपने मुश्किल में हासिल की हैं, तो बच्चों को इसका लाभ होता है। उन्होंने कहा कि इंसान को मेहनत से अपना मुकद्दर खुद बनाना होता है। हर कार्य के लिए जनून होना चाहिए। अकेले सपने देखने से कुछ नहीं होता। नवजोत सिंह सिद्धू ने कहा कि बच्चों को किसी भी फील्ड में जाने से पहले उसे बोझ नहीं समझना चाहिए, बल्कि एंजॉय करते रहना चाहिए, तभी उसमें कामयाबी मिलती है। इस दौरान नवजोत सिंह सिद्धू से टिप्स लेने वाले बच्चे भी काफी उत्साहित नजर आए। एकेडमी के बच्चों ने बताया कि नवजोत सिंह सिद्धू ने कैसे उन्हें कामयाबी के लिए टिप्स दिए हैं।

## पंजाब में दिखेगा तूफान *मोचा* का असर बारिश की संभावना, गर्मी से मिलेगी राहत



**पटियाला।** तूफान *मोचा* का असर पंजाब में भी दिखेगा। चंडीगढ़ मौसम विभाग केंद्र के निदेशक मनमोहन सिंह के मुताबिक तूफान के असर से हवाओं का पैट्र्न बदल जाएगा। उत्तर-पश्चिमी हवाएं चलेंगी और यह हवाएं क्योंकि ज्यादा गर्म नहीं होती हैं, इसलिए फिलहाल तापमान ज्यादा नहीं बढ़ेगा। इससे आने वाले दिनों में लोगों को भीषण गर्मी से निजात मिलेगी। वहीं, पंजाब में 13 मई से एक नए पश्चिमी विक्षोभ का भी असर दिखेगा। इसके चलते 13 व 14 मई को प्रदेश के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश हो सकती है। इससे पारे में 1 से 2 डिग्री की गिरावट देखने को मिलेगी। उधर, मंगलवार को पंजाब के पारे में 0.2 डिग्री सेल्सियस की गिरावट देखने को मिली। हालांकि यह सामान्य से 2.8 डिग्री नीचे रहा। सबसे अधिक 38.5 डिग्री का तापमान समराला का दर्ज किया गया। वहीं, पंजाब के अन्य प्रमुख शहरों में अमृतसर का पारा 35.5 डिग्री, लुधियाना का 35.9, पटियाला का 36.9, फरीदकोट का 35.5, बरनाला का 36.2, फतेहगढ़ साहिब का 36.7 डिग्री, जालंधर का 35.2 डिग्री दर्ज किया गया। पंजाब के न्यूनतम तापमान में भी 2.0 डिग्री की कमी दर्ज की गई, जो सामान्य से 4.4 डिग्री नीचे रही। सूबे में सबसे कम 16.2 डिग्री का न्यूनतम तापमान अमृतसर में दर्ज किया गया। इसके अलावा लुधियाना का न्यूनतम पारा 18.2, पटियाला का 19.1, जालंधर का 17.2 डिग्री दर्ज किया गया। मंगलवार को चंडीगढ़ में हल्की बारिश हुई लेकिन पंजाब में मौसम शुष्क रहा। इसके चलते तेज गर्मी ने लोगों को परेशान किया। मौसम विभाग ने अगले तीन दिन मौसम शुष्क रहने की भविष्यवाणी की है और इस दौरान पारे में वृद्धि भी दर्ज होने की संभावना है।

# नई आबकारी नीति : पर्यावरण और गौ-संरक्षण को आएंगे 400 करोड़

## पांच वर्षों में डबल हुआ आबकारी राजस्व, 12 हजार करोड़ का टारगेट

**चंडीगढ़ ( हिंस )।** पंचकूला स्थित श्रीमाता मनसा देवी मंदिर के अलावा प्रदेशभर में सभी धार्मिक क्षेत्रों और गुरुकुलों के आसपास अब शराब के ठेके नहीं खुल पाएंगे। सरकार ने ऐसी जगहों पर ठेकों के लाइसेंस नहीं देने का निर्णय लिया है। पिछले पांच वर्षों में एक्साइज (आबकारी) रेवन्यू में सरकार ने लगभग दोगुणा बढ़ोतरी की है। मंगलवार की शाम सीएम मनोहर लाल खट्टर की अध्यक्षता में हुई राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में 2023-24 के लिए एक्साइज पॉलिसी को मंजूरी दी गई। आबकारी एवं कराधान मंत्री होने के नाते डिप्टी सीएम दुष्यंत सिंह चौटाला ने यह पॉलिसी टेबल की। पॉलिसी को लेकर सीएम और डिप्टी सीएम पहले भी कई बार विभाग के अधिकारियों के साथ बैठकें कर चुके हैं। विस्तृत चर्चा के बाद पॉलिसी तैयार की गई। नई पॉलिसी से करीब 12 हजार करोड़ रुपए का राजस्व जुटाने का लक्ष्य रखा ने रखा है। चालू पॉलिसी ने ही सरकार 10 हजार करोड़ रुपए के करीब का राजस्व हासिल करने जा रही है। सरकार के अनुसार, पिछले दो वर्षों में जिस लाइसेंस फीस पर फुटकर दुकानें आवंटित की गई थी, उसकी शत-प्रतिशत वसूली सरकार द्वारा की जा चुकी है। पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए तय किया है कि 29 फरवरी, 2024 के बाद शराब की बोतलों में पीईटी बोतलों का उपयोग बंद किया जाएगा। इतना ही नहीं, सरकार ने खुदरा परमिट शुल्क लगाने का फैसला लिया है। इस परमिट शुल्क से 400 करोड़ रुपए जुटाए जाएंगे। यह पैसा पर्यावरण और गौ-संरक्षण में लगेगा। नीति में ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के लिए जिला स्तर पर आईएफएल (बीआईओ) के लेबल का भी नवीनीकरण किया जाएगा। साथ ही, एमएसएमई क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए छोटी (क्राफ्ट) ब्रेवरीज की लाइसेंस फीस कम की है। राज्य में वाइनरी को बढ़ावा देने के लिए वाइनरी की सुपरवाइजरी फीस में कटौती की है। खुदरा शराब के ठेकों की संख्या को 2500 से घटाकर 2400 किया है। पिछले साल भी इसमें 100 की कटौती करके 2600 से 2500 किया था। एक बड़ा निर्णय लेते हुए कैबिनेट ने तय किया है कि पंचकूला में श्रीमाता मनसा देवी मंदिर के आस-पास अधिसूचित पवित्र क्षेत्रों तथा जिन गांवों में गुरुकुल चल रहे हैं, वहां शराब के ठेके नहीं खोले जाएंगे। ई-निविदा के जरिये शराब की दुकानों के लाइसेंस मिलेंगे। खुदरा शराब बिक्री जोन का आकार भी चार से घटाकर दो किया है। नई नीति में देशी शराब, भारत में बनी विदेशी शराब और आयातित विदेशी शराब (बीआईओ) के मूल कोटे में बढ़ोतरी की है। देशी शराब और आईएमएफएल पर उत्पाद शुल्क की दरों में भी मामूली वृद्धि की गई है। अल्कोहल की कम मात्रा वाले पेय पदार्थों को बढ़ावा देने के लिए रेडी टू ड्रिंक बेवरेजेज और बीयर पर माइल्ड और सुपर माइल्ड कैटेगरी के तहत एक्साइज ड्यूटी घटा दी गई है। पब कैटेगरी (एल-10ई) यानी केवल बीयर और वाइन के उपभोग के लिए लाइसेंस शुल्क को और कम कर दिया गया है। थोक लाइसेंसधारियों द्वारा शराब की चोरी पर अंकुश लगाने के लिए जुर्माने के प्रावधान कड़े किए गए हैं और लाइसेंसधारक द्वारा सोशल मीडिया सहित विभिन्न प्लेटफॉर्म पर शराब प्रचार के विज्ञापनों पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा।






# हड़ताल से दिल्ली-एनसीआर में सेवाएं प्रभावित; आधे हुए डिलिवरी पार्टनर, ऑर्डर 30 फीसदी घटे

**नई दिल्ली।**
जोमैटो के स्वामित्व वाली कंपनी ब्लिंकिट इन दिनों दिल्ली-एनसीआर में अपना संचालन करने में चुनौतियों का सामना कर रही है। कंपनी के सामने यह स्थिति डिलिवरी पार्टनर्स के पे स्ट्रक्चर में बदलाव करने के बाद पैदा हुई है। कंपनी ने भुगतान के अपने नए ढांचे के तहत डिलिवरी पार्टनर्स को प्रति किलोमीटर के आधार पर भुगतान की बात कही है। डिलिवरी पार्टनर कंपनी के इस फैसले का जमकर विरोध करते हुए हड़ताल पर चले गए हैं। कंपनी की ओर से डिलिवरी पार्टनर्स के भुगतान का यह ढांचा जब से अमल में लाया गया तब से लगभग आधे ब्लिंकिट डिलिवरी पार्टनर्स ने काम छोड़ दिया है। कुछ लोगों ने कंपनी के इस फैसले के बाद जेप्टो, स्विगी और अमेजन जैसे प्लेटफॉर्म्स का दामन थाम लिया है।

**डिलिवरी पार्टनर्स की कमी से कंपनी को झेलनी पड़ रही परेशानी** - रिपोर्ट्स के अनुसार फिलहाल स्थिति यह है कि डिलिवरी पार्टनर्स की नाराजगी के कारण कंपनी अपने ग्राहकों को सही समय पर डिलिवरी उपलब्ध कराने में संघर्ष कर रही है। अपने बचे हुए डिलिवरी पार्टनर्स को बचाने के लिए कंपनी ने नए सिरे से अतिरिक्त इंसेंटिव और रेफरल बोनस का ऑफर दिया है। हालांकि इसके बावजूद कंपनी डिलिवरी पार्टनर्स के हड़ताल के पहले की तुलना में 30प्रतिशत कम ऑर्डर ही सर्व कर पा रही है।

**भुगतान ने एक ढांचे का पिछले महीने शुरू हुआ था विरोध** - ब्लिंकिट में भुगतान के नए ढांचे का विरोध पिछले महीने शुरू हुआ था। नए पेमेंट स्ट्रक्चर में कहा गया था कि डिलीवरी पार्टनर्स को अपने टाइम स्लॉट बुक करने होंगे और निर्धारित लक्ष्यों को पूरा करना होगा। हालांकि, डिलिवरी पार्टनर्स का आरोप है कि इससे उनकी कमाई कम हो जाएगी। वे डिलिवरी के दौरान पहले किलोमीटर की यात्रा के लिए 25 रुपये के न्यूनतम वेतन की मांग कर रहे हैं। ब्लिंकिट की सेवाओं के प्रभावित होने का परिणाम यह हो रहा है कि दिल्ली-एनसीआर में उसकी प्रतिद्वंद्वियों बिगबास्केट, जेप्टो और इंस्टामार्ट के डेली ऑर्डर में 25प्रतिशत-50प्रतिशत की वृद्धि दिख रही है।

## न्यूज़ ब्रीफ

### 76 डॉलर प्रति बैरल पर आया कच्चा तेल, पेट्रोल-डीजल के दामों में कोई बदलाव नहीं




**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में इन दिनों मामूली उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। ब्रेंट क्रूड ऑयल 76.13 डॉलर पर आ गया है। हालांकि, पेट्रोल-डीजल के दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में पेट्रोल की कीमत 96.72 रुपए, जबकि डीजल 89.62 रुपए प्रति लीटर पर बिक रहा है। वहीं देश के 16 राज्यों में पेट्रोल 100 रुपए लीटर के ऊपर बना हुआ है। भारत में सबसे महंगा फ्यूल राजस्थान के श्रीगंगानगर में बिक रहा है। यहां एक लीटर पेट्रोल की कीमत 113.30 रुपए प्रति लीटर और डीजल की कीमत 98.07 रुपए प्रति लीटर पर पहुंच गई है। वहीं महाराष्ट्र के परभणी में पेट्रोल 109.26 रुपए प्रति लीटर और डीजल 95.66 रुपए प्रति लीटर बिक रहा है। आखिरी बार मई 2022 में पेट्रोल-डीजल की कीमतों में बदलाव किया गया था। तब पेट्रोल पर 8 रुपए और डीजल पर 6 रुपए प्रति लीटर उत्पाद शुल्क घटाया गया था। इससे पेट्रोल और डीजल के दाम 9.5 रुपए और 7 रुपए कम हो गए थे। जुलाई 2022 में, महाराष्ट्र सरकार ने पेट्रोल और डीजल पर वीएटी में 5 रुपए और 3 रुपए प्रति लीटर की कटौती की थी। देश के 16 राज्यों में पेट्रोल 100 रुपए प्रति लीटर के ऊपर है। मध्य प्रदेश, आंध्र प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र, कर्नाटक, मणिपुर, तेलंगाना, पंजाब, झारखंड, सिक्किम, ओडिशा, केरल, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़ और राजस्थान के सभी जिलों में पेट्रोल 100 रुपए के ऊपर बिक रहा है। वहीं डीजल भी ओडिशा, राजस्थान और मध्य प्रदेश में 100 रुपए से ऊपर है। कच्चे तेल के दाम गिरने के चलते देश में पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कमी आ सकती है। इंटरनेशनल बाजार में कच्चे तेल (ब्रेंट) 75 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया है। तेल कंपनियों ने पेट्रोल और डीजल पर हुए पुराने नुकसान की भरपाई कर ली है।

### ओएनडीसी पर 27प्रतिशत तक सस्ता मिल रहा खानाः स्विगी-जोमैटो को लग सकता है झटका

**नई दिल्ली।** स्विगी-जोमैटो जैसी फूड डिलीवरी कंपनियों को सरकार समर्थित डिजिटल कॉमर्स प्लेटफॉर्म ओएनडीसी (ऑपेन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स) से बड़ा झटका लग सकता है। इसके जरिए ऑर्डर करने पर खाना या सामान सस्ते में उपलब्ध हो रहे हैं। इसे डिपार्टमेंट फॉर प्रमोशन ऑफ इंडस्ट्री एंड इंटर्नल ट्रेड (डीपीआईआईटी) ने तैयार किया है। जहां स्विगी-जोमैटो जैसे फूड एग्रीगेटर्स 25-30प्रतिशत कमीशन लेते हैं, ओएनडीसी सिर्फ 3-5प्रतिशत चार्ज करता है। इसलिए इससे कुछ भी ऑर्डर करना 27प्रतिशत तक सस्ता पड़ता है। ओएनडीसी का कोई ऐप नहीं है। इससे खाना ऑर्डर करने के लिए उसके किसी पार्टनर ऐप का इस्तेमाल किया जा सकता है। ओएनडीसी पर खाना ऑर्डर करने के लिए सबसे लोकप्रिय ऐप्स पेटीएम और मैजिकपिन हैं।




### शराब के दाम बढ़ने के बावजूद जमकर बिकी, हुई 12 फीसदी की बढ़ोतरी

**नई दिल्ली।** भारत में शराब के दाम बढ़ने के बावजूद इसकी बिक्री बढ़ी है। पिछले चार साल का रिकार्ड तोड़ते हुए इसमें 12 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। यह डिमांड सभी सेगमेंट में दिख रही है। फिर चाहे विस्की हो, ब्रैंडी, रम, जिन या वोदका। एक रिपोर्ट के मुताबिक, साल 2023 में 40 करोड़ शराब के केस (कार्टन) की खरीद हुई है, जो 750 मिलिलीटर वाली करीब 4.75 अरब बोतलों के बराबर है। देश में शराब बाजार के बिक्री के आंकड़े भी इस बात की तस्दीक करते हैं। इस साल मार्च तक 39.5 करोड़ कार्टन बिके हैं जो पिछले साल 2022 के मुकाबले 12प्रतिशत ज्यादा हैं। इससे पहले इतनी ज्यादा बिक्री चार साल पहले हुई थी। इस मामले में बाजार विशेषज्ञ परनॉड रिकर्ड कहते हैं, हमने दाम सबसे उच्च स्तर पर रखे हुए हैं। हालांकि एक्साइज डेटा के मुताबिक, अल्कोहल में कुल मांग का दो तिहाई हिस्सा विस्की का है। कीमतें ज्यादा होने के बावजूद विस्की की मांग 11 प्रतिशत बढ़ी है। ब्रेडी का मार्केट में हिस्सा 21 प्रतिशत है, जबकि रम का 12 प्रतिशत है। वोदका की बिक्री 29 प्रतिशत तक बढ़ी है, जबकि जिन की बिक्री 61 प्रतिशत बढ़ी है।



गो फर्स्ट की दिवालिया याचिका को एनसीएलटी की मंजूरी

# लीज पर एयरक्राफ्ट देने वाली फर्म्स अपने प्लेन वापस नहीं ले सकेंगी, फ्लाइट्स 19 मई तक कैंसिल

**नई दिल्ली।**
गो फर्स्ट की दिवालिया याचिका को नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल यानी एनसीएलटी ने स्वीकार कर लिया है। एयरलाइन की याचिका पर एनसीएलटी ने 4 मई को सुनवाई करते हुए फैसला सुरक्षित रख लिया था। एनसीएलटी ने एयरलाइन को राहत देते हुए मोरेटोरियम की मांग को भी मान लिया है।

मोरेटोरियम यानी लेनदार किसी भी लोन के मामले में कोई लीगल एक्शन नहीं ले सकते। लीज पर एयरक्राफ्ट देने वाली फर्म्स अपने प्लेन वापस नहीं ले पाएंगी। ट्रिब्यूनल के आदेश के अनुसार किसी भी कर्मचारी की छंटनी नहीं की जाएगी। मैनेजमेंट का भी टेकओवर कर लिया गया है।

जस्टिस रामलिंगम सुधाकर और एलएन गुप्ता की दो सदस्यीय बेंच ने कर्ज में डूबी कंपनी को चलाने के लिए अभिलाष लाल को इंटरिम रिजॉल्यूशन प्रोफेशनल यानी नियुक्त किया है। वो एयरलाइन को रिवाइव करने के लिए मैनेजमेंट संभालेंगे। गो फर्स्ट के सस्पेंडेड बोर्ड को नियमित खर्च के लिए 5 करोड़ रुपए भी जमा कराने होंगे।

यह पहली बार है जब किसी भारतीय एयरलाइन ने खुद से ही अपने कॉन्ट्रेक्ट और कर्ज को रिनेगोशिएट करने के लिए बैंकरप्सी प्रोट्रेक्शन की मांग की है। इससे पहले एविएशन रेगुलेटर ने गो फर्स्ट को नोटिस जारी कर 15 दिन में जवाब मांगा था। ऑपरेशन जारी रखने में फेल होने पर ये नोटिस दिया गया था।

**गो फर्स्ट के सीईओ ने इसे ऐतिहासिक फैसला बताया** - गो फर्स्ट के सीईओ कौशिक खोना ने एनसीएलटी के फैसले को कार्यवाही की गति के लिहाज से ऐतिहासिक बताया। यह सुनिश्चित करेगा कि एयरलाइन चलती रहे। उन्होंने कहा कि एयरलाइन के पास अभी भी 27 विमान ऑपरेशन में हैं। एनसीएलटी के मोरेटोरियम आदेश से लेसर्स (लीज पर एयरक्राफ्ट देने वाले) को विमान वापस लेने से रोका जा सकेगा।




**19 मई तक सभी फ्लाइट्स सस्पेंड** - एयरलाइन ने सबसे पहले अपनी फ्लाइट्स 3, 4 और 5 मई के लिए कैंसिल की थीं। इसके बाद फ्लाइट सस्पेंशन को बढ़ाकर 9 मई तक किया। फिर 12 मई कर दिया गया। अब इसे 19 मई तक सस्पेंड कर दिया गया है। उसके पास फ्यूल भराने का भी पैसा नहीं है। गो फर्स्ट की वेबसाइट के अनुसार एयरलाइन एक समय रोजाना 27 डोमेस्टिक और 8 इंटरनेशनल डेस्टिनेशन के लिए 200 से ज्यादा फ्लाइट ऑपरेट करती थी।

**यात्रियों को टिकटों का पैसा वापस करेगी एयरलाइन** - सख्त रुख दिखाते हुए फ्लाइट्स कैंसिल होने के बाद पैसेंजर्स को उनका पैसा तुरंत लौटाने को कहा है। एयरलाइन ने भी टिकटों का पैसा वापस करने की बात कही है। रिफंड ओरिजिनल पेमेंट मोड के जरिए किया जाएगा। मतलब, जिन लोगों ने क्रेडिट कार्ड के माध्यम से टिकट का पेमेंट किया है, उनके क्रेडिट कार्ड स्टेटमेंट में रिफंड दिखाई देगा। वहीं जिन्होंने नेट बैंकिंग से पेमेंट किया है, उन्हें रिफंड सीधे उनके अकाउंट में मिलेगा।

**लेसर्स ने इंटरिम मोरेटोरियम की मांग पर आपत्ति जताई थी** - एयरलाइन की इंटरिम मोरेटोरियम की मांग पर पिछले सुनवाई की थी। इस दौरान गो फर्स्ट को लीज पर एयरक्राफ्ट देने वाली फर्म्स ने एनसीएलटी से कहा था कि उन्हें एयरलाइन की इंटरिम मोरेटोरियम की मांग पर आपत्ति है। मोरेटोरियम के गंभीर परिणाम होंगे। लेसर्स ने जस्टिस रामलिंगम सुधाकर की अगुआई वाली बेंच को बताया था कि उन्होंने लीज को खत्म कर दिया है और वे विमान वापस पाने के हकदार हैं। लेसर्स ने कहा कि मेंटेनेंस और अन्य खर्चों को लेकर भी गो फर्स्ट का रिकॉर्ड ठीक नहीं हैं। यदि गो फर्स्ट को मोरेटोरियम राहत दी जाती है, तो वे अपने ग्राउंडेड विमान को वापस नहीं ले पाएंगे।

**एयरलाइन पर लेनदारों का 11,463 करोड़ रुपए बकाया** - गो फर्स्ट ने अपनी एप्लिकेशन में कहा था कि उसने अप्रैल 2020 से अब तक अपने लेनदारों को 19,980 करोड़ रुपए का पेमेंट किया है। अब उसके सभी फाइनेंशियल रिसोर्स खत्म हो चुके हैं। बैंकों, वित्तीय संस्थानों, वेंडर्स और एयरक्राफ्ट लेजर्स सहित अन्य लेनदारों को उसे 11,463 करोड़ रुपए देना है। गो फर्स्ट ने कहा कि वित्तीय दबाव के कारण फ्यूल सप्लायर सहित अन्य सर्विस प्रोवाइडर उसे अपनी सर्विसेस ऑफर करने को तैयार नहीं हैं।

**एप्लिकेशन में और क्या कहा गया है** - गो फर्स्ट ने कहा कि 5,000 इंजन आवर्स को पूरा करने से पहले ही 80प्रतिशत से ज्यादा इंजनों में खराबी आ गई। इंजनों में खराबी का प्रमुख कारण कंबस्टर डिस्ट्रेस था। गो एयर ने यह भी कहा कि प्रैट एंड व्हिटनी ने खुद इंजनों के फेलियर को स्वीकार किया है। इंजन की खराबी के कारण विमानों के ग्राउंडिंग का गो फर्स्ट पर व्यापक प्रभाव पड़ा। गो फर्स्ट ने अपनी अर्जी में कहा कि वित्त वर्ष 2015 में 96प्रतिशत फ्लीट उड़ान के लिए उपलब्ध थी, जो वित्त वर्ष 2023 में घटकर 54प्रतिशत रह गई। इंजन की अनुपलब्धता से ऐसा हुआ। विमानों की अनुपलब्धता और इंजन की खराबी से कंपनी को रेवेन्यू और ऐडिशनल एक्सपेंसेज के रूप में 10,800 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ।

# उर्वरक धांधली रोकने के लिए 112 इकाइयों के लाइसेंस रद्द, 30 एफआईआर दर्ज




**नई दिल्ली।**
सब्सिडी वाले उर्वरकों का गैर कृषि उद्देश्यों के लिए इस्तेमाल पर रोक लगाने के लिए पिछले छह महीनों में 15 राज्यों में स्थित 370 संयंत्रों का औचक निरीक्षण किया गया और उल्लंघन करने वाली 112 निर्माण इकाइयों के लाइसेंस रद्द किए गए। वहीं, आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत 30 प्राथमिकी दर्ज कर 11 को जेल भेजा गया है और 70,000 यूरिया बैग जब्त किए गए हैं। रसायन और उर्वरक मंत्री मनसुख मांडविया ने पिछले छह महीनों में गुजरात (92), केरल (54), तमिलनाडु (40) और कर्नाटक (39) में सबसे अधिक उर्वरक इकाइयों का निरीक्षण किया गया। पूरी दुनिया में इस समय उर्वरक संकट है। हमारे देश में किसानों को प्रति बोरी 2,000-2500 रुपये की सब्सिडी दी जा रही है। संकट में फंसी जयप्रकाश (जेपी) एसोसिएट्स 3,956 करोड़ रुपये का कर्ज चुकाने में विफल हो गई है। इसमें मूल राशि और ब्याज भी शामिल हैं। जेपी समूह की कंपनी जयप्रकाश एसोसिएट्स लि. (जेएएल) ने शेयर बाजार को बताया कि कंपनी 30 अप्रैल को मूल रकम 1,642 करोड़ और ब्याज 2,314 करोड़ रुपये लौटाने में चूक गई। कंपनी ने विभिन्न बैंकों से कई तरह की जरूरतों के लिए यह कर्ज लिया था। जेएएल ने कहा, उस पर ब्याज समेत कुल 29,277 करोड़ का कर्ज है। इसे 2037 तक लौटाया जाना है।

### कर्ज घटाने के लिए उठा रहे कदम

जेएएल ने कहा, वह कर्ज में कमी लाने को ठोस कदम उठा रही है। कुल उधारी में 18,106 करोड़ रुपये प्रस्तावित स्पेशल पर्पज व्हीकल को स्थानांतरित करने पर और कम हो जाएंगे। इसके लिए सभी हितधारकों से मिली मंजूरी को एनसीएलटी के आदेश का इंतजार है।

### फिच ने भारत की आर्थिक वृद्धि दर में की 0.2प्रतिशत कटौती

फिच रेटिंग्स ने चालू वित्त वर्ष के लिए भारत की जीडीपी वृद्धि दर अनुमान को 6.2 फीसदी से घटाकर 6प्रतिशत कर दिया है। 2024-25 के लिए भी विकास दर अनुमान को 0.2प्रतिशत घटाकर 6.7 फीसदी किया है। एजेंसी ने कहा, वैश्विक मांग के साथ उच्च महंगाई और ब्याज दरों के कारण भारत की आर्थिक वृद्धि दर में कमी आएगी।

# पश्चिम को नई कनेक्टिविटी मुहैया कराएंगे भारत, इस्राइल व अरब देश, एली कोहेन ने बताया ये प्लान



**नई दिल्ली।**
इस्राइल के विदेश मंत्री एली कोहेन ने दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। एली कोहेन राजनीतिक-आर्थिक दौरे पर भारत पहुंचे हैं। उन्होंने एक आर्थिक प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया, जिसमें मुख्य रूप से जल प्रबंधन और कृषि के क्षेत्र से 36 इस्राइली व्यवसायी शामिल थे। दिल्ली यात्रा के दौरान विदेश मंत्री कोहेन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल और जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत के साथ द्विपक्षीय बैठकें कीं। इस्राइल के विदेश मंत्री तीन दिन की यात्रा पर सुबह यहां पहुंचे लेकिन गाजा पट्टी में एक आतंकवादी समूह के खिलाफ तेल अवीव के अभियान को देखते हुए उन्होंने यात्रा बीच में ही छोड़ने की घोषणा की। इस्राइल की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि दोनों पक्षों ने एक समझौते पर हस्ताक्षर किए, जो 42,000 भारतीय श्रमिकों को यहूदी राज्य में निर्माण और नर्सिंग के क्षेत्र में काम करने की अनुमति देगा। कोहेन ने एक कारोबारी मंच को संबोधित करते हुए कहा कि भारत, इस्राइल और अरब देश मिलकर खाड़ी क्षेत्र में क्षेत्रीय संपर्क और रेलवे नेटवर्क को बढ़ावा दे सकते हैं इससे भविष्य में इस्राइल के हाइफा बंदरगाह पर भारतीय खेप पहुंच सकेगा। यहां पहुंचने के कुछ घंटे बाद कोहेन ने भारत-इस्राइल व्यापार मंच को संबोधित करते हुए दोनों देशों के बीच प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते को जल्द पूरा करने की भी वकालत की। इजरायल के विदेश मंत्री ने यह भी बताया कि कैसे इस्राइल, अरब देश और भारत पश्चिम के लिए कनेक्टिविटी बना सकते हैं। उन्होंने पश्चिम एशियाई क्षेत्र में भविष्य की कनेक्टिविटी के आकार का अवलोकन करते हुए कहा, भारत से जो व्यापार होगा, वह अरब बंदरगाह पर उतरेगा और वहां से ट्रेन से हाइफा बंदरगाह ले जाया जा सकेगा।

# वित्त मंत्री बोलीं, वंचितों को वित्तीय जोखिमों से सुरक्षा देती हैं सुरक्षा योजनाएं

**नई दिल्ली।**
केंद्र की दो सामाजिक सुरक्षा योजनाओं प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (पीएमजेजेबीवाई) और प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (पीएमएसबीवाई) से अब तक 7.79 लाख वंचित परिवारों को 15,592 करोड़ रुपये की मदद मिली है। इसमें पीएमजेजेबीवाई के तहत 6.64 लाख परिवारों को 13,290 करोड़ की राशि दी गई, जबकि पीएमएसबीवाई के जरिये 1.15 लाख से अधिक परिवारों को 2,302 करोड़ का लाभ मिला है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने पीएमजेजेबीवाई, पीएमएसबीवाई और अटल पेंशन योजना (एपीवाई) की 8वीं वर्षगांठ पर तीनों सामाजिक (जन) सुरक्षा योजनाएं नागरिकों की भलाई के लिए हैं। इनका मकसद वंचितों को जरूरी वित्तीय सेवाएं मुहैया कराना है, जिनके पास वित्तीय अनिश्चितताओं जैसे जोखिमों से मुकाबला करने की क्षमता कम होती है।

वित्त राज्य मंत्री भागवत के कराड ने कहा, ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को इन योजनाओं में शामिल करने के लिए हर ग्राम पंचायत में अभियान चलाए जा रहे हैं। तीनों योजनाएं 9 मई, 2015 को शुरू की गई थीं।




**हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचाएंगे योजनाओं का लाभ** - इन योजनाओं की पहुंच अधिकतम करने के लिए इन्हें एक लक्षित दृष्टिकोण के जरिये कार्यान्वित किया जा रहा है। हमारे पीएम की अगुवाई में सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह समर्पित है कि इन योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचे। पीएमजेजेबीवाई व पीएमएसबीवाई के लिए दावा प्रक्रिया को सरल बनाया गया है। -निर्मला सीतारमण, वित्त मंत्री

**दोनों योजनाओं में ग्रामीण इलाकों से सबसे ज्यादा नामांकन, राज्यों में उत्तर प्रदेश आगे** - बजाज आलियांज जनरल इंश्योरेंस के एमडी-सीईओ एवं जीआई परिषद के चेयरमैन तपन सिंघल ने बताया कि पीएमजेजेबीवाई के तहत 16.2 करोड़ नामांकन में ग्रामीण इलाकों की हिस्सेदारी करीब 72 फीसदी और शहरी भारत की 28 फीसदी है। दिलचस्प बात यह है कि इस योजना से करीब 48 फीसदी पुरुष और 51 फीसदी महिलाएं बीमित हैं। पीएमएसबीवाई में हुए कुल 34.2 करोड़ नामांकन में करीब 71 फीसदी बीमाधारक ग्रामीण और 28 फीसदी शहरी इलाकों से हैं। 50प्रतिशत पुरुष और 49 फीसदी महिलाएं बीमित हैं। करीब 24 करोड़ की जनसंख्या वाले उत्तर प्रदेश में पीएमजेजेबीवाई से 7 फीसदी और पीएमएसबीवाई से 20 फीसदी आबादी बीमित है। जीवन बीमा के लिए प्रीमियम बढ़ना ग्राहकों की सबसे बड़ी चिंता है। इसे किफायती बनाए रखना प्रमुख मुद्दा बन गया है।

बेंगलुरु में बनेगा आईफोन बनाने का प्लांट

# फॉक्सकॉन ग्रुप ने 303 करोड़ में खरीदी जमीन, 1 लाख जॉब्स क्रिएट होने की उम्मीद

**बेंगलुरु।**
एपल इंक के पार्टनर फॉक्सकॉन टेक्नोलॉजी ग्रुप ने बेंगलुरु एयरपोर्ट के पास देवनहल्ली एरिया में 13 मिलियन स्क्वायर फुट (1.2 मिलियन स्क्वायर मीटर) जमीन खरीद ली है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, फॉक्सकॉन की सब्सिडियरी होन हाई टेक्नोलॉजी इंडिया मेगा डेवलपमेंट प्राइवेट लिमिटेड ने लंदन स्टॉक एक्सचेंज को इस बात की जानकारी दी है।

**कंपनी ने 303 करोड़ रुपए में जमीन खरीदी** - कंपनी ने 37 मिलियन डॉलर यानी 303 करोड़ रुपए में बेंगलुरु में यह जमीन खरीदी है। इस जमीन पर फॉक्सकॉन टेक्नोलॉजी ग्रुप एक मैन्युफैक्चरिंग प्लांट बनाएगी। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस प्लांट में कंपनी पार्ट्स बनाने के साथ एपल के हैंडसेट भी असेंबल करेगी। फॉक्सकॉन अपनी इस साइट को नए इलेक्ट्रिक व्हीकल बिजनेस के लिए कुछ पार्ट्स का प्रोडक्शन करने के लिए भी यूज कर सकती है। एक रिपोर्ट में पहले बताया गया था कि फॉक्सकॉन टेक्नोलॉजी ग्रुप ने लोकल प्रोडक्शन को बढ़ाने के लिए भारत में एक नए प्लांट पर करीब 700 मिलियन डॉलर (करीब 5.7 हजार करोड़ रुपए) का निवेश करने का प्लान बनाया है।

**चीन से एपल की मैन्युफैक्चरिंग भारत में शिफ्ट की जा रही** - अमेरिका-चीन के बीच तनाव बढ़ने के कारण चीन से एपल की मैन्युफैक्चरिंग भारत में शिफ्ट की जा रही है। जियो पॉलिटिकल टेंशन और कोरोना महामारी के बाद एपल समेत अन्य अमेरिकी टेक दिग्गज भी चीन के बाहर अपनी मैन्युफैक्चरिंग फैसिलिटी के विस्तार पर काम कर रहे हैं।

**प्लांट के बनने से 1 लाख जॉब्स क्रिएट होंगे** - भारत में इस प्लांट के बनने से लगभग 1 लाख जॉब्स क्रिएट होने की उम्मीद है। चीन के झेंग्झौ में कंपनी के विशाल आईफोन असैंबली कॉम्प्लेक्स में इस समय लगभग 200,000 कर्मचारी काम करते हैं। हालांकि, पीक प्रोडक्शन सीजन के दौरान यह संख्या बढ़ जाती है। भारत में फॉक्सकॉन का ये इन्वेस्टमेंट अब तक का उसका यहां सबसे बड़ा सिंगल इन्वेस्टमेंट है।




**भारत में 2017 से बन रहे आईफोन** - एपल ने 2017 में आईफोन के साथ भारत में आईफोन्स की मैन्युफैक्चरिंग शुरू की थी। इसके तीन इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग सर्विस पार्टनर-फॉक्सकॉन, विस्ट्रॉन और पेगाट्रॉन है। आईफोन के बाद भारत में आईफोन 11, आईफोन 12 और आईफोन 13 की मैन्युफैक्चरिंग भी की गई। फॉक्सकॉन का प्लांट चेन्नई के पास श्रीपेरंबदूर में है।

**भारत सरकार की स्कीम का हिस्सा एपल** - एपल के तीनों कॉन्ट्रैक्ट मैन्युफैक्चरर भारत सरकार की 41,000 करोड़ रुपए की प्रोडक्शन-लिंक्ड इन्सेंटिव स्कीम का हिस्सा हैं। इस स्कीम के बाद ही भारत में आईफोन मैन्युफैक्चरिंग में तेजी आई है। 2020 में भारत सरकार ने लॉन्च किया था। इस स्कीम से बाहर के देशों की कंपनीज को मौका मिलता है कि वो लोकल मैन्युफैक्चरिंग का फायदा उठा सकें, साथ ही उस पर इन्सेंटिव भी कमा सकें। ज्यादातर आईफोन की असेंबलिंग चीन में होती है। क्या इसका कारण लेबर की कम कॉस्ट है इन्वेस्टोपीडिया की एक रिपोर्ट के मुताबिक एक आईफोन कर्मचारी का औसत वेतन .10 प्रति घंटा है। टॉप कमाई करने वाले लगभग 27 प्रति घंटा कमाते हैं। एपल के सीईओ टिम कुक के अनुसार, चीन में मैन्युफैक्चरिंग का कारण लो लेबर कॉस्ट नहीं है। अगर ऐसा होता, तो एपल अपने फोन को और भी सस्ती जगहों पर बना सकता था। कुक के अनुसार मुख्य कारण टूलिंग इंजीनियरिंग में जरूरी स्किल है। उनका दावा है कि स्पेसिफिक स्किल सेट अब में उपलब्ध नहीं है, लेकिन चीन के पास एक्सपर्टीज है। अमेरिका में सबसे कम कीमतों पर आईफोन मिलते हैं।

# मार्शल आर्ट के समय आमतौर पर सूफी म्यूजिक या भारतीय शास्त्रीय संगीत सुनना पसंद करता हूं : विद्युत जामवाल

### - अपकमिंग फिल्म आईबी 71 की रिलीज की तैयारी में जुटे जामवाल



**नई दिल्ली (ईएमएस)।** बॉलीवुड के एक्शन स्टार विद्युत जामवाल वर्कआउट करते समय भारतीय शास्त्रीय, सूफी से लेकर पंजाबी म्यूजिक सुनना पसंद करते हैं। 12 मई को रिलीज होने वाली अपनी अपकमिंग फिल्म आईबी 71 की रिलीज की तैयारी कर रहे विद्युत ने एक कदम और ऊंचा उठाया है, लेकिन खतरनाक स्टंट करने के लिए किसी को अधिक ट्रेन करने की आवश्यकता होती है। आप किस तरह का संगीत सुनना पसंद करते है?, इस सवाल के जवाब में विद्युत ने मीडिया को बताया कि मेरे लिए म्यूजिक बदलता रहता है। यह इस बात पर निर्भर करता है कि मैं किस जोन में हूं। फिटनेस के बारे में बात करते हैं। जब मैं जिम जाता हूं तो सभी एक जैसा म्यूजिक सुनते हैं। मुझे यह अजीब लगता है। म्यूजिक आपके जीवन के लिए बेहद जरुरी है। उदाहरण के लिए अगर मैं मार्शल आर्ट कर रहा हूं, तो मैं आमतौर पर सूफी म्यूजिक या भारतीय शास्त्रीय संगीत सुनना पसंद करता हूं। मुझे इसमें मजा आता है।

एक्टर विद्युत जामवाल ने कहा कि जब मैं पंचिंग बैग के साथ एक्सरसाइज करता हूं, तो मैं बी-बॉयिंग या हिप-हॉप संगीत सुनना पसंद करता हूं। यह बदलता रहता है। कई बार मुझे इलेक्ट्रॉनिक म्यूजिक पसंद आता है, लेकिन यह इस बात पर निर्भर करता है कि मैं कहां हूं और क्या कर रहा हूं। विद्युत को पंजाबी संगीत का भी शौक है। एक्टर ने कहा कि कभी-कभी मैं ट्रेनिंग के दौरान मजे करता हूं और तभी मैं पंजाबी या कोई अन्य क्षेत्रीय संगीत सुनता हूं। विद्युत जामवाल द्वारा शीर्षक और निर्मित आईबी 71, 1971 के गंगा अपहरण की कहानी कहती है, जिसने भारत को पाकिस्तान पर रणनीतिक लाभ हासिल करने में मदद की।

# रकुल प्रीत ने लगाई बर्फीले पानी में डूबकी

### -वीडियो को लेकर हो रही खूब चर्चा



**मुंबई (ईएमएस)।** एक्ट्रेस रकुल प्रीत ने एक ऐसा वीडियो शेयर किया है, जो रूह कपा देने वाली है। जरा सोचिए, चारों ओर जहां दूर-दूर तक बर्फ की चादरें बिछी हों, वहां कोई बाहर पानी में डुबकी लगाए तो क्या हाल होगा। ऐसा ही कुछ रकुल प्रीत ने किया है और अब इस वीडियो को लेकर खूब चर्चा हो रही है। दरअसल रकुल प्रीत ने बफीर्ले इलाके में क्रोयोथेरेपी लेते हुए एक वीडियो पोस्ट किया है। रकुल के इस वीडियो को देखकर फैन्स हैरान हैं। इस वीडियो में पहले तो कुछ लोगों के साथ बर्फ की वादियों में मोटो-मोटे विंटर जैकेट और टोपी में एक्ट्रेस खड़ी नजर आ रही हैं। इसके बाद रकुल बिकीनी में एक वुडन केबिन से बाहर आती हैं और फिर बर्फ की तरह जमे ठंडे पानी में डुबकी लगा लेती हैं रकुल ने इस पोस्ट में बताया है कि बाहर -15 डिग्री सेल्सियस टेम्प्रेचर है। अंदर तक जमा देने वाली इस ठंड में रकुल प्रीत पानी में डुबकी भी लगाती हैं और इस दौरान उनके चेहरे के मुस्कुराहट भी मेनटेन रहती है। हालांकि, जब केबिन की तरफ जाने लगती हैं तो उनके मुंह से ठंड की वजह से चीख निकल जाती है। अब रकुल को इस वीडियो पर कैसे-कैसे कॉमेंट्स मिल रहे हैं, जरा आप भी पढ़िए। एक फैन ने लिखा है- रकुल ने तो पानी में आग लगा दी। एक ने कहा- ये प्रूफ है इस बात का कि वो काफी हॉट हैं। कुछ लोगों ने तो ये भी पूछा है कि क्या ये उन्होंने किसी फिल्म के लिए किया है? एक यूजर ने लिखा- अब पूरा ग्लेशियर पिघल जाएगा। वर्कफ्रंट की बात करें तो रकुल प्रीत आखिरी बार छतरीवाली में नजर आई थीं। इस फिल्म में रकुल कॉन्डम बेचने का काम किया करती हैं और अपने प्रफेशन को छिपानी की पूरी कोशिश किया करती हैं।

# जीनत को देखकर भविष्य, भूत व वर्तमान के कैमरे का लेंस हो जाता है ब्लर: अमित अग्रवाल

**- फैशन डिजाइनर अमित की स्टोर ओपनिंग में पहुंची थीं जीनत अमान**



**मुंबई (ईएमएस)।** फैशन डिजाइनर अमित अग्रवाल की स्टोर ओपनिंग में जीनत अमान ने हाल ही में भाग लिया। जीनत अमान की प्रशंसा करते हुए फैशन डिजाइनर ने उन्हें एक ऐसी महिला बताया, जो समय को मात देती हैं। अब इस पर जीनत अमान ने प्रतिक्रिया दी है। वहीं, कई फैंस ने भी जीनत के लुक को कातिल बताया है। इंस्टाग्राम को शनिवार को अमित अग्रवाल ने जीनत अमान के साथ ली गई कई तस्वीरें शेयर की हैं। यह उनके दिल्ली स्थित स्टोर के उद्घाटन के कार्यक्रम की तस्वीरें हैं। जीनत अमान ने इस अवसर पर ब्लैक ड्रेस पहन रखी हैं। वहीं, अमित अग्रवाल भी काले कपड़े पहने नजर आ रहे हैं। दोनों की फोटोज सोशल मीडिया पर वायरल हो गई है। कई लोगों को जीनत अमान का अंदाज पसंद आ रहा है। तस्वीरें शेयर करते हुए अमित अग्रवाल ने लिखा कि इटरनिटी की भावनाएं होती है। यह बात ब्रांड पर भी लागू होती है। तो भी अब कोई बड़ी बात नहीं है कि हम बतौर ब्रांड जीनत अमान की ओर खींचे चले गए। एक ऐसी महिला जिसने समय को मात दी है, जिसे देखकर भविष्य, भूत और वर्तमान के कैमरे का लेंस ब्लर हो जाता है। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए जीनत अमान ने लिखा है कि आपके खूबसूरत नए स्टोर पर बुलाने के लिए आभार। आपको ढेरों शुभकामनाएं। इस पर कई लोगों ने प्रतिक्रिया दी है। एक फैन ने लिखा है कि जीनत अमान बहुत खूबसूरत है और विनम्र भी है। एक ने लिखा है कि आप रानी हो। एक ने लिखा कि ओल्ड इज गोल्ड, हॉलीवुड सुपरस्टार। जीनत अमान हाल के दिनों में सोशल मीडिया पर काफी सक्रिय हुई हैं। हाल ही में उन्हें ऊर्फी जावेद के साथ बातचीत करते हुए देखा गया। दोनों का वीडियो इंस्टाग्राम पर वायरल हो गया था। जीनत अमान ने सत्यम शिवम सुंदरम, हरे रामा हरे कृष्णा, कुबार्नी, डॉन और यादों की बारात जैसी फिल्मों में अहम भूमिका निभाई हैं।

# 7 सितंबर को प्रदर्शित होगी शाहरुख मूवी जवान




बालीवुड अभिनेता शाहरुख खान की आने वाली फिल्म जवान आखिरकार तमाम अफवाहों और दावों के बावजूद 2 जून 2023 को प्रदर्शित हो रही है। अब यह फिल्म आगामी सितम्बर माह में 7 तारीख को सिनेमाघरों में प्रदर्शित होगी। जवान की प्रदर्शन तिथि में बदलाव से फिल्म उद्योग में उथल-पुथल मच गई है। इसके चलते कई फिल्मों के प्रदर्शन तिथि में बदलाव होगा। शाहरुख खान और फिल्म की प्रोड्यूसर गौरी खान ने सोशल मीडिया पर वीडियो शेयर कर ये जानकारी दी। एटली इस फिल्म के निर्देशक हैं। यह फिल्म हिंदी, तमिल और तेलुगू में प्रदर्शित होगी। जवान में शाहरुख खान के साथ विजय सेतुपति और नयनतारा भी नजर आएंगे। फिल्म में विजय विलेन की भूमिका निभा रहे हैं। विजय सेतुपति ने अपने एक साक्षात्कार में बताया था कि वो शाहरुख खान से नयनतारा और विग्नेश शिवन की शादी में मिले थे।

# मेरा जीवन अब पहले जैसा नहीं रहेगा!

### -द केरल स्टोरी के निर्माता अग्निहोत्री ने दी बुरी खबर




**मुंबई (ईएमएस)।** ट्विटर पर फिल्म निमार्ता फिल्मकार विवेक अग्निहोत्री ने द केरल स्टोरी की टीम को बुरी खबर के बारे में बताते हुए एक नोट पोस्ट किया। पोस्ट में उन्होंने कहा कि उनका जीवन पहले जैसा नहीं रहेगा, क्योंकि उन्हें कुछ लोगों की नफरतों का सामना करना पड़ेगा। सिनेमा एंड इंडिक रेनिएसेंसः द केरल स्टोरी। मैं महान फिल्म निमाताओं और सिनेमा समीक्षकों को सुनते हुए बड़ा हुआ हूं कि कला का एकमात्र उद्देश्य लोगों को उनकी अपनी मान्यताओं और पूर्वाग्रहों पर सवाल उठाने के लिए उकसाना है। मैं यह सुनकर भी बड़ा हुआ हूं कि सिनेमा समाज की सच्चाई को दशार्ता है। मुझे पता चला है कि आधुनिक समय में, सिनेमा में वह करने की शक्ति है जो मीडिया और राजनीति नहीं कर सकती। यह असहज वास्तविकता पेश कर सकता है, इतिहास को सही कर सकता है, संस्कृति युद्ध लड़ सकता है और व्यापक हित के लिए एक राष्ट्र की सॉफ्ट पावर भी बन सकता है। भारत में इस तरह का सिनेमा बनाना आसान नहीं है। मैंने इसे ए ट्रैफिक जैम, द ताशकंद फाइल्स और द कश्मीर फाइल्स के साथ आजमाया। मुझ पर शारीरिक, पेशेवर, सामाजिक और मनोवैज्ञानिक रूप से हमला किया गया। उन्होंने कहा कि भारत की सबसे बड़ी उपलब्धि का जश्न मनाने वाली सकारात्मक फिल्म उनकी आने वाली फिल्म द वैक्सीन वॉर पर लगातार हमले हो रहे हैं। फिल्म निमार्ता ने कहा, ज्यादातर उन्हीं लोगों द्वारा जिन्होंने मुझे उपरोक्त सब सिखाया। जब यह रिलीज होगी, इस साल के अंत में, मैं गारंटी दे सकता हूं कि वे इस पर एक नए तरीके के साथ हमला करेंगे क्योंकि वे नहीं चाहते कि भारत सफल हो। क्योंकि वे नहीं चाहते कि सच सामने आए समर्थन देते हुए उन्होंने कहाः प्रिय विपुल शाह और सुदीप्तो सेन, अदा शर्मा और द केरल स्टोरी की टीम, सबसे पहले मैं आपको बहादुर प्रयास के लिए बधाई देता हूं। साथ ही, मैं आपको बुरी खबर भी देता हूं कि यहां से आगे, तुम्हारा जीवन पहले जैसा नहीं रहेगा। तुम्हें नफरतों का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने ट्वीट किया, आपका दम घुटने लगेगा। कई बार आप भ्रमित और नाराज भी हो सकते हैं। लेकिन याद रखें, भगवान उनकी परीक्षा लेता है जिन पर वह चेंज एजेंट बनने की जिम्मेदारी डाल सकता है। अगर सिनेमा आपके धर्म के मार्ग का पालन करने का एक माध्यम है, तो कभी रुकें नहीं। भारतीय कहानीकारों के समुदाय को बढ़ने दें।

नए, युवा प्रतिभाशाली, भारतीय कहानीकारों की मदद करें। इस भारतीय पुर्नजागरण को एक नए भारत का मार्गदर्शक प्रकाश बनने दें। और जब भी आप महसूस करें कोई भी आपको समझ नहीं रहा है, गुरुदेव की पंक्तियों को याद रखेंः एकला चलो रे। द केरल स्टोरी को सुदीप्तो सेन ने लिखा और निर्देशित किया है और इसमें अदा शर्मा, योगिता बिहानी, सिद्धि इडनानी और सोनिया बलानी ने अभिनय किया है।

# अदाकारा अमायरा दस्तूर ने 16 साल की उम्र में मॉडलिंग से बालीवुड में रखा कदम

### - बॉलीवुड इंडस्ट्री में जानी-मानी अमायरा मना रही हैं 30वां जन्मदिन



**मुंबई (ईएमएस)।** बॉलीवुड अदाकारा अमायरा दस्तूर आज सोमवार को अपना 30वां जन्मदिन मना रही हैं। आज भले ही बॉलीवुड इंडस्ट्री में जाना-माना नाम है, लेकिन उन्होंने यहां तक पहुंचने के लिए काफी मेहनत की है और महज 16 साल की उम्र में ही उन्होंने काम करना शुरू कर दिया था। एक्ट्रेस ने मॉडलिंग से अपने करियर की शुरूआत की थी। 7 मई 1993 को मुंबई में जन्मी अमायरा ने धीरूभाई इंटरनेशनल स्कूल में पढ़ाई की है। इसके बाद अपने एक्टर बनने का ख्वाब पालने लगीं। स्कूलिंग पूरी करने के बाद अमायरा ने मॉडलिंग की दुनिया में कदम रखा। साथ में कॉलेज में भी एडमिशन ले लिया। अपने करियर की शुरूआत में अमायरा ने मॉडलिंग के कई शो किए और बाद में अमायरा ने अपने करियर की दिशा एक्टिंग की तरफ मोड़ दी। कई एड्स में नाम कमाने के बाद साल 2013 में अमायरा ने इश्क फिल्म से अपने करियर की शुरूआत की थी। ये फिल्म 26 जुलाई 2013 को रिलीज हुई थी। अमायरा के साथ इस फिल्म में प्रतीक बब्बर नजर आए थे। हालांकि इश्क फिल्म कोई खास कमाल नहीं कर पाई और अमायरा का डेब्यू बिगड़ गया। हालांकि एक्ट्रेस ने हार नहीं मानी और जी-जान से मेहनत करती रहीं। साल 2017 में अमायरा ने जैकी चेन के साथ फिल्म कुंग फू योगा भी की थी। अमायरा का ये पहला इंटरनेशनल प्रोजेक्ट था। अमायरा बॉलीवुड में 25 से ज्यादा फिल्मों में काम कर चुकी हैं। एक्ट्रेस ने बॉलीवुड के साथ साउथ सिनेमा में भी कई फिल्मों में काम किया है। अमायरा ने हिंदी के साथ तमिल तेलुगू और दूसरी रीजनल भाषाओं की फिल्मों में भी अपनी एक्टिंग का जलवा बिखेरा है। एक्ट्रेस अब जल्द ही बघीरा फिल्म में नजर आने वाली हैं। ये फिल्म इसी साल रिलीज होने जा रही है। अमायरा लगातार एक्टिंग की दुनिया में सक्रिय हैं और अब तक 25 फिल्मों में काम कर चुकी हैं और लगातार लोगों का अपनी एक्टिंग से लोगों का दिल जीत रही हैं।

# फिर भड़क उठीं फैशनिस्टा उर्फी जावेद

उर्फी सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं और अपने फैंस के साथ अपने लाइफ अपडेट शेयर करती रहती हैं। इस बार भी उर्फी ने सोशल मीडिया पर एक खुलासा किया है। उर्फी जावेद ने बताया है कि उन्हें एक अवार्ड फंक्शन में बुलाने के बाद आने से मना कर दिया गया। दरअसल, बीती रात मुंबई में जीईए-2023 अवार्ड फंक्शन का आयोजन किया गया था, जहां बी-टाउन और छोटे पर्दे के स्टार्स ने शिरकत की। उर्फी को भी इस अवार्ड के लिए इनविटेशन आया था, लेकिन लास्ट मोमेंट पर उन्हें आने से मना कर दिया गया। उर्फी ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक पोस्ट शेयर कर इस बात का खुलासा किया है। उन्होंने लिखा कि इस इवेंट की मजेदार बात है कि वे मेरी टीम तक पहुंचे, मुझे इनवाइट किया, मैंने इनविटेशन एक्सेप्ट किया, सारे प्लान कैंसल किए, अपना आउटफिट अरेंज किया, आखिरी टाइम पर उन्होंने मेरी टीम से कहा कि अब मैं इनवाइटेड नहीं हूं। जब हमने वजह पूछी तो उन्होंने कहा कि मैं माधुरी दीक्षित की गेस्ट लिस्ट में नहीं हूं कितना अजीब कारण है।



# जेनिफर लोपेज जल्द द मदर में आएंगी नजर

हॉलीवुड की जानी-मानी एक्ट्रेसेस में से जेनिफर लोपेज एक हैं, जो किसी न किसी वजह को लेकर अक्सर सुर्खियों में रहती हैं। एक्ट्रेस जल्द ही फिल्म द मदर में नजर आएंगी, जिसका इन दिनों वह जमकर प्रमोशन कर रही हैं। बीते गुरूवार जेनिफर स्टनिंग लुक में अपनी फिल्म का प्रमोशन करती नजर आईं, जिसकी तस्वीरें अब इंटरनेट पर वायरल हो रही हैं। लुक की बात करें तो इस दौरान जेनिफर का ब्लैक लुक देखने को मिला। ब्लैक वन पीस ड्रेस के साथ एक्ट्रेस सिल्वर कलर की हील पेयर किए नजर आईं। हाथ में उन्होंने ड्रेस से मैचिंग हैंड पर्स कैरी किया है। अपने लुक से सबको इम्प्रेस करते हुए एक्ट्रेस कैमरे के सामने जबरदस्त पोज दे रही हैं।

53 साल की जेनिफर लोपेज सोशल मीडिया की दुनिया पर भी काफी एक्टिव रहती हैं और फैंस के साथ अक्सर अपनी बोल्ड तस्वीरें शेयर करती रहती हैं।

# अब दर्शक 16 जून को 'आदिपुरुष' का बड़े पर्दे पर फिल्म का लुत्फ उठा सकेंगे



बहुप्रतीक्षित हिंदी फिल्म आदिपुरुष का ट्रेलर मंगलवार को रिलीज कर दिया गया और फिल्म 16 जून को बड़े पर्दे पर रिलीज होगी। हैदराबाद में फिल्म के ट्रेलर की विशेष स्क्रीनिंग की गई। ट्रेलर लॉन्च के मौके पर फिल्म के प्रत्येक कलाकार कहानी और किरदार के अनुरूप पारंपरिक परिधान पहने हुए थे। इस बार एक्ट्रेस कृति सेनन ने सिर्फ अपने लुक से ही दर्शकों का ध्यान नहीं खींचा, बल्कि कृति ने अपनी एक्टिंग से भी सबका दिल जीत लिया। फिल्म आदिपुरुष के ट्रेलर लॉन्च का वीडियो इस वक्त सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। ट्रेलर की स्क्रीनिंग एक सिनेमा हॉल में आयोजित की गई थी। यह स्थान प्रशंसकों, मीडिया और फिल्म के अन्य सहयोगियों से भरा हुआ था। इसलिए कृति सेनन के पास पूरे थिएटर में सीट नहीं थी, लेकिन वह बिना कुछ सोचे सीधे नीचे पर बैठ गईं। इसके बाद वहां मौजूद लोगों ने उनसे कुर्सी पर बैठने का अनुरोध किया, लेकिन उन्होंने फर्श पर बैठना पसंद किया और सबका दिल जीत लिया। कृति का ये वीडियो वायरल हो रहा है और लोग उनकी जमकर तारीफ कर रहे हैं। कृति सेनन ने आदिपुरुष के ट्रेलर लॉन्च के लिए एक विशेष लुक दिया। इस फिल्म में कृति ने सीता का किरदार निभाया है। इसके मुताबिक कृति ने येलो और रेड लेस वाली व्हाइट साड़ी पहनी थी। पीले रंग के ब्लाउज के साथ उन्होंने बेहद ट्रेडिशनल लुक कैरी किया था। फिल्म आदिपुरुष की कहानी रामायण पर आधारित है और इसमें अभिनेता प्रभास प्रभु श्री राम की भूमिका निभा रहे हैं। कृति सेनन सीता की भूमिका में, सैफ अली खान रावण की भूमिका में और अभिनेता देवदत्त नाग हनुमान का किरदार निभा रहे हैं।

## सूडोकू नवताल- 6427

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 1 | | | 6 | |
| | | | | | 5 | | | |
| 2 | | 3 | 9 | | | 8 | | |
| 6 | | | | | | | 5 | |
| | | | 8 | | 3 | | | |
| | 1 | | | | | | | 4 |
| | | 7 | | | 1 | 3 | | 9 |
| | | | 2 | | | | | |
| | 5 | | | 6 | | | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकू नवताल -6426 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 6 | 8 | 2 | 1 | 9 | 3 | 4 | 5 |
| 2 | 1 | 5 | 6 | 3 | 4 | 8 | 7 | 9 |
| 3 | 4 | 9 | 5 | 7 | 8 | 6 | 1 | 2 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 6 | 1 | 9 | 2 | 3 |
| 9 | 2 | 1 | 3 | 4 | 5 | 7 | 8 | 6 |
| 8 | 3 | 6 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 | 4 |
| 1 | 5 | 3 | 4 | 8 | 5 | 2 | 9 | 7 |
| 4 | 9 | 7 | 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 8 |
| 6 | 8 | 2 | 9 | 5 | 7 | 4 | 3 | 1 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## शब्दजाल - 7174

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प्र | अ | मे | क | ए | का | धि | का | र | प | गो |
| न | का | क | म | इं | डो | ने | ग | ति | मा | ला |
| अ | दा | र | ला | मा | ग | अं | द | ह | प | का |
| जी | ग | ल | का | जा | न | स | ध | ह | लि | र |
| त | अ | अ | र | न | न | मे | ह | का | न | दे |
| अ | ना | का | र | व | प | का | त | ह | र | बां |
| ग | मा | ल | मा | व | अ | ला | र | मा | न | ग |
| र | न | भा | र | न | प | स | रा | ल | वि | ला |
| क | न | बा | अ | लं | का | र | ह | न | जू | दे |
| र | का | ति | मा | न | सिं | ब्रा | रु | का | प | श |
| बां | र | ल | प | रु | स | स | त्ता | प | र | र |

*शब्द जाल में ऐसे 10 शब्द ढूंढिए जिनके पीछे 'कार' लगा हो. शब्द उपर से नीचे एवं तिरछे भी हैं.*

प्रकार, गोलाकार, अनाकार, जानकार, एकाधिकार, नकार, अंधकार, अलंकार, असहकार, कमलाकार

### शब्दजाल - 7173 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | मु | न | सी | ब | आ | ज | ग | ल | व | रा |
| वि | ली | प्रे | क | न्या | स | द | ज | कां | ड़ | चु |
| मे | ष | बा | दी | छ | मि | आ | ब | वृ | क | इं |
| नौ | ब | न | बा | वा | स | थु | ल | ष | क | डि |
| आ | मी | ल | म | चा | न | क्रो | न | भ | च | या |
| ल | न | र | रा | क | ली | ती | ण | घ | र | द |
| सिं | हिं | ग | ट्रे | न | र | स | बा | व | स | क |
| ह | ऊ | ई | द | ब | क | फ | चो | श | क | रा |
| म | तु | ला | रा | म | स | या | औ | र | आ | क |
| गॉ | ल | प | लि | जी | कुं | भ | म | प | द | क |
| ड | क | र्क | या | क | र्त | व्य | ब | त | म | श |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## अष्टयोग - 6127

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 7 | 6 | | 5 | |
| | 34 | 2 | 31 | | 28 | |
| 4 | 5 | | | 1 | | 2 |
| | 30 | 3 | 29 | 5 | 39 | |
| | 3 | | 4 | 6 | 7 | |
| 5 | 28 | 5 | 36 | | 38 | |
| 3 | 5 | | | | | 1 |

*प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है.खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं.गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों और के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी.सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.*

### अष्टयोग 6126 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 6 | 1 | 4 | 2 | 7 | 3 |
| 7 | 32 | 5 | 31 | 3 | 30 | 1 |
| 4 | 1 | 3 | 6 | 7 | 5 | 2 |
| 3 | 22 | 2 | 40 | 6 | 39 | 7 |
| 2 | 3 | 4 | 7 | 5 | 1 | 6 |
| 1 | 34 | 6 | 37 | 4 | 28 | 5 |
| 6 | 5 | 7 | 3 | 1 | 2 | 4 |

Jagrutidaur.com, Bangalore



# मार्शल आर्ट में भी जुकरबर्ग का दबदबा, पहले ही टूर्नामेंट में जीते 2 मेडल

**नई दिल्ली ।**
बिजनेस जगत के माहिर खिलाड़ी मार्क जुकरबर्ग एथलीट भी बेहतर हैं। उन्होंने हाल में ही मार्शल आर्ट खेल में हिस्सा भी लिया था और इसमें जीत भी हासिल की। उन्होंने 6 मई को सिलिकन वैली में हुए ब्राजीलियन जिजित्सु प्रतियोगिता में हिस्सा लिया और 2 मेडल भी जीते। उन्होंने कोविड महामारी के दौरान ब्राजिलियन मार्शल आर्ट्स को सीखने की ललक जताई थी। बीते साल अगस्त में जो रोगन के साथ एक इंटरव्यू में उन्होंने कहा था कि मार्शल आर्ट्स के जरिये उन्हें अपनी एनर्जी बूस्ट करने में काफी मदद मिलती है। जुकरबर्ग ने भले ही अभी जुजुत्सू के खेल में कदम रखा हो, लेकिन बहुत कम समय में ही वह इसके माहिर खिलाड़ी बन चुके हैं। 14 मई को जुकरबर्ग 39 साल के पूरे हो जाएंगे, लेकिन युवाओं के इस खेल में भी उनकी चपलता अभी देखते बनती है। कैलिफोर्निया के रेडवुड सिटी में 6 मई को आयोजित प्रतियोगिता में मार्क ने एक गोल्ड और एक सिल्वर मेडल भी जीता। उन्होंने एक प्रतियोगिता तो जीआई (यूनिफॉर्म के साथ) में हिस्सा लिया और दूसरा नो-जीआई (बिना यूनिफॉर्म) में हिस्सा लिया था। प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के बाद जुकरबर्ग ने सोशल मीडिया पर भी धन्यवाद दिया है। उन्होंने फेसबुक पेज पर लिखा- मेरे पहले जियु जिजित्सु टूर्नामेंट में गुरिल्ला जियु जिजित्सु टीम के लिए कुछ मेडल जीता। इसके लिए डेव कैमरिलो, खाई वू और जेम्स टेरी का बहुत-बहुत धन्यवाद कि उन्होंने मुझे ट्रेनिंग दी। गौरतलब है कि फेसबुक, इंस्टाग्राम और वाट्सऐप जैसी कंपनियों के मालिक माक जकरबर्ग के लिए बीता साल जितना चुनौती भरा रहा था, 2023 उतना ही बुलंद दिख रहा है। ऐसा लग रहा है कि जैसे ग्रीक पौराणिक कथाओं में फीनिक्स पक्षी राख में मिलकर फिर ऊंची उड़ान भरता है, उसी तरह जकरबर्ग भी जहां पंजा रखते हैं, कामयाबी हाथ चूमने आ जाती है। इस साल उनके मेटा ग्रुप ने इस साल 39 अरब डॉलर का ग्रोथ हासिल किया है। बिजनेस की दुनिया के माहिर खिलाड़ी बन चुके मार्क ने इस बीच खेल में भी हाथ आजमाया और यहां भी उनके हाथ 'सोना' लगा। दरअसल, बीते साल उनकी चुनौतियों का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि मार्क के समूह को 71 अरब डॉलर का नुकसान हुआ था। इस नुकसान की वजह से उनका नाम भी दुनिया के टॉप 10 अरबपतियों की लिस्ट से बाहर हो गया था। लेकिन, समय लौटा और एक बार फिर अमीरों की मार्क टॉप 10 सूची के मुहाने पर आ खड़े हुए हैं। 8 मई को उनकी कुल संपत्ति बढ़कर 89.5 अरब डॉलर (7.24 लाख करोड़ रुपये) पहुंच चुकी है।

## न्यूज ब्रीफ

### मास्को में चमकीं बेटियां, वुशु में 10 स्वर्ण, चार रजत सहित 17 पदक दिलाए



**नई दिल्ली ।** मास्को वुशु स्टार्स चैंपियनशिप के पदक विजेताओं को भारतीय खेल प्राधिकरण में उप-महानिदेशक एकता विश्नोई और शिव शर्मा ने सम्मानित किया। भारतीय महिला खिलाड़ियों ने रूस में हुई प्रतियोगिता में कुल 17 पदक जीते। ये सभी लड़कियां भारत में आयोजित खेलो इंडिया महिला लीग में प्रतिभागी थीं। मास्को में सांडा (फाइट) और ताओलू में लड़कियों ने जूनियर बालिका, सब-जूनियर बालिका और सीनियर बालिका वर्ग में 10 स्वर्ण, 4 रजत और 3 कांस्य पदक जीते। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मास्को में हुई प्रतियोगिता में पदक जीतने वाले वुशू खिलाड़ियों को बधाई दी। केंद्रीय खेल मंत्री, अनुराग ठाकुर ने पहले ट्वीट कर एथलीटों को बधाई दी थी। एथलीटों के लिए बधाई संदेश के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्वीट को रीट्वीट किया गया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि हमारे एथलीटों को पदक जीतने की बहुत बधाई। यह देखना गर्व की बात है कि हमारी लड़कियां हमें गौरवान्वित कर रही हैं और राष्ट खेलो इंडिया महिला लीग का फायदा उठा रहा है। यह गर्व की बात है कि देश को खेलो इंडिया लीग का फायदा मिल रहा है और इसमें खेलने वाले खिलाड़ी अब मास्को वुशू चैंपियनशिप के 17 पदकों के साथ पोडियम पर हैं। भारतीय बालिकाओं ने मजबूत चीन और इंडोनेशिया जैसे देशों की मौजूदगी के बीच यह शानदार प्रदर्शन किया। इन खिलाड़ियों के मास्को प्रतियोगिता में खेलने का सारा खर्च सरकार ने वहन किया है। अर्जुन अवॉर्डी खिलाड़ी और मौजूदा कोच पूजा कादियान ने कहा कि पहले खिलाड़ियों को भाग लेने के लिए डेढ़ लाख व्यक्तिगत रूप से देने होते थे लेकिन इस बार खिलाड़ियों को कोई पैसा नहीं देना पड़ा क्योंकि सरकार ने दौरे को प्रायोजित किया था।

### अभी एक सत्र और खेलेंगे धोनी : रैना

**नई दिल्ली ।** चेन्नई सुपरकिंग्स के कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी के इस सत्र के बाद आईपीएल से संन्यास लेने की अटकलों के बीच ही पूर्व क्रिकेटर सुरेश रैना ने कहा है कि धोनी इस सत्र के बाद भी खेलेंगे। रैना धोनी के काफी करीब माने जाते हैं। उन्होंने कहा कि धोनी ने मुंबई इंडियंस को छह विकेट से हराने के बाद उनसे कहा था कि वह इस बार ट्रॉफी जीतने के बाद एक और साल खेलना चाहते हैं। उन्होंने कहा, वो तो बोल रहे हैं कि मैं ट्रॉफी जीत कर एक साल और खेलूंगा।



जियोसिनेमा पर रैना ने कहा, आप देख सकते हैं कि बहुत सारे खिलाड़ी उससे बहुत कुछ सीख रहे हैं पर यह उनका फैसला रहेगा कि वह कैसा महसूस करते हैं और उनका शरीर कैसा चल रहा है, उसके आधार पर ही वह अपने भविष्य को लेकर फैसला करेंगे। उनके साथ समय बिताने के आधार पर मुझे लगता है कि उन्हें एक और साल खेलना चाहिए। साथ ही कहा कि धोनी के खेल को अलविदा कहने के बाद सलामी बल्लेबाज ऋतुराज गायकवाड़ को सीएसके की कप्तानी मिल सकती है। उन्होंने कहा कि ऋतुराज ने इस साल एक खिलाड़ी के रूप में काफी सुधार किया है। वह आईपीएल 2021 में 635 रनों के साथ ही सबसे अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी बनकर उभरे हैं। इस सत्र में इस बल्लेबाज ने गायकवाड़ ने दस पारियों में 42.67 की औसत से 384 रन बनाए हैं।

### केएल राहुल की सर्जरी सफलः सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दी जानकारी, कहा- जल्दी वापसी करूंगा

**नई दिल्ली ।** भारत के ओपनर केएल राहुल की दाहिनी जांघ की सफल सर्जरी हो चुकी है। इसकी जानकारी राहुल ने सोशल मीडिया पर दी। राहुल 7 से 11 जून के बीच इंग्लैंड में खेले वाले वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के सदस्य थे। चोट की वजह से वह डब्लूटीसी फाइनल से बाहर हो गए। उनकी जगह पर ईशान किशन को टीम में शामिल किया गया। राहुल ने इंस्टाग्राम पर अपने पोस्ट में लिखा- मेरी अभी-अभी सर्जरी हुई है। जो सफल रही। मैं इसके लिए डॉक्टरों और अन्य सपोर्ट स्टाफ को धन्यवाद देता हूं। मैं धीरे-धीरे रिकवरी कर रहा हूं। मैं जल्दी ठीक होकर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए ग्राउंड पर वापसी करूंगा। 1 मई को केएल राहुल लखनऊ के इकाना स्टेडियम में बेंगलुरु के खिलाफ खेले गए मैच में फील्डिंग के दौरान चोटिल हो गए थे। आरसीबी की पारी के दूसरे ओवर में फाफ डु प्लेसिस का शॉट रोकने के प्रयास में राहुल के पैर में चोट लगी थी। तब वे मैदान से बाहर चले गए थे। आखिर में राहुल चोट के बावजूद बैटिंग करने उतरे थे, लेकिन उन्हें रन दौड़ने में परेशानी का सामना करना पड़ा था। डब्लूटीसी फाइनल के प्लेइंग-11 में अगर ईशान किशन को मौका मिलता है तो यह उनका पहला ही इंटरनेशनल टेस्ट मैच होगा। इससे पहले उन्होंने कभी टेस्ट नहीं खेला, हालांकि वे 48 फर्स्ट क्लास मैच खेल चुके हैं।



एशिया कप यूएई में शिफ्ट करने को तैयार पाकिस्तान

# एसीसी नहीं माना तो टूर्नामेंट से हट सकता है, फिर अपने देश में दूसरी सीरीज कराएगा

**दुबई ।**
पाकिस्तान ने एशिया क्रिकेट काउंसिल को एशिया कप के लिए नया प्रपोजल भेजा है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड चीफ नजम सेठी ने कहा कि अगर एसीसी मेंबर्स भारत के मैच दूसरे देशों में कराने पर राजी नहीं हैं तो हम अपनी मेजबानी में यूएई में टूर्नामेंट करा सकते हैं। नजम सेठी 8 मई को दुबई में एसीसी मेंबर्स से मिले थे। यहां उनका हाईब्रिड मॉडल टूर्नामेंट का प्रपोजल ठुकरा दिया गया और एशिया कप पाकिस्तान में नहीं कराने का फैसला लिया गया। श्रीलंका को टूर्नामेंट की मेजबानी सौंपी जा सकती है पर अभी इस पर एसीसी चीफ जय शाह का आधिकारिक फैसला आना बाकी है।

मीडिया रिपोर्ट्स में पीसीबी सूत्रों के हवाले से कहा गया है कि सेठी अगले दिन यानी 9 मई को भी मेंबर्स से मिले। नया प्रपोजल सौंपा और यह भी संकेत दिए कि अगर नया प्रपोजल नहीं माना गया तो पाकिस्तान टूर्नामेंट से हट सकता है। 2 से 17 सितंबर के बीच भारत, पाकिस्तान, श्रीलंका, बांग्लादेश, अफगानिस्तान और नेपाल एशिया कप में खेलेंगे।




#### एशिया कप का विवाद

**भारत ने पाकिस्तान में मैच खेलने से इनकार कर दिया** - आईसीसी ने 2023 में होने वाले एशिया कप की मेजबानी पाकिस्तान को दी। बीसीसीआई ने कैलेंडर जारी होते ही यह साफ कर दिया था कि भारतीय टीम खेलने के लिए पाकिस्तान नहीं जाएगी। दोनों देशों के बीच मतभेदों के चलते बीसीसीआई ने एशिया कप किसी न्यूट्रल वेन्यू पर कराने को कहा था। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड नहीं माना, क्योंकि अपनी बिगड़ी हुई आर्थिक स्थिति सुधारने के लिए उसे एशिया कप से ही उम्मीद है।

**पाकिस्तान ने एसीसी को हाईब्रिड मॉडल का प्रपोजल दिया** - 8 मई को एसीसी के मेंबर्स दुबई में इकट्ठा हुए। यहां पीसीबी चीफ नजम सेठी ने एशिया कप का हाईब्रिड मॉडल प्रपोजल सामने रखा। इसके मुताबिक, भारत के मैच यूएई और पाकिस्तान के मैच पाकिस्तान में ही कराए जाने का प्रस्ताव था।

**एसीसी ने पाकिस्तान के हाईब्रिड मॉडल प्रपोजल को ठुकरा दिया** - एसीसी ने हाईब्रिड मॉडल का प्रपोजल ठुकरा दिया, क्योंकि वह कभी भी इस मॉडल के पक्ष में नहीं रहा है। बजट और टीमों को होने वाली दिक्कतों के चलते इस मॉडल को एसीसी स्वीकार नहीं करता है। सूत्रों के मुताबिक, एसीसी ने कहा कि अगर पाकिस्तान और भारत एक ही ग्रुप में हैं। इस ग्रुप की तीसरी टीम को भी पाकिस्तान और यूएई के बीच ट्रैवल करना होगा। ब्रॉडकास्टर्स भी 2 देशों में अलग-अलग यूनिट नहीं भेजना चाहते हैं।

**श्रीलंका के एशिया कप की मेजबानी के प्रपोजल से पाकिस्तान हैरान** - सूत्रों के मुताबिक, पीसीबी चीफ सेठी इस बात पर हैरान हैं कि श्रीलंका ने बीसीसीआई का साथ दिया और मेजबानी की पेशकश की। फरवरी में हुई एसीसी की पिछली बैठक में बांग्लादेश, पाकिस्तान और अफगानिस्तान ने श्रीलंका में कराए जाने का प्रस्ताव खारिज कर दिया था। पिछली बैठक में यह सहमति थी कि पाकिस्तान मेजबान बना रहेगा।

पाकिस्तान ने पूछा- गर्मी में यूएई में आईपीएल हो सकता है तो एशिया कप क्यों नहीं

पीसीबी सूत्रों ने बताया कि सेठी ने एसीसी के सामने बीसीसीआई की परेशानी को लेकर भी बात की। बीसीसीआई ने कहा था कि सितंबर में यूएई का मौसम खेल के लिहाज से बेहद गर्म रहेगा। नजम सेठी ने कहा कि बीसीसीआई ने 2020 में सितंबर से नवंबर तक यूएई में ही आईपीएल के मैच कराए थे।

**आगे क्याः श्रीलंका को मेजबानी संभव और पाकिस्तान टूर्नामेंट से हट सकता है** - एसीसी सूत्रों के मुताबिक, सदस्य देश श्रीलंका में एशिया कप कराए जाने के पक्ष में हैं। इस पर एसीसी का आधिकारिक बयान आना अभी बाकी है। पीसीबी सूत्रों ने बताया कि नजम सेठी ने एसीसी की मीटिंग में जाने से पहले ही अपने बोर्ड के मेंबर्स से बातचीत की थी। उन्होंने कहा था कि अगर एशिया कप पाकिस्तान में नहीं होता है तो उसी दौरान पीसीबी 3-4 देशों का टूर्नामेंट कराने की तैयारी शुरू कर दे।

**वर्ल्ड कप में न खेलने की धमकी दे रहा है पीसीबी** - पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड वर्ल्ड कप में नहीं खेलने की धमकी भी दे रहा है। वनडे वर्ल्ड कप इस साल अक्टूबर में भारत में होना है। पीसीबी भी धमकी देता रहा है कि अगर भारत एशिया कप खेलने नहीं आता है, तो वह भी भारत में खेलने नहीं जाएगा। साथ ही, पाकिस्तान ने वर्ल्ड कप में अपने मैच भारत से बाहर कराने का भी अनुरोध आईसीसी से किया है।

# भारत में होने वाले एकदिवसीय विश्वकप में खेलना चाहते हैं बोल्ट

**जयपुर ।**
**आजकल आईपीएल के 16 वें सत्र में राजस्थान रॉयल्स की ओर से खेल रहे न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट ने कहा है कि वह इस साल अक्टूबर-नवंबर में भारत में होने वाले एकदिवसीय विश्वकप में खेलना चाहते हैं। बोल्ट ने टी20 लीग खेलने के लिए न्यूजीलैंड क्रिकेट के साथ सालाना अनुबंध नहीं किया है पर वह इस साल के अंत में भारत में होने वाले एकदिवसीय विश्व कप में खेलना चाहते हैं। इससे पहले बोल्ट ने कहा था कि वह अपने परिवार के साथ अधिक समय बिताने और दुनिया भर में फ्रेंचाइजी क्रिकेट खेलने के लिए न्यूजीलैंड क्रिकेट का अनुबंध नहीं चाहते हैं।**



बोल्ट गत वर्ष हुए टी20 विश्व कप के बाद से ही टीम से बाहर हैं क्योंकि चयनकर्ताओं ने अनुबंधित खिलाड़ियों को ही टीम में जगह दी है। वहीं अब बोल्ट ने कहा,'' मेरी अब भी पूरी इच्छा है कि मैं न्यूजीलैंड की तरफ से इस आईसीसी टूर्नामेंट में खेलूं। मैं भाग्यशाली रहा कि मुझे न्यूजीलैंड की तरफ से 13 साल तक खेलने का मौका मिला। न्यूजीलैंड की टीम साल 2019 में विश्व कप फाइनल में पहुंचकर हार गयी थी पर इस तेज गेंदबाज के अनुसार उनकी टीम भारत में अक्टूबर-नवंबर में विजेता बन सकती है

उन्होंने कहा,'' मुझे याद है कि 2019 के फाइनल के बाद मैंने कप्तान केन विलियमसन से कहा था कि हमें भारत में 2023 में फिर से यहां पर पहुंचना है। यह दुखद है कि उसका घुटना चोटिल हो गया है पर वह विश्वकप तक फिट होने के लिए अपनी तरफ से पूरे प्रयास करेगा। विश्वकप इतना शानदार टूर्नामेंट है और मैं इसमें निश्चित तौर पर भाग लेना चाहता हूं। गौरतलब है कि विलियमसन आईपीएल के शुरू में चोटिल हो गए थे और उनका विश्वकप में खेलना संदिग्ध है।

# पीएसजी से विवाद के बाद सऊदी लीग में खेलेंगे मेसी! सैकड़ों करोड़ का मिला ऑफर, डील लगभग पूरी

**नई दिल्ली ।**
अर्जेंटीना के स्टार फुटबॉल खिलाड़ी लियोनेल मेसी अगले सत्र में सऊदी अरब में खेलते दिखेंगे। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार मेसी ने सऊदी लीग में खेलने वाले एक क्लब के साथ करार किया है। यह करार लगभग हो चुका है, लेकिन कुछ छोटी-छोटी चीजों पर चर्चा होना बाकी है। मेसी को इस लीग में खेलने के लिए मोटी रकम मिलेगी। हालांकि, इससे पहले भी कई रिपोर्ट में कहा जा चुका है कि मेसी सऊदी लीग के क्लब अल हिलाल के लिए खेल सकते हैं, लेकिन अब तक इस बारे में कोई आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है।



ताजा मीडिया रिपोर्ट में दावा किया गया है कि मेसी का करार हो चुका है और वह अगले सत्र में सऊदी अरब में खेलेंगे। यह करार बहुत बड़ा है। कुछ चीजों पर अंतिम फैसला होना बाकी है और करार को अंतिम रूप दिया जा रहा है। पेरिस सेंट जर्मन के साथ मेसी का अनुबंध 30 जून तक ही रहेगा। रिपोर्ट में यह भी कहा गया कि अगर पीएसजी के साथ मेसी का करार आगे बढ़ता तो अब तक यह हो जाना था, लेकिन ऐसा नहीं हुआ है।

#### पीएसी से निलंबित हुए थे मेसी

लोरिएंट के खिलाफ मैच में 30 अप्रैल को पीएसजी की टीम 1-3 के अंतर से हार गई थी। इसके बाद सभी खिलाड़ियों के लिए ट्रेनिंग करना जरूरी था। हालांकि, टीम के जीतने पर खिलाड़ियों को दो दिन की छुट्टी मिलती। छुट्टी नहीं होने के बावजूद मेसी अपने साथ सऊदी अरब घूमने चले गए थे। इसके बाद पीएसजी ने उन्हें दो सप्ताह के लिए निलंबित कर दिया था। बाद में मेसी ने वीडियो जारी कर इस घटना के लिए माफी मांगी और वह क्लब के साथ जुड़कर ट्रेनिंग कर रहे हैं।

#### सऊदी लीग में खेल रहे हैं रोनाल्डो

मेसी से पहले रोनाल्डो सऊदी लीग में खेल रहे हैं। वह इसी साल जनवरी के महीने में सऊदी लीग के क्लब अल नस्र के साथ जुड़े हैं। रोनाल्डो जून 2025 तक इसी क्लब में रहेंगे। इसके लिए उन्होंने कुल 400 मिलियन यूरो से अधिक का करार किया है। इस सौदे के बाद वह फोर्ब्स के अनुसार दुनिया के सबसे अधिक सैलरी वाले एथलीट बन गए हैं।

# महिला जूनियर एशिया कप के लिए भारतीय हॉकी टीम घोषित , प्रीति भारतीय टीम की कप्तानी करेंगी

**नई दिल्ली ।**
हॉकी इंडिया ने अगले माह दो जून से जापान के काकामिगाहारा में शुरू होने वाले महिला जूनियर एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट के लिए प्रीति की कप्तानी में 18 सदस्यीय भारतीय टीम की घोषणा कर दी है। इस टूर्नामेंट में भारतीय टीम को कोरिया, मलेशिया, चीनी ताइपे और उज्बेकिस्तान के साथ पूल ए में रखा गया है, जबकि पूल बी में मेजबान जापान, चीन, कजाकिस्तान, हांगकांग और इंडोनेशिया शामिल हैं। जूनियर एशिया कप अहम टूर्नामेंट है क्योंकि इसमें शीर्ष पर रहने वाली तीन टीम इस साल होने वाले एफआईएच जूनियर महिला हॉकी विश्व कप के लिए क्वालीफाई करेंगी। इसमें प्रीति भारतीय टीम की कमान रहेंगी जबकि दीपिका को इसके लिए उपकप्तान बनाया गया है।



#### 11 जून को होंगे फाइनल

मुख्य कोच यानिक शोपमैन ने कहा, ''जूनियर एशिया कप के लिए 18 खिलाड़ियों का चयन करना आसान नहीं था पर मेरा मानना है कि हमने सर्वश्रेष्ठ टीम का चयन किया। भारत में प्रतिभा की कमी नहीं है और यह इन युवा खिलाड़ियों के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपना कौशल दिखाने का शानदार अवसर है।'' भारतीय टीम तीन जून को उज्बेकिस्तान के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी और इसके बाद मलेशिया, कोरिया और चीनी ताइपे के खिलाफ मैच खेलेगी। इसके सेमीफाइनल 10 जून को और फाइनल 11 जून को होंगे।

#### जूनियर एशिया कप के लिए भारतीय टीम इस प्रकार है

**गोलकीपर:** माधुरी किंडो, अदिति माहेश्वरी
**डिफेंडर:** महिमा टेटे, प्रीति (कप्तान), नीलम, रोपनी कुमारी, अंजली बरवा
**मिडफील्डर:** रुताजा दादासो पिसल, मंजू चोरसिया, ज्योति छत्री, वैष्णवी विठ्ठल फाल्के, सुजाता कुजूर, मनश्री नरेंद्र शेडगे
**फॉरवर्ड:** मुमताज खान , दीपिका (उपकप्तान), दीपिका सोरेंग, अन्नू, सुनलिता टोप्पो।

विश्व चैंपियनशिप-एशियाई खेलों में एक होगी पहलवानों की टीम

# अगले महीने होगा ट्रायल, बजरंग-विनेश-साक्षी भी खेल सकेंगे; बृजभूषण ने अलग-अलग करवाने की बनाई थी नीति

**पानीपत ।**
भारतीय ओलंपिक संघ की तदर्थ समिति ने इस साल सितंबर में होने वाले एशियाई खेलों और विश्व चैंपियनशिप में एक ही टीम उतारने का मन बना लिया है। दोनों ही आयोजनों के लिए अगले माह एक ही ट्रायल आयोजित किया जाएगा।

ट्रायल के विजेताओं को ओलिंपिक क्वालिफाइड विश्व चैंपियनशिप और एशियाई खेलों में खेलने का मौका मिलेगा। हालांकि यह ट्रायल में जीतने वाले पहलवान पर होगा कि वह दोनों आयोजनों में खेलना चाहता है या नहीं। विजेता अगर दोनों में नहीं खेलना चाहता है तो ट्रायल के उपविजेता को दूसरे आयोजन में खेलने का मौका मिलेगा।



#### जनवरी में लिया था अलग टीम भेजने का फैसला

भाजपा सांसद और कुश्ती संघ के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह और उनके खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोप लगाने वाले धरने पर बैठे पहलवानों के बीच शुरुआती झगड़े की एक वजह यह मुद्दा भी था। कुश्ती संघ ने धरने से पहले जनवरी में ही यह घोषणा कर दी थी कि विश्व चैंपियनशिप और एशियाई खेलों में अलग-अलग टीमें उतारी जाएंगी। कुछ पहलवानों ने इसका विरोध किया था। कुश्ती संघ ने यह भी कहा था कि ट्रायल में खेलने के लिए राष्ट्रीय चैंपियनशिप में खेलना जरूरी है। इस पर भी विरोध था।

#### बजरंग, विनेश भी खेल सकेंगे ट्रायल

कार्यकारिणी के सदस्य और तदर्थ समिति के सदस्य भूपेंदर सिंह बाजवा की अगुवाई में कुश्ती गतिविधियों को शुरू कराने के लिए रोजाना बैठकें हो रही हैं। समिति आने वाले टूर्नामेंट में टीम के चयन को चयन नीति तैयार करने में जुटी है। समिति चाहती है कि बृजभूषण की अगुवाई वाले कुश्ती संघ में जिस तरह चयन नीति पर विरोध के सुर उठे थे। ऐसा यहां नहीं हो। यही कारण है कि समिति सभी राज्य संघों को एशियाई खेल और विश्व चैंपियनशिप के ट्रायल में अपने पहलवान उतारने की अनुमति देना चाहता है। साथ ही टॉप्स में शामिल पहलवानों को भी ट्रायल में उतारना चाहती है। ऐसे में धरने पर बैठे बजरंग, विनेश, साक्षी मलिक के ट्रायल में उतरने का रास्ता साफ हो जाएगा। अब ट्रायल खेलना या नहीं खेलना ये उन पर निर्भर करेगा। विश्व चैंपियनशिप का आयोजन 16 से 24 सितंबर तक बेलग्रेड (सर्बिया) में है, जबकि एशियाई खेल 23 सितंबर से 8 अक्तूबर तक होने हैं। 4 से 7 अक्टूबर तक एशियाई खेलों में कुश्ती का आयोजन होगा। दोनों की तिथियां बेहद नजदीक होने की वजह से कुश्ती संघ ने दोनों टीमें उतारने का फैसला लिया था। वहीं तदर्थ समिति विवादों में नहीं पड़ना चाहती है। समिति ने कुश्ती संघ की ओर से पुणे में निर्धारित अंडर-15 और अंडर-20 राष्ट्रीय चैंपियनशिप को भी स्थगित कर दिया। इनकी तिथियां बाद में घोषित होंगी।

### मुक्केबाज दीपक और निशांत क्वार्टर फाइनल में, दोनों ने एकतरफा अंदाज में जीते मैच

**ताशकंद ।** दीपक भोरिया (51 भारवर्ग) निशांत देव (71 भारवर्ग) ने शानदार जीत के साथ यहां चल रही विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। दीपक ने चीन के झांग जियामाओ को जजों के सर्वसम्मत निर्णय से 5-0 से हराया। निशांत को भी फलस्तीन के फोखा निदाल के खिलाफ ज्यादा पसीना नहीं बहाना पड़ा और पहले ही दौर में रेफरी ने मुकाबले में उनके दबदबे को देखते हुए दो मिनट के अंदर ही मैच रोककर उन्हें विजेता घोषित कर दिया। निशांत ने निदाल पर कई प्रहार किए और एक दमदार राइट हुक लगाया जिससे प्रतिद्वंद्वी गिर पड़ा। दीपक ओलंपिक में शामिल 51 भारवर्ग में खेल रहे हैं। उनका चीनी मुक्केबाज के खिलाफ पहला दौर काफी कड़ा रहा। हालांकि 25 साल के भारतीय मुक्केबाज ने 3-2 से बढ़त बना ली। दूसरे राउंड में दीपक ने काफी चपलता दिखाई। आक्रमण के साथ रक्षण का भी अच्छा नजारा पेश किया। एक दिन पहले दीपक ने टोक्यो ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता और 2021 के विश्व चैंपियन कजाखस्तान के साकेन को हराया था।



# बिना वजह क्यों होता है मोबाइल के वाइब्रेशन का अहसास

मोबाइल फोन आजकल एक आवश्यक आवश्यकता बन चुका है। हर शख्स अपने आप को मोबाइल फोन के साथ कंफर्टेबल और सुरक्षित महसूस करता है। पर ऐसे में कुछ अजीबो गरीब बीमारियां भी पनप रही हैं जिनका रिश्ता सिर्फ मोबाइल फोन से ही है। ऐसी ही एक बीमारी के बारे में हम यहां जिक्र कर रहे हैं।

## बिना बजे ही लगता है फोन कर रहा है वाइब्रेट

हाल ही में सामने आए एक अध्ययन में एक बीमारी का पता चला है। इस बीमारी में आपका फोन वाइब्रेट नहीं होगा, लेकिन बार-बार आपको ऐसा एहसास होगा कि आपका फोन या आसपास कोई दूसरा फोन वाइब्रेट हो रहा है। शेधकर्ताओं का कहना है कि मोबाइल फोन का इस्तेमाल करने वाले लगभग नब्बे प्रतिशत लोगों को अक्सर कपड़ों में सरसराहट या मांसपेशियों में ऐंठन होने से बार-बार ऐसा लगता है जैसे उनका या उनके आसपास का कोई मोबाइल वाइब्रेट हो रहा हो। वास्तविकता में ऐसा कुछ नहीं होता चेक करने के बाद ये अहसास होता है कि ये उनकी गलतफहमी थी। इस डिसीज को नाम दिया गया है फैंटम वाइब्रेशन सिंड्रोम। हालाकि इस अध्ययन में यह भी पता चला है कि ज्यादातर लोग जिनमें यह लक्षण पाया गया है, उन्हें इस बीमारी से कोई खास फर्क नहीं पड़ता है।

## ऐसा ही होता है पैरीडोलिया में भी

इसी तरह का अहसास होने पर इस बीमारी को पैरीडोलिया नाम भी दिया गया है। पैरीडोलिया में भी आपका दिमाग ऐसी चीजों के बारे में सोच लेता है जो दरअसल होती ही नहीं हैं। जैसे बिना मतलब वाइब्रेशन को महसूस करना, ऐसा विशेष रूप से तब होता है जब हम फोन को वाइब्रेशन पर लगा देते हैं और अचानक हमारा फोन किसी ना किसी वजह से वाइब्रेट करता है। इसके बाद जब हमारा दिमाग किसी एक्टिविटी में बिजी होता है और आपके अवचेतन में ये बात होती है कि फोन फिर वाइब्रेट होगा और उसी वजह से बिना किसी वजह के आपको लगता है कि फोन वाइब्रेट हो रहा है। ये कोई हैल्यूसिनेशन नहीं है बल्कि यह आपके दिमाग का फोन के प्रति बिना अहसास के ज्यादा सचेत हो जाना है।



# गर्मी दूर भगाने के लिए इस तरह करें शीतली प्राणायाम

जैसा नाम वैसा काम। ये कहावत शीतली प्राणायम के लिए एकदम सटीक बैठती है। शीतली प्राणायाम से गर्मी के मौसम में राहत पाई जा सकती है। शीतली प्राणायाम प्राणायाम ना केवल शीतलता प्रदान करता है बल्कि मन की शांति भी देता है। शरीर को ठंडक पहुंचाने के कारण इसे कूलिंग ब्रीथ कहा जाता है। इस प्राणायाम को सभी योगासन को करने के बाद सबसे अंत में किया जाना चाहिए क्योंकि ऐसा करने से सभी योगासनों को करने की थकान दूर होकर पूरे शरीर में ठंडक का एहसास होता हैं। इस प्राणायाम से सम्पूर्ण शरीर यंत्र को ठंडक प्राप्त होती है और कान एवं नेत्र को शक्ति मिलती है।

शीतली प्राणायाम करने से पहले स्नान कर लेना चाहिए। आसन और प्राणायाम के बाद स्नान करना चाहें तो कम से कम आधे घंटे का अंतराल रखें ताकि इस दौरान रक्त का संचार सामान्य हो जाए। यह प्राणायाम हर मौसम में हर जगह आसानी से किया जा सकता है। प्राणायाम का अभ्यास होने के बाद गर्मी के मौसम में इसकी अवधि आवश्यकता अनुसार बढ़ा सकते हैं।

शीतली प्राणायाम की खास बात ये है इसमें आप किसी एक प्रकार की अवस्था में बैठने के लिए बाध्य नहीं होते। दोनों हाथों की अंगुलियों को ज्ञान मुद्रा में दोनों घुटनो पर रखें, आंखें बन्द करें। उसके बाद अपनी जीभ को नली के समान बना लें अर्थात गोल बना लें और मुंह से लम्बी गहरी श्वास आवाज के साथ भरें।

फिर इस नली के माध्यम से ही धीरे-धीरे मुंह से सांस लें। इसके बाद जीभ अंदर करके सांस को धीरे-धीरे नाक के द्वारा बाहर निकालें। हवा नलीनुमा इस ट्यूब से गुजरकर मुंह, तालु और कंठ को ठंडक प्रदान करेगी। याद रहें कि श्वास बाहर निकालने का समय श्वास लेने के समय से ज्यादा हो। यानी जीभ के सहारे श्वास को धीरे-धीरे अंदर लेना भी है और स्वास छोड़ते वक्त श्वास और धीरे से छोड़ना है।

प्राणायाम के समय सांस लयबद्ध और गहरी होना चाहिए। शीतकारी प्राणायाम में मुंह बंद कर दंत पंक्तियों को मिलाकर मुंह से श्वास लेते हैं और नाक से ही श्वास छोड़ते हैं। प्रदूषित जगह में इस प्राणायाम का अभ्यास न करें। कम से कम 10 चक्रों का अभ्यास करें। अभ्यस्त होने पर 5 से 10 मिनट तक अभ्यास करें।

इसके अभ्यास से मानसिक उत्तेजना एवं उदासीनता दोनों दूर हो जाती हैं। मस्तिष्क के स्नायु, नाड़ी संस्थान तथा मन शांत हो जाता है। यह प्राणायाम अनिद्रा, उच्च रक्तचाप, हृदयरोग और अल्सर में रामबाण का काम करता है। चिड़चिड़ापन, बात-बात में क्रोध आना, तनाव तथा गर्म स्वभाव के व्यक्तियों के लिए यह विशेष लाभप्रद है।

जो लोग खाते रहने की आदत से परेशान हैं उन्हें ये प्राणायाम जरूर करना चाहिए क्योंकि ये गैर जरूरी भूख कम करता है। ये प्राणायाम ब्लडप्रेशर कम करता है। एसीडिटी और पेट के अल्सर तक में आराम मिलता है।

प्राणायाम के अभ्यास के बाद शवासन में कुछ देर विश्राम करें। जहां तक संभव हो सूर्योदय या सूर्यास्त के समय ही यह प्रणायाम करें।

# कलाई में दर्द होने पर ऐसे पाएं छुटकारा

**घर** हो या ऑफिस सारा दिन काम करते-करते हमारे हाथों में थकान महसूस होने लगती है,पर इस दर्द का असर सिर्फ हाथों पर ही नहीं ब्लकि हमारी कलाइयों पर भी पड़ता है। कलाइयों में होने वाले दर्द से कई बार पूरी बाजू काम करना बंद कर देती है।अगर दर्द ज्यादा हो तो डॉक्टर की सलाह जरूर लेनी चाहिए। कुछ घरेलु उपायों को अपनाकर आप कलाइयों के दर्द को कम कर सकते है।

- अगर कलाइयों में दर्द हो रहा हो तो किसी अच्छे तेल से मालिश करने से दर्द से राहत पाई जा सकती है। पुदीने के तेल में ऑलिव ऑयल मिलाकर इस तेल से मालिश करने से दर्द से छुटकारा पाया जा सकता है।
- कलाइयों में दर्द होने पर आलू को उबालकर उसको अच्छी तरह मैश करके कलाई पर बांधने से दर्द से राहत पाई जा सकती है।



- बैंड का इस्तेमाल करके भी आप कलाइयों के दर्द से राहत पा सकते है।बैंड को बांधकर रखने से कलाइयों को आराम मिलता है ।
- बर्फ के टुकड़े से सेंक करने से कलाइयों के दर्द और सूजन से छुटकारा पाया जा सकता है।
- हमेशा कलाइयों को थोड़ी ऊंचाई पर रख कर सोना चाहिए। अपनी बाजुओं को तकिए पर रखकर हल्का खींचे और दर्द की स्थिति में हाथों का अधिक इस्तेमाल नहीं करना चाहिए।
- पानी ज्यादा पीने से शरीर में मौजूद विषैले तत्त्व बाहर निकल जाते है, दर्द से भी छुटकारा पाया जा सकता है।

आज की इस भाग दौड़ और प्रदूषण से भरी जिंदगी मे हर महिला ऐसी होगी जो सुन्दर दिखना चाहेगी, और वो भी बिना पार्लर गए और बिना समय गवाए। इस सर्द मौसम मे अगर आप अपने चेहरे के अनचाहे बालो से छुटकारा चाहती है तो कुछ घरेलू नुस्खे जरूर आजमाकर देखे।

# चेहरे के अनचाहे बालों से कैसे पाएं निजात

### मसूर का दाल

मसूर की दाल रातभर पानी मे भिगो के रखे फिर उसे सुबह थोड़ा दरदरा पीस ले और चेहरे पर 10 मिनिट लगा कर पूरी तरेह सूखने से पहले हाथो से मलकर निकाल दे, इससे आपको अनचाहे बालो से छुटकारा मिलेगा, अगर आपकी त्वचा रूखी हो तो उसमे आप मलाई या ग्लिसरीन मिला के भी लगा सकती है।

### नारियल

गुनगुने नारियल के तेल मे थोड़ी सी हल्दी मिलाकर चेहरे पर मले आपको अनचाहे बालो से निजात मिलेगी और आपका चेहरा चमक उठेगा।

### बेसन हल्दी

बेसन मे थोड़ी हल्दी ओर दूध मिलाकर लगाने से आपको अपने चेहरे के अनचाहे बालो को छुपाने के लिए आपको कभी पार्लर जाकर ब्लीच करने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

### पपीते

हल्दी और कच्चे पपीते को पीसकर पेस्ट बनाकर 15 मिनिट लगाके उसे हल्के हाथ से मलके पानी से धो ले, यह बालो को समाप्त करने के लिए अच्छा उपाय है। चेहरे पर बदलाव देखने के लिए सप्ताह मे एक बार जरूर लगाए।

### नमक पानी

पानी मे नमक डालकर कॉटन मे भिगो के इसे चेहरे पर मसाज करे, ऐसा आप प्रतिदिन लगाएंगे तो बाल चेहरे से हट जाएंगे।

### शहद, दलिया

एक चम्मच शहद, दलिया और नींबू को मिला ले, फिर उसे चेहरे पर लगाके कमसेकम 15 मिनिट लगाए, फिर सूखने के बाद गुनगुने पानी से धो ले। अगर आप यह चीज सप्ताह मे 2-3 बार करेंगें तो अच्छा परिणाम मिलेगा।



### अंडे

1 अंडे की सफेदी ले, चीनी का 1 चम्मच, मकई का आटा 1 चम्मच डाले, फिर उसको मिलाके चेहरे पर 15 मिनिट रेहने दे। इसके बाद ठन्डे पानी से धो लें, आपके चेहरे पैर ताजगी रहेगी और साथ ही चमक भी।

### तुलसी

तुलसी के 8-10 पत्तियां और प्याज का पेस्ट बना के चेहरे पर लगाए, कमसेकम 10 मिनट रख के पानी से धो ले। अच्छे परिणाम के लिए इसे सप्ताह मे 2 से 3 बार लगाएं। तो ये थे आपकी सुंदरता बढ़ाने के लिए प्रकृति के खजाने से चुराए हुए कुछ खास नुस्खे सिर्फ आपके लिए, इसे इस्तमाल करने के बाद हर किसी की नजर आप पर ही होगी।

# इससे से बना जाता है बुद्धिमान

**अखरोटः** जैसे यह दिखता है बस वैसे ही दिमाग होता है। इस में विटामिन ओमेगा 3ह्य भरपूर होता है, साथ में विटामिन श्व होता है। यह फल दिमाग के लिए सबसे बेहतरीन है।

**ब्रॉकोलीः** यह हरी फुल गोभी है। इस में विटामिन च होता है, जो दिमाग को अच्छा पोषण देते है। संज्ञानात्मक समारोह में वृद्धि करता है और दिमाग की शक्ति भी बढाता है।

**कद्दू के बीजः** आप जब भी कद्दू की सब्जी बनाते होंगे तो बिज कचरे में डाल देते होंगे। किंतु यह एक मुट्ठी बिज अगर आप नियमित खाते है तो दिमाग को जिंक का पोषण मिलेगा। इससे दिमाग तेज और तंदरुस्त होगा।

**मछलीः** कुछ मछलियां होती है जिन में ओमेगा3 का प्रमाण अच्छा खासा होता है। जो सीधे तरीके से शरीर में घुलता है और दिमाग को पोषण देता है। स्वस्थ दिमाग के लिए टमाटर, ब्रोकली, गाय का दूध, अखरोट जरूरी होते है, ये खाने से बना जाता है बुद्धिमान! खान पान बदल रहा है। लोग अधिकतर रेडी मेड फूड को अपना रहे है। इन खानों में वो पदार्थ होते है जो आपके दिमाग को तेज नहीं मंद करने में कारगर होते है। इस लिए ताजा फल, हरी सब्जी खाने से बेहद फायदा होगा। अगर दिमाग तंदरुस्त रहेगा तो ही आप का शारीर ठीक चलेगा और दिमाग सही वक्त पर बेहतर निर्णय लेगा, स्वस्थ शारीर में ही स्वस्थ दिमाग का निवास होता है।

# कैंसर से बचने के लिए फायदेमंद है लहसुन



**रसोई घरों में प्रयोग किया जाने वाला लहसुन गुणों की खान है। इसमें जुकाम, फ्लू, रक्तचाप, कैंसर से बचाव के गुण पाए जाते हैं। यह बहुत-सी बीमारियों को दूर करने में मदद करता है और यह एक गुणकारी दवा भी है।कोलेस्ट्रॉल और डायबिटीज में लहसुन को खाना बहुत फायदेमंद माना जाता है। आयुर्वेद में लहसुन को चमत्कारी दवा माना जाता है। अधिकतर चिकित्सक डाइट में लहसुन के सेवन को फायदेमंद बताते हैं। आइए, अब हम आपको लहसुन के फायदे बताते हैं।**

**दिल के लिए लाभदायकः** लहसुन शरीर में बैड कोलेस्ट्रोल को कम करके गुड कोलेस्ट्रोल के स्तर को बढ़ाने का काम करता है। हाई ब्लडप्रैशर को दूर करने में भी यह अत्यंत लाभदायक है। उच्च रक्तचाप को कंट्रोल में रखने के लिए भी यह बहुत फायदेमंद सिद्ध हुआ है। इसकी मौजूदगी के कारण एलिसिन नामक तत्व हाई बीपी को सामान्य रखते हैं।

**रक्त संचार को ठीक रखने में:** गाढ़े खून को पतला करने में लहसुन बहुत उपयोगी दवा है। यह गाढ़े खून को पतला करके शरीर में रक्त प्रवाह ठीक ढंग से बनाए रखता है। जिससे आप सामान्य बीमारियों से बचे रहते हैं।

**कैंसर से लड़ाई लड़ने मेंः** लहसुन का एक गुण यह भी है कि यह कैंसर जैसे गंभीर रोग से लड़ने में भी का सहायता करता है। कैंसर एक बहुत ही भयानक रोग है। यदि कैंसर के रोगी लहसुन का सेवन करे तो वह कैंसर से बच सकते हैं। डॉक?टर पैनिक्रयाज, कोलोक्टोरल, ब्रेस्ट और प्रोस्टेट कैंसर में लहसुन खाने की सलाह देते हैं।

**ठंड से बचाव करने मेंः** लहसुन की तासीर गर्म होती है, इसलिए इसका अधिकतर प्रयोग सर्दियों में किया जाता है। क्योंकि ठंड के दिनों में लहसुन के सेवन से सर्दी नहीं लगती। ठंड के दिनों में गाजर, अदरक और लहसुन का जूस बनाकर पीने से शरीर को एंटीबायोटिक्स मिलते हैं। जिससे ठंड कम महसूस होती है।

**दांत दर्द से राहतः** इसका इस्तेमाल दांत दर्द से राहत देता है। लहसुन को लौंग के साथ पीसकर लगाने से दर्द कम होता जाता है।

मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश शर्मा द्वारा अजय त्यागी के लिए पी.जी. इंडिया लिमिटेड एमआईई, कालापहाड़, गुवाहाटी-16 से मुद्रित एवं **गुड लक पब्लिकेशंस, हाउस नं. 30, डी. नेउग पथ, डोना प्लैनेट के नजदीक, एबीसी, जीएस रोड गुवाहाटी-5 से प्रकाशित।**
**संपादक : राकेश शर्मा,** मोबाइल : 94350-14771, 97070-14771 ● **कार्यकारी संपादक : डॉ. आसमां बेगम ● फोन : 0361-2960054 ( संपादकीय )** e-mail : viksitbharatsamacharghy@gmail.com, **( सभी विवाद सिर्फ गुवाहाटी न्याय क्षेत्र के अधीन )**